राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 162
लखनऊ, गुरुवार 12 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





22 फरवरी को आफीसर क्लब में लगेगा मेगा कैंप 10

एमएसएमई, खादी और वस्त्रोद्योग को नई गति देगा बजट : सचान 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,59,750/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,46,450/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 1,19,850/10 ग्राम |
| चांदी | = | 2,90,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा गोलीबारी पर मोदी ने जताया दुख



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कनाडा में हुई गोली-बारी पर गहरा दुख जताया। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और इस घटना को गहन शोक का क्षण बताते हुए कनाडा के लोगों के साथ भारत की एकजुटता दोहरायी। एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा, कनाडा में हुई भीषण गोली-बारी से गहरा सदमा लगा है। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। इस गहरे दुख की घड़ी में भारत कनाडा के लोगों के साथ खड़ा है। खबरों के मुताबिक, बुधवार को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के एक स्कूल में हुई गोली-बारी में शूटर सहित दस लोगों की मौत हो गयी और कम से कम 25 लोग घायल हो गये। घटना के और विवरण भी सामने आ रहे हैं, लेकिन इस गोली-बारी ने पूरे कनाडा को झकझोर दिया है।

### अमूल कंपनी का तीस हजार किलो एक्सपायरी माल जब्त

**जयपुर।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने खो नागोरियान में मैसर्स एथलीट डिस्ट्रीब्यूटर पर कार्रवाई की। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि 181 पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर फूड सेफ्टी टीम को भेजा गया था। उक्त सी एंड एफ गोदाम में मैसर्स कायरा डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन, गुजरात द्वारा उत्पादित अमूल ब्रांड के अनेक नॉन डेयरी फूड प्रोडक्ट नूडल्स, केच अप, म्योनीज, एनर्जी ड्रिंक आदि के लगभग 3000 कार्टन एक्सपायरी मिले जिनमें से 1000 कार्टन में दिनांक मिटा दी थी। मौके पर फर्म का मालिक गगन आहूजा इन पैकेटों से थिनर,एसीटोन आदि केमिकल से डेट मिटाकर नई डेट प्रिंट करके बेचने की तैयारी में था। फर्म का फूड लाइसेंस भी एक्सपायर हो चुका था। गगन आहूजा ने बताया कि कंपनी ने एक्सपायर माल लेने से मना कर दिया तो यू ट्यूब पर डेट बदल कर माल बेचने का तरीका सीखा। टीम ने मौके पर एक्सपायर माल को सीज कर दिया है जिसे नगर निगम के डंपिंग यार्ड में नष्ट करवाया जाएगा।

### मोहाली में 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**मोहाली।** मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नयी दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है। जैसे ही धमकी भरी मेल मिली तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद स्कूलों में तत्काल छुट्टी कर दी गई। तुरंत बम स्क्वॉड की टीमें लेकर पुलिस फोर्स स्कूलों में पहुंच गई। स्कूल के आसपास का पूरा इलाका सील कर दिया गया।

### हाईकोर्ट की महिला वकील का घर में मिला अधजला शव

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के कदम कुआं इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब पटना हाई कोर्ट की एक वरिष्ठ महिला अधिवक्ता का अधजला शव उनके ही आवास से बरामद हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे घर को घेरकर जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसके बाद पुलिस हर एंगल से जांच में जुट गई है। मृतका वकील की पहचान इंदिरा लक्ष्मी के रूप में हुई है, जिनकी उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है।

# यूपी : नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ का बजट पेश

- बच्चों के लिए बड़े ऐलान : 2,374 करोड़ से बांटे जाएंगे टैबलेट-स्मार्ट फोन, छात्राओं को स्कूटी के लिए 400 करोड़
- दस लाख नौकरी संभावित, लड़कियों की शादी में अब एक लाख
- योगी सरकार की युवाओं को साधने की कोशिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में 09 लाख 12 हजार करोड़ 696 करोड़ 35 लाख रुपये का बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। इस बजट में पूंजीगत परिव्यय 19.5 प्रतिशत है। शिक्षा तथा चिकित्सा के लिए आवंटन कुल बजट का क्रमशः 12.4 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत है। कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए आवंटन कुल बजट का नौ फीसदी है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि इस बजट में 43 हजार 565 करोड़ 33 लाख रुपये की नई योजनाएं सम्मिलित की गयी हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटा की सीमा तीन फीसदी रखी गयी है जो 2030-31 तक लागू रहेगी। वर्ष 2016 के मुकाबले डकैती, लूट, हत्या, बलवा और फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में क्रमशः 89 फीसदी, 85 प्रतिशत, 47 फीसदी, 70 फीसदी और 62 फीसदी की कमी आई है।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा के लिए 14 हजार 997 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए 37 हजार 956 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। यह पिछले साल की तुलना में 15 फीसदी अधिक है। आयुष सेवाओं के लिए लगभग दो हजार 867 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की योजनाओं के लिए 27 हजार 103 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यह पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी अधिक है।

बजट में एमएसएमई सेक्टर की योजनाओं के लिए तीन हजार 822 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। यह पिछले साल से 19 फीसदी अधिक है। हतकरघा एवं वस्त्रोद्योग की योजनाओं के लिए लगभग पांच हजार 41 करोड़ की व्यवस्था की गयी है। यह पिछले साल की तुलना में पांच गुना अधिक है। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक की योजनाओं के लिए 2059 करोड रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पिछले साल की तुलना में या 76 प्रतिशत अधिक है। सड़कों एवं सेतु के निर्माण, चौड़ीकरण एवं अनुरक्षण के लिए 34 हजार 468 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण योजनाओं के लिए 18 हजार 290 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। यह वर्ष 2025-26 की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति हेतु लगभग 22 हजार 676 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। बजट में ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं के लिए 65हजार 926 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। यह पिछले साल के मुकाबले आठ फीसदी अधिक है। आवास एवं शहरी नियोजन के लिए सात हजार 705 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।



नगर विकास के लिए लगभग 26हजार 514 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है। एक जनपद एक व्यंजन के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। नागरिक उड्डयन हेतु दो हजार 111 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।पंचायती राज की योजनाओं के लिए लगभग 32 हजार 90 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। यह पिछले साल की तुलना में 67 फीसदी अधिक है। छुट्टा गोवंश के रखरखाव के लिए 2000 करोड़ रुपये तथा वृहद को संरक्षण केदो की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत पुरुष एवं महिला घटक हेतु क्रमशः 195 करोड़ तथा 115 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा के लिए 77 हजार 622 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। माध्यमिक शिक्षा के लिए 22 हजार 167 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पिछले साल से 15 फीसदी अधिक है।

उच्च शिक्षा के लिए लगभग 6591 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्राविधिक शिक्षा के लिए दो हजार 365 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। व्यावसायिक शिक्षा के बजट में पिछले साल के मुकाबले 88 फ़ीसदी की वृद्धि करते हुए लगभग तीन हजार 349 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। महिला एवं बाल विकास की योजनाओं के लिए लगभग 18 हजार 620 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं के लिए तीन हजार 402 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं के लिए दो हजार 058 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

*संबंधित खबर पेज 3 पर*

## बच्चों व युवाओं को लेकर बड़े ऐलान

उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में बच्चों के लिए बड़े एलान किए हैं। विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि यूपी में नई योजनाएं के लिए 750 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। युवाओं को टैबलेट बांटे जाएंगे। सुरेश खन्ना ने बताया कि फ्री टैबलेट और स्मार्ट फोन के लिए 2374 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केंद्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, माध्यमिक शिक्षा के लिए 22167 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। उच्च शिक्षा के लिए 6195 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। छात्राओं को 400 करोड़ से स्कूटी दी जाएंगी।

**युवाओं के लिए यह योजनाएं :-** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 5 वर्षों में 9.25 लाख युवाओं को विभिन्न अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित करते हुए प्रमाणीकृत किया गया। जिनमें से 4.22 लाख युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में सेवायोजित कराया गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केन्द्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। युवाओं को सरकारी नीति निर्माण और क्रियान्वयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। स्वामी विवेकानन्द युवा-सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत अब तक 49 लाख 86 हजार टैबलेट/स्मार्टफोन निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में अब तक 90,000 मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

## सामूहिक विवाह की अनुदान राशि 51 हजार से बढ़ाकर की 1.01 लाख रुपये

योगी सरकार ने बजट 2026-27 में समाज कल्याण को विशेष प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2025-26 के मुकाबले 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 14,953 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बजट में वृद्धावस्था और किसान पेंशन योजना के लिए 8,950 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वर्तमान में 67.50 लाख लाभार्थियों को 1000 रुपये पेंशन प्रतिमाह दी जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत पुत्रियों के विवाह के लिए अनुदान राशि 51 हजार रुपये से बढ़ाकर 1.01 लाख रुपये कर दी गयी है। इस योजना के लिए 750 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। अनुसूचित जाति के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना के लिए 100 करोड़ रुपये तथा सामान्य वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी योजना के लिए 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए 977 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं सामान्य वर्ग पूर्व दशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत 950 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। पी.एम. अजय योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण के लिए 13.09 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

## नई योजनाओं की भरमार

सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन। बायोप्लास्टिक औद्योगिक नीति-2024 वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति। कृषि एवं किसान मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना। महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना। पशुधन बीमा एवं जोखिम प्रबंधन योजना। सहकारी चीनी मिलों का आधुनिकीकरण। शिक्षा एवं कौशल ड्रीम स्किल लैब। नए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय। छात्राओं के लिए प्रत्येक जनपद में छात्रावास। टेक युवा-समर्थ युवा योजना। चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (पीपीपी मोड) ट्रॉमा सेंटर लेवल-2 चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्रावास आईटी व एआई उत्तर प्रदेश एआई मिशन स्टेट डेटा सेंटर, डेटा सेंटर क्लस्टर यू-हब की स्थापना। 'ग्रीन' और 'पिंक' बजट पर फोकस। ग्रीन बजट टैगिंग 23.5 प्रतिशत तक बढ़ाई गई। 242 करोड़ से अधिक पौधारोपण, 1 गीगावाट से अधिक सोलर क्षमता। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण।

## बजट में क्या हुआ सस्ता और क्या हुआ महंगा

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट पेश कर दिया है। साल 2026-27 का कुल बजट का प्रावधान 9.12 लाख करोड़ रुपये का किया गया है, जो कि अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट में आम आमदी के लिए कुछ चीजें सस्ती हुई हैं, तो कुछ चीजों के दामों में बढ़ोतरी होने के संकेत मिले हैं। सरकार ने दवाइयों से लेकर जूते और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर ड्यूटी कम की है, जिससे इनके सस्ते होने की उम्मीद है।

**दवाओं पर छूट :-** सरकार की ओर से शुगर, कैंसर और कुछ दुर्लभ व गंभीर बीमारियों की दवाओं से बेसिक कस्टम ड्यूटी को हटा दिया गया है। इसके तहत 7 दुर्लभ बीमारी की दवाओं और 17 कैंसर ड्रग्स पर लगने वाली ड्यूटी हटाई गई है। साथ ही, विशेष मेडिकल भोजन पर भी राहत प्रदान की गई है। इसका फायदा यूपी के लाखों मरीजों को होगा, क्योंकि अब आयातित दवाइयां सस्ती मिलेंगी।

**जूते और बैटरी सस्ती होने की उम्मीद :-** चमड़ा उद्योग में वेट ब्लू लेदर को ड्यूटी फ्री किया गया है, जिससे जूते सस्ते हो सकते हैं। वहीं, बैटरी और बीड़ी जैसे उत्पादों के दामों में भी कमी आ सकती है।

**इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम और मोबाइल :-** मोबाइल फोन के पुर्जों के साथ-साथ माइक्रोवेव ओवन के पुर्जों से ड्यूटी घटी है, जिससे स्थानीय स्तर पर इनकी असेंबली बढ़ेगी और दामों में कमी आ सकती है। वहीं, ईवी बैट्री और सौर ऊर्जा पैनल से जुड़े सामान भी सस्ते हो सकते हैं।

**विदेश यात्रा और चिकित्सा खर्च सस्ता :-** सरकार की ओर से लाइब्रलाज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत शिक्षा, मेडिकल ट्रीटमेंट, विदेश यात्रा के लिए भुगतान पर होने वाले TCS की दर को घटाकर 2 फीसदी कर दिया गया है। इससे अब विदेशों में जाने वाले छात्रों और मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए जाने वाले मरीजों को राहत मिल सकती है।

**क्या हुआ महंगा :-** शराब व बीयर पर इंडायरेक्ट टैक्स व एक्साइज में बढ़ोतरी के कारण ये महंगे हो सकते हैं। वहीं, कोयला भी इस लिस्ट में शामिल है। शराब पर लगने वाले अ्रष्टर बढ़ने से भी खुदरा कीमतों पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। वहीं, विदेशों से आने वाले लग्जरी आइटम पर लगने वाले आयात शुल्क बढ़ने की वजह से इनकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसके अतिरिक्त, कॉफी मशीन व फर्टिलाइजर इनपुट्स भी महंगे होने की उम्मीद है। वहीं, तंबाकू से बनने वाले उत्पादों पर 60 फीसदी टैक्स बढ़ाया गया है, जिससे इनके दामों में उछाल आएगा।

# गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगीत को लेकर जारी किए नए निर्देश

- राष्ट्रगीत के छहों छंद पहले, फिर 'जन गण मन'

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि जब भी राष्ट्रगीत वंदे मातरम और राष्ट्रगान जन गण मन एक साथ गाए या बजाए जाएं तो बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए राष्ट्रगीत के सभी छह छंद पहले गाए जाएं।

आदेश में मंत्रालय ने पहली बार राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन को लेकर प्रोटोकॉल तय किए हैं जिसके तहत राष्ट्रपति के आगमन, तिरंगा फहराए जाने और राज्यपालों के भाषण जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के सभी छह छंद (कुल अवधि तीन मिनट 10 सेकंड) गाए जाएंगे। यह आदेश 28 जनवरी को जारी किया गया। आदेश में कहा गया, जब भी राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान गाए या बजाए जाएं, तो राष्ट्रगीत पहले गाया या बजाया जाएगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जहां राष्ट्रगीत गाया जाएगा, वहां उपस्थित सभी लोगों को सावधान की मुद्रा में खड़ा होना होगा। इसमें कहा गया, जब भी राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण गाया या बजाया जाए, तो वहां मौजूद सभी लोगों को सावधान मुद्रा में खड़ा होना होगा लेकिन अगर किसी समाचार रील या वृत्तचित्र के दौरान राष्ट्रगीत फिल्म के हिस्से के रूप में बजाया जाए, तो दर्शकों से खड़े होने की अपेक्षा नहीं है क्योंकि इससे फिल्म दिखाने में रुकावट आएगी और सम्मान के बजाय अव्यवस्था एवं भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है।

मंत्रालय ने कहा कि विद्यालयों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से की जानी चाहिए। केंद्र सरकार वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रही है। आदेश के अनुसार, राष्ट्रध्वज फहराने, सांस्कृतिक एवं औपचारिक कार्यक्रमों (परेड को छोड़कर), तथा किसी सरकारी या सार्वजनिक समारोह में राष्ट्रपति के आगमन जैसे अवसरों पर राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण सामूहिक गायन के साथ गाया या बजाया जाएगा। इसमें कहा गया है, ध्वनि की उचित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि अलग-अलग स्थानों पर मौजूद लोग गायन मंडली के साथ एक सुर में गा सकें। जहां जरूरत हो, राष्ट्रगीत के आधिकारिक संस्करण के छपे बोल भी प्रतिभागियों में वितरित किए जा सकते हैं। आदेश में कहा गया, राष्ट्रगीत ऐसे अवसरों पर भी गाया जा सकता है, जो भले ही पूरी तरह औपचारिक समारोह न हों, लेकिन मंत्रियों आदि की मौजूदगी के कारण महत्वपूर्ण हों। ऐसे मौकों पर (वाद्य यंत्रों के साथ या बिना) राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन वांछनीय है। हालांकि, मंत्रालय ने यह भी कहा कि उन सभी अवसरों की पूरी सूची देना संभव नहीं है, जहां राष्ट्रगीत का गायन किया जा सकता है लेकिन यदि मातृभूमि को सम्मान देने और उचित मर्यादा बनाए रखने के साथ राष्ट्रगीत गाया जाता है, तो इस पर कोई आपत्ति नहीं है।

आदेश में विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के गायन को लोकप्रिय बनाने तथा छात्रों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के लिए पर्याप्त प्रावधान करें।

# ईडी ने ब्रिटिश मौलाना शमशुल हुदा के आवास पर मारा छापा

**संतकबीरनगर, समृद्धि न्यूज।** खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मीट मंडी स्थित ब्रिटेन की नागरिकता ले चुके मौलाना शमशुल हुदा के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की है। इसके अलावा आजमगढ़ के मुबारकपुर स्थित अस्थायी आवास पर भी छापा मारा गया है। फिलहाल ईडी की टीम मीट मंडी स्थित आवास के भीतर मौजूद परिजनों से पूछताछ की। आवास के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की तैनाती की गई है। मौलाना शमशुल हुदा ने वर्ष 2013 में भारतीय नागरिकता त्यागकर ब्रिटेन की नागरिकता ली थी। वर्ष 2007 से वह लंदन में रह रहा है। बावजूद इसके उसे आधिकारिक दस्तावेजों में वर्ष 2017 तक आजमगढ़ के एक मदरसे में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत दर्शाया गया। इस दौरान वेतन और पेंशन का लाभ लेने की बात भी सामने आई। जांच में कई प्रकार की अनियमितता उजागर हुई है। मौलाना शमशुल हुदा खान पर यह भी आरोप है कि उसने खलीलाबाद में एक मदरसे का निर्माण कराकर कुलियातुल बनातीर रजबिया एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी और रजा फाउंडेशन नाम से एनजीओ का गठन कर विदेशों से भारी मात्रा में फंड जुटाया। इस मामले में उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और जांच एजेंसियां छानबीन कर रही हैं।



# लैंबॉर्गिनी हादसा : ड्राइवर को लेकर घमासान

- कोर्ट ने मोहन का सरेंडर ठुकराया

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के ग्वालटोली थाना क्षेत्र में हुए लैंबॉर्गिनी लग्जरी कार हादसे में अब ड्राइवर की पहचान को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोपित पक्ष के अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह ने मोहन नामक व्यक्ति को कोर्ट में पेश करते हुए उसे वाहन चालक बताया। लेकिन हादसे के समय वायरल हुए वीडियो में ड्राइवर सीट से शिवम मिश्रा को बाहर निकालते हुए साफ देखा गया था। इस विरोधाभास ने पूरे मामले को और अधिक उलझा दिया है।

मीडिया से बातचीत में मोहन ने दावा किया कि घटना के समय गाड़ी वही चला रहा था। उन्होंने कहा कि वह स्वयं कोर्ट में पेश होकर कानूनी प्रक्रिया का पालन कर रहा है। वहीं उनके वकील धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि ड्राइवर कौन था, यह पुलिस जांच का विषय है और बचाव पक्ष कानून के तहत अपना कर्तव्य निभा रहा है।




दूसरी ओर, पुलिस कमिश्नर पहले ही बयान दे चुके हैं कि प्रारम्भिक जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर हादसे के समय वाहन शिवम मिश्रा चला रहा था। ऐसे में मोहन के सामने आने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। क्या यह किसी को बचाने की कोशिश है या जांच में कोई नया मोड़ आने वाला है, यह अब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

सरकारी पक्ष की ओर से डीजीसी दिलीप मिश्रा ने बुधवार को बताया कि मोहन कोर्ट में आत्मसमर्पण करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस की एफआईआर में ड्राइवर के रूप में उनका नाम दर्ज नहीं है। इस आधार पर अदालत ने उनका सरेंडर स्वीकार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिस व्यक्ति पर आरोप है, यानी शिवम मिश्रा, उसे स्वयं न्यायालय में उपस्थित होना होगा।

फिलहाल पुलिस की आगे की कार्रवाई और आरोपित की संभावित पेशी को लेकर सभी की नजरें इस बहुचर्चित मामले पर टिकी हैं।


# पूर्व सेना प्रमुख की किताब पर संसद में घमासान जारी

**(आर.बी.सिंह)**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की पुस्तक फ़ोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी पर बुधवार को भी संसद में घमासान जारी रहा। पुस्तक को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि या तो पूर्व सेना प्रमुख झूठ बोल रहे हैं या फिर प्रकाशक झूठ बोल रहा।

पुस्तक में ऐसा क्या लिखा है कि जिसके प्रकाशन पर रोक लगाने की आवश्यकता पड़ी,अब तो पूरा देश जानना चाहता है। दरअसल राहुल गांधी को उसकी एक प्रति हाथ लगी है, जिसमें गलवान घाटी झड़प में सैन्य निर्णयों पर सवाल उठाए गए हैं और अग्निपथ योजना से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां दी गई हैं, जिन्हें बिना अधिकारिक मंजूरी के लीक किया गया है। इसमें दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है और किताब पर रोक लगाई गई है, जबकि इसके पूर्व के अधिकारियों की पुस्तकों के प्रकाशन की सरकार की तारीफ की वजह से बेझिझक अनुमति दी गई।

हाल ही में सूचना का अधिकार के माध्यम से सामने आई एक रिपोर्ट के अनुसार रक्षा मंत्रालय ने पिछले 4 साल में सेना के अधिकारियों की 34 पुस्तकों का प्रकाशित करने की अनुमति दी। इन पुस्तकों में लेफ्टिनेंट जनरल एसके हसनैन लेफ्टिनेंट जनरल गैडोक, लेफ्टिनेंट जनरल एसआरआर अयंकर, मेजर जनरल डॉक्टर अशोक कुमार, मेजर जनरल शशिकांत पित्रे, मेजर जनरल आरके शर्मा, मेजर जनरल जीडी बक्शी एवं लेफ्टिनेंट जनरल योगेश कुमार जोशी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की पुस्तकें शामिल हैं। आरटीआई में सामने आया है कि कुल 35 में से केवल श्री नरवाडे की ही पुस्तक को मंजूरी नहीं मिली है।




यह पुस्तक जनरल नरवरे की आत्मकथा (फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी) में कथित तौर पर लद्दाख में चीन के साथ सीमा प्रतिरोध के दौरान के कुछ संवेदनशील विवरणों का जिक्र है। जिससे रक्षा मंत्रालय और भारत सरकार की किरकिरी हो सकती है। जिसके चलते प्रकाशन पर रोक लगा दी गई है, जबकि अनुमति वाली प्रकाशित पुस्तकों में सरकार की तारीफ की गई है। इस बीच पुस्तक के प्रकाशक पेंगुइन रेंडम हाउस इंडिया ने जारी अपने बयान से अवगत कराया है श्री नरवणे की पुस्तक अभी छपी ही नहीं है और न ही इसकी कोई डिजिटल संस्करण ही जारी किया गया है। उसके पास ही एक मात्र इसके प्रकाशन का अधिकार है और अगर किताब की कोई प्रति पूरी अथवा आंशिक रूप में किसी भी रूप में ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी प्लेटफार्म पर उपलब्ध है तो वह घोर अपराध है, वह कॉपीराइट का खुला उल्लंघन है, जिसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। अवैध और अनधिकृत रूप से किए गए प्रसार के खिलाफ वह कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार है। प्रकाशक के आधिकारिक बयान ने जलती आग में पेट्रोल छिड़क दिया है, जिसकी वजह से आज बुधवार को भी संसद में इस पुस्तक पर घमासान जारी रहा।

# भाई ही निकला भाई का हत्यारा, गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

बीते तीन फरवरी को कर्नल गंज में शिवशंकर दुबे पुत्र देवीदयाल दुल्हिनपुरवा, मौजा नरायनपुर माझा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। सूचना पर उच्चाधिकारीगण द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ घटना स्थल कर निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट एवं डॉग स्क्वाड टीम को मौके पर बुलाकर तकनीकी साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करायी गयी।

मृतक के पिता देवीदयाल ने कर्नलगंज में पांच नामजद लोगों के विरूद्ध तहरीर दिया जिस में बयानों में पर्याप्त भिन्नता पायी जाने के साथ-साथ उपलब्ध तथ्य संतोषजनक नहीं पाए गए। घटना की वास्तविक सत्यता ज्ञात करने एवं निष्पक्ष, पारदर्शी व घटना के सफल अनावरण किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज के पर्यवेक्षण तीन पुलिस टीमों को लगाया गया था तथा एसओजी सर्विलांस टीम को भी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें थाना कर्नलगंज एस0ओ0जी की संयुक्त टीम द्वारा घटना की गहनता के जाचोपरांत इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए अमरनाथ दूबे पुत्र देवीदयाल दूबे निवासी नरायनपुर मांझा (दुल्हिनपुरवा) को उस के दुल्हिनपुरवा, मौजा नरायनपुर माझा, गांव के बाहर पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही से भुलावन यादव के खेत की मेड़ के पास से छिपाए गए कुल ?31,500 रुपए बरामद किया गया।



पुलिस के पूछताछ में अमरनाथ दूबे द्वारा बताया गया कि उसने इंटरमीडिएट व स्नातक की शिक्षा इलाहाबाद में रहकर पूर्ण की थी। वर्ष 2023 से 2025 तक वह दिल्ली में रहकर बाजीराम/रवि कोचिंग से यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। इसके बाद अगस्त 2025 से लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहा था। उस ने बताया कि पढ़ाई के दौरान उसे परिवार से अपेक्षित आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा था, जिससे वह लगातार तनाव में रहने लगा था।

परिवार की आय-व्यय का पूरा नियंत्रण उसके बड़े भाई शिवशंकर दुबे के पास था। मन में यह धारणा बन गई थी कि उसका भाई जानबूझकर उसे पैसे नहीं दे रहा है और उसके भविष्य व कैरियर को खराब कर रहा है। इसी बात को लेकर वह अंदर ही अंदर अपने भाई के प्रति द्वेष रखने लगा। जब उसे जानकारी हुई कि उसके माता-पिता 2 जनवरी को एक माह के लिए कल्पवास हेतु प्रयागराज जा रहे हैं, तब उसने मौका देखकर एक जनवरी को लखनऊ से घर आने का निर्णय लिया। घर आने के बाद उससे खेती-बाड़ी व पशुओं की देखभाल का कार्य कराया जाने लगा। उसकी पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही थी और उसे अपना भविष्य अंधकारमय लगने लगा था। उसे पैसों की सख्त आवश्यकता थी तथा उसे यह भी मालूम था कि उसके भाई के पास अक्सर नकदी रहती है। तभी उसने भाई की हत्या कर रुपये लेने की योजना बना ली।

बीते 27 जनवरी को कस्बा कर्नलगंज बस स्टॉप के पास कटरा रोड पर साइकिल से चाकू बेचने वाले व्यक्ति से 60 रुपये में चाकू खरीदा। इसके बाद वह उचित अवसर की तलाश में रहा। बीते 31जनवरी को पड़ोस की भाभी को बैंक ले जाने के दौरान उसने कर्नलगंज कस्बे में रामतेज बिल्डिंग की दुकान पर 20 रुपये देकर उसी चाकू की धार तेज करायी। घटना की रात जब उसे लगा कि उसके भाई के पास अधिक पैसे हैं, तो रात्रि लगभग 11 बजे उसने खेत में पानी लगाने का बहाना बनाया और अपने भाई को साथ लेकर घर से निकला। चाकू को अपनी जैकेट के अंदर छिपाकर ले गया था। रास्ते में सुनसान स्थान पर पहुंचते ही उसने अचानक अपने भाई पर चाकू से कई वार कर दिए। मृतक ने बचने का प्रयास किया और दोनों के बीच हाथापाई हुई, जिससे दोनों हाथों में भी चोटें आईं। लगातार हमले के कारण मृतक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या करने के बाद मृतक की जेब से रुपये निकाले और घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक खेत की मेड़ में मिट्टी से दबाकर छिपा दिए। इसके बाद खून लगा चाकू गेहूं के खेत में फेंक दिया। स्वयं को बचाने व शक से दूर रखने के लिए वह गांव की ओर भागते हुए शोर मचाने लगा।

## बिसुही पुल निर्माण की मांग

▸ लालटेन जला कर जनप्रतिनिधियों को दिखाया जर्जर पुल


**समृद्धि न्यूज़, गोंडा।**



आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा बिसुही पुल निर्माण को लेकर पांचवें दिन भी हस्ताक्षर अभियान जारी रहा लेकिन आज प्रदर्शन का अनोखा तरीका से देखने को मिला छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा पुल के किनारे खड़े होकर लालटेन जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि यहां के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को यह पुल दिखाई नहीं दे रहा है इसीलिए आज इस दोपहर में ही लालटेन जला के इन जनप्रतिनिधियों को व अधिकारियों को पुल दिखाने का प्रयास किया गया है हो सकता है इस लालटेन की रोशनी की वजह से अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस पुल को देख ले कि यह पुल कितना जर्जर वह कितना पुराना है और इससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है क्योंकि यह पुल 114 साल पुराना है और सकरा होने के नाते आए दिन जाम लगा रहता है इसकी वजह से कई बार एंबुलेंस फंसी है तथा प्रतिदिन छात्रों की क्लास लेट होती है कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया कि आज हमारे कार्यक्रम का पांचवा दिन है अभी तक 5153 लोगों ने हस्ताक्षर कर इस पुल निर्माण के लिए समर्थन दिया है हमारी एक बार पुनः सरकार से मांग है कि स्कूल का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए नहीं तो राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी इस अवसर पर रीता वर्मा, नईम, अम्बरीष, अफजल, रंजीत पांडे, जाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कार की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। देहात कोतवाली इलाके में बहराइच–लखनऊ राजमार्ग पर बुद्धा स्कूल के पास मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान हुसैनपुर ग्राम निवासी बृजेश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बृजेश मंगलवार रात बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। बुद्धा स्कूल के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने घटना की सूचना देहात कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने घायल युवक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद बृजेश को मृत घोषित कर दिया। देहात कोतवाल दद्दन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ओबीसी, दलित छात्रों ने किया प्रदर्शन, यूजीसी बिल लागू करने की मांग



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में बुधवार को ओबीसी और दलित समुदाय के छात्रों ने यूजीसी बिल के समर्थन में प्रदर्शन किया। छात्रों ने बिल को शीघ्र लागू करने की मांग की। यह प्रदर्शन तब हुआ है जब बीते दिनों सवर्ण संगठनों ने यूजीसी बिल में हुए बदलावों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए बिल पर रोक लगा दी थी। अब पिछड़ा और दलित समुदाय से जुड़े लोग बिल के समर्थन में सामने आए हैं। बुधवार को नगर के धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ओबीसी और दलित छात्र एकत्र हुए। उन्होंने बिल को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने कहा कि यह बिल दलितों और पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए आवश्यक है। उन्होंने इसके जल्द से जल्द लागू होने पर जोर दिया।

### फुटबॉल लीग का समापन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** सादुल्लाह नगर के ए.जी. हाशमी इंटर कॉलेज खेल मैदान पर आयोजित फुटबॉल लीग का समापन हो गया है। खिताबी मुकाबले में अवध यूनाइटेड फुटबॉल संघ ने अल फतह फुटबॉल संघ ओबरीडीह को 2–0 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। फाइनल मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमें आक्रामक दिखीं। खेल के दौरान अवध यूनाइटेड के गौरव सोनी और प्रेम गुप्ता ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए एक–एक गोल दागे। ओबरीडीह की टीम ने वापसी के कई प्रयास किए, लेकिन अवध यूनाइटेड की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रही। लीग में लगातार जीत दर्ज कर दबदबा बनाने वाली ओबरीडीह की टीम फाइनल के दबाव में कोई गोल नहीं कर सकी। उपविजेता टीम के साहिल सिद्दीकी को उनके शानदार खेल के लिए %मैन ऑफ द मैच% चुना गया। समापन समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता मीना सोनी व सुभाष सोनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान की। इस दौरान डॉ. इरशाद अहमद और मोहम्मद यूसुफ ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। यह लीग खेल व शिक्षा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। आयोजन समिति के संयोजक शमीम यूसुफ ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें खेल के साथ अनुशासन की शिक्षा देना है। ओबरीडीह ने शुरुआती मैचों में जबरदस्त प्रदर्शन किया था, जिसमें उसने एवीएस उपाध्याय फुटबॉल संघ लक्ष्मणपुर को 2–1 से हराया था। वहीं, लक्ष्मणपुर और अवध यूनाइटेड के बीच हुआ एक अन्य मैच 1–1 की बराबरी पर छूटा था। खेल व शिक्षा फाउंडेशन के इस प्रयास की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस पर बच्चों ने खाई एलबेंडाजोल दवा




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के अवसर पर व्यापक स्तर पर दवा वितरण अभियान चलाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेजवापुर के अंतर्गत आने वाले सभी परिषदीय विद्यालयों, निजी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एलबेंडाजोल की खुराक खिलाई गई। इस अभियान में विद्यालयों के शिक्षक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने आपसी समन्वय के साथ बच्चों को दवा खिलाई और उनके अभिभावकों को कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभावों तथा दवा सेवन के लाभों के बारे में जागरूक किया।

## 28 गैर-जमानती अपराधी गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित व गैर–जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु कल दिनांक 11.02.2026 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने थाना क्षेत्रों में लंबित गैर–जमानती वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उक्त अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीमों का गठन कर कार्यवाही की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत




जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा कुल 28 गैर–जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना–वार गिरफ्तारी का विवरण निम्नानुसार है– थाना को0 देहात पुलिस ने 06, थाना खरगूपुर पुलिस ने 03, थाना धानेपुर पुलिस ने 01, थाना मोतीगंज पुलिस ने 02, थाना मनकापुर पुलिस ने 01, थाना खोडारे पुलिस ने 02, थाना तरबगंज पुलिस ने 06, थाना नवाबगंज पुलिस ने 01, थाना को0 कर्नलगंज पुलिस ने 03, थाना परसपुर पुलिस ने 01, थाना कटराबाजार पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### महिला ने लगाई फांसी परिजनों में कोहराम

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बाबा कुटी दाखिला शाहपुर खुर्द में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात के अंधेरे में हुई इस दर्दनाक घटना का खुलासा सुबह हुआ, जब परिजनों ने महिला का शव घर के बाहर दरवाजे पर पड़ा देखा। इससे गांव में सनसनी फैल गई। बताया गया कि मृतका सुशील, पत्नी जुगा, रविवार रात किसी समय घर के अंदर फांसी पर झूल गई। सुबह जानकारी होने पर परिजनों ने शव को फंदे से उतार लिया और घर के बाहर रख दिया। घटना की सूचना मिलते ही मोतीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक सुरेश चंद गिरी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के पीछे के कारण फिलहाल साफ नहीं हो सके हैं। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## सीडीओ ने विकास भवन में कार्यालयों व परिसर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी गोंडा श्रीमती अंकिता जैन ने विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों व परिसर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था समुचित नहीं पाई गई तथा अभिलेखों का रख-रखाव भी असंतोषजनक पाया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि कार्यालय में अभिलेखों का सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव तत्काल सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कार्यालय परिसर में नियमित



साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा आगंतुकों के बैठने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं पाई गई तथा प्रकाश व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं थी। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कार्यालय परिसर में जन सूचना बोर्ड स्थापित करने तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी को फ्लेक्स/नोटिस बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि यदि कोई कर्मचारी अवकाश पर जाता है, तो वह मानव संपदा पोर्टल पर अवकाश स्वीकृत होने के उपरांत ही अवकाश पर जाए। कार्यालय कक्ष के बाहर बरामदे में काफी संख्या में अलमारियां निष्प्रयोग अवस्था में पाई गईं, जिस पर संबंधित अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## भाजपा ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

▸ मुख्य अतिथि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संस्मरण पर डाला प्रकाश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




सरस्वती विद्या मंदिर के हाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी रहे। मंच का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष प्रथम अमित शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री भाजपा सरकारी बैंक के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक डॉ जितेंद्र त्रिपाठी व सह संयोजक सुनील श्रीवास्तव ने किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ जितेंद्र त्रिपाठी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत की आज पावन पुण्यतिथि है पूरा देश उनका स्मर्ण कर रहा है। जो विचार दर्शन देश के आजादी के उपरांत स्वतंत्र भारत को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने दिया वह नए भारत की आधारशिला बनी है। इस अवसर पर कैसरगंज विधानसभा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संस्मरण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय 25 सितंबर 1916 - 11 फरवरी 1968 एक भारतीय राजनीतिक समग्र मानववाद विचारधारा के समर्थक और भारतीय जनसंघ बीजेएस के नेता थे जो भारतीय जनता पार्टी का पूर्ववर्ती था। पंडित दीनदयाल ने हिंदुत्व पुनरुत्थान के आदर्शों को फैलाने के लिए 1940 के दशक में मासिक पत्रिका प्रकाशन राष्ट्र धर्म नाम का प्रारंभ किया था। जिसका व्यापक अर्थ राष्ट्रीय कर्तव्य है। उपाध्याय जी जनसंघ के आधिकारिक राजनीतिक सिद्धांत वी समग्र मानवतावाद के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुषमा चौधरी, उमाशंकर तिवारी, जिला मंत्री हेमा निगम, संजय राव, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, नगर मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, सौरभ मिश्रा, आलोक सिंह, आलोक जिंदल, ब्लॉक प्रमुख जे पी सिंह, रंजीता श्रीवास्तव, नंदिनी मिश्रा, मंजुला पाठक, प्रभात मिश्रा सहित सभी प्रकोष्ठों व मोर्चा के कार्यकर्ता सभासद व मंडल पदाधिकारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सफलता के लिए पढ़ाई में निरंतरता जरूरी : रामदयाल



▸ इंटर कालेज सेमरहना में आयोजित हुई फेयरवेल पार्टी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एसपीवीपी इंटर कालेज सेमरहना में फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी रामदयाल ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए पढ़ाई में निरंतरता जरूरी है ।आप लगातार पढ़ते लिखते रहिये। शिक्षा ही विकास की सीढ़ी हैं ।मेहनत का कोई विकल्प नही होता है। शैक्षिक डिग्री में अंको का बहुत महत्व नही होता है। जीवन में सफलता का महत्व होता है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने बड़े सुंदर विचार प्रस्तुत किये। अन्य वक्ताओं में विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार, प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अवधेश जायसवाल, अमरनाथ वर्मा, नेहा, नसीमा आदि रहे ।कार्यक्रम का संचालन छात्रा अनुष्का मौर्या ने किया। फेयरवेल पार्टी में शिक्षक उपेंद्र दीक्षित,लोकेश, विपिन, अरविंद कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नाबालिग को नेपाल ले जाते दबोचा गया युवक

▸ एसएसबी की सतर्कता से बची एक ज़िंदगी

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



भारत-नेपाल सीमा पर एक नाबालिग को मानव तस्करी का शिकार बनाए जाने की साजिश को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने ऐन मौके पर नाकाम कर दिया। 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के नेतृत्व में बीओपी मुर्तिहा पर तैनात जवानों ने फ्रिस्किंग प्वाइंट पर एक नेपाली युवक को 17 वर्षीय भारतीय नाबालिग बालिका के साथ संदिग्ध हालात में धर दबोचा। पकड़ा गया युवक 19 वर्षीय नेपाली नागरिक बताया जा रहा है। शुरुआती पूछताछ में ही मामला गंभीर निकला। जांच में खुलासा हुआ कि युवक नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर सीमा पार नेपाल ले जाने की फिराक में था। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बालिका के परिजन उसकी गतिविधियों और मौजूदा स्थिति से पूरी तरह अनजान थे। सूचना मिलते ही एसएसबी अधिकारियों ने तत्काल बालिका के अभिभावकों से संपर्क किया और उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। इसके बाद आरोपी नेपाली युवक और नाबालिग बालिका को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना मुर्तिहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। सीमा पर तैनात जवानों की सतर्कता नहीं होती तो एक और मासूम मानव तस्करी के जाल में फंस सकती थी। 59वीं वाहिनी सीमावर्ती इलाकों में तस्करी, अवैध घुसपैठ और संगठित अपराधों पर लगातार कड़ी नजर बनाए हुए है।

## सीएमओ ने दवा सेवन कर एमडीए अभियान का किया शुभारंभ

▸ इस बार केवल जरवल ब्लॉक में चलेगा यह अभियान : डॉ. संजय कुमार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सीएचसी जरवल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर अभियान का शुभारंभ किया और लोगों को दवा खाने के लिए प्रेरित किया। सीएमओ ने बताया कि इस बार केवल जरवल ब्लॉक में यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा, जिसके तहत 2.88 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा दी जाएगी। स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों को अपने सामने दवा सेवन कराएंगी। उन्होंने कहा कि दवा खाली पेट नहीं लेनी है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को दवा का सेवन करना चाहिए। सीएमओ ने अपील की कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें और फाइलेरिया मुक्त जनपद बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दवा सेवन के बाद कुछ लोगों को हल्का चक्कर, मितली, उल्टी या बुखार जैसे सामान्य प्रभाव महसूस हो सकते हैं, जो थोड़ी देर में अपने आप ठीक हो जाते हैं। ऐसे लक्षण प्रायः उन्हीं लोगों में दिखाई देते हैं जिनके शरीर में फाइलेरिया के सूक्ष्म कृमि होते हैं, क्योंकि दवा सेवन से ये कृमि नष्ट होते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है और जरूरत पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या रैपिड रेस्पॉन्स टीम से संपर्क किया जा सकता है।

## राजकीय हाई स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

समारोह में छात्रा काजल यादव को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ग्राम प्रधान शिव शंकर सैनी ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। द्वितीय स्थान पर रहीं रफीकुंनिशा को पत्रकार राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने शील्ड भेंट की। वहीं, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अंजनी को कंपोजिट विद्यालय चमरूपुर के प्रधानाध्यापक शराफातुल्लाह ने शील्ड



देकर सम्मानित किया। अन्य छात्र-छात्राओं को भी मेडल प्रदान कर उनकी प्रतिभा को सराहा गया।

सम्मान समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दीप नारायण वर्मा, अध्यापक उदय राज यादव और मृदुल आनंद, ग्राम प्रधान शिव शंकर सैनी, जाफर, कंपोजिट विद्यालय चमरूपुर के प्रधानाध्यापक शराफत उल्लाह, उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरूपुर की प्रधानाध्यापिका गीता देवी, सहायक अध्यापक रश्मि उमराव और कविता जायसवाल, अनुदेशक विशाल कुमार और अशोक कुमार तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दस वर्षों से अधूरा पड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना पशुबाड़ा

▸ खिड़की-दरवाजे गायब, जिम्मेदार नदारद

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पचासों लाख रुपये की लागत से बन रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ धनी आज बदहाली की मिसाल बन गया है। करीब दस वर्ष पूर्व स्वीकृत यह सरकारी भवन अधूरा पड़ा-पड़ा अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। हालात यह हैं कि भवन के खिड़की-दरवाजे तक गायब हो गए हैं और गांव वाले कमरों में भूसा रखने के साथ-साथ पशु भी बांध रहे हैं।

जानकारी के अनुसार तहसील उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुआ धनी में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई थी। विभाग ने सी एंड डीएस (कार्यदाई संस्था) के माध्यम से निर्माण कार्य शुरू कराया।

प्रारंभिक निर्माण के बाद भवन में खिड़की और दरवाजे भी लगा दिए गए, लेकिन बिजली वायरिंग, पानी की पाइप लाइन और अन्य आवश्यक



कार्य अधूरे छोड़कर कार्यदाई संस्था मौके से गायब हो गई। निर्माण कार्य रुकने का फायदा चोरों और असामाजिक तत्वों ने उठाया। दीवार तोड़कर खिड़की-दरवाजे उखाड़ लिए गए। लंबे समय से देखरेख न होने के कारण कई स्थानों पर प्लास्टर झड़ गया और दीवारें भी टूटने लगी हैं। कमरों में ग्रामीण भूसा रख रहे हैं तथा पशुओं को बांधने के निशान भी स्पष्ट दिखाई देते हैं।

चारदीवारी होने के बावजूद इस स्वास्थ्य केंद्र पर कोई चौकीदार तैनात नहीं है, जिससे मुख्य गेट अक्सर खुला रहता है। केंद्र तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क भी नहीं है, जिसके कारण निर्माण पूरा होने की उम्मीद और भी धूमिल नजर आती है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के प्रभारी डॉ. सी.पी. सिंह ने बताया कि भवन कई वर्षों से अधूरा पड़ा है तथा निर्माण की जिम्मेदारी जिला मुख्यालय स्तर से तय होती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में निरीक्षण के दौरान अधूरे निर्माण की सूचना जिला स्तर पर भेज दी गई है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद मिला।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण पूरा कर केंद्र चालू किया जाए तो आसपास के कई गांवों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी, अन्यथा यह भवन पूरी तरह जर्जर होकर सरकारी धन की बर्बादी का उदाहरण बन जाएगा।

### 2025-26 की तुलना में आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के आवंटन में 76 प्रतिशत की बढ़ोतरी

# तकनीकी महाशक्ति बनने की दिशा में बढ़ा निर्णायक कदम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर पर बड़ा भरोसा जताया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र के लिए 2059 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित किया गया है, जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 76 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि की गई है।

सरकार का स्पष्ट संदेश है कि उत्तर प्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था और उन्नत तकनीक का अग्रणी केंद्र बनाया जाएगा। बजट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एआई मिशन की शुरुआत की जा रही है, जिसके लिए 225 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इंडिया एआई मिशन के तहत प्रदेश की 49 आईटीआई में एआई लैब स्थापित की जाएंगी।

- 30,000 करोड़ निवेश से 8 डाटा सेंटर पार्क, 900 मेगावाट क्षमता का लक्ष्य
- मोबाइल निर्माण में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी, 44744 करोड़ का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और स्टार्टअप में लीडर का दर्जा



प्रदेश में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और इंडिया एआई डाटा लैब्स की स्थापना के लिए 32 करोड़ 82 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। सरकार का लक्ष्य युवाओं को भविष्य की तकनीक से जोड़ते हुए रोजगार के नए अवसर तैयार करना है।साइबर सुरक्षा को भी बजट में अहम स्थान मिला है।

साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र की स्थापना के लिए 95 करोड़ 16 लाख रुपये की नई योजना प्रस्तावित की गई है।

डिजिटल विस्तार के साथ बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए इसे रणनीतिक कदम माना जा रहा है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एआई प्रज्ञा कार्यक्रम पहले ही शुरू किया जा चुका है। इस पहल में माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, इंटेल, आईबीएम और वन एम वन बी जैसी वैश्विक कंपनियां प्रदेश सरकार के साथ मिलकर एआई प्रशिक्षण दे रही हैं। किसानों, स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों, डॉक्टरों तथा राजकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है।

#### एआई तकनीक को जमीनी स्तर पर उतारना उद्देश्य

सरकार का उद्देश्य एआई तकनीक को जमीनी स्तर तक उतारना है। डाटा सेंटर के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में 30,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 8 डाटा सेंटर पार्क स्थापित करने और 900 मेगावाट क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें 6 डाटा सेंटर पार्क और 2 डाटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 21,342 करोड़ रुपये का निवेश और 644 मेगावाट क्षमता अर्जित की जा चुकी है।इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी प्रदेश की स्थिति मजबूत बनी हुई है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा मोबाइल फ़ोन विनिर्माण केंद्र बन चुका है। देश के कुल मोबाइल फ़ोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स इकाइयां उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़कर 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उद्योग और तकनीक में बढ़ते निवेश तथा नवाचार को प्रोत्साहन देने की नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर का दर्जा प्राप्त हुआ है। बजट में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र पर 76 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निवेश उत्तर प्रदेश को तकनीक आधारित विकास मॉडल की ओर तेजी से अग्रसर करेगा।

## एमएसएमई, खादी और वस्त्रोद्योग को नई गति देगा बजट : सचान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि योगी सरकार का यह बजट प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री सचान ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम यानि एमएसएमई क्षेत्र की योजनाओं के लिए 3,822 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, जो वर्ष 2025-26 की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

लगभग 3.11 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने वाला एमएसएमई सेक्टर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और योगी सरकार इसे और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

एमएसएमई को बढ़ावा देने हेतु ष्सरदार वल्लभभाई पटेल इम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की नई योजना प्रस्तावित है, जिसके लिए 575 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लिए एक हजार करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए 225 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। एक जनपद एक व्यंजन जैसी नई योजना के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### यूजीसी रेगुलेशन के समर्थन में वकीलों ने निकाला मार्च

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को सामाजिक न्याय मोर्चा, उत्तर प्रदेश के बैनर तले यूजीसी विनियमावली 2026 के समर्थन में पैदल मार्च निकाला गया। यह मार्च स्वास्थ्य भवन चौराहे से शुरू होकर परिवर्तन चौक तक गया। इसके बाद कलेक्ट्रेट के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भेजा गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यूजीसी विनियमावली 2026 उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता और सामाजिक न्याय को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मांग की कि विनियमावली को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और सभी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। वाकीलों का कहना था कि सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण कोटा पूरी पारदर्शिता के साथ लागू होना चाहिए, ताकि वंचित वर्गों को उनका अधिकार मिल सके। मार्च के दौरान उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग भी उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि न्यायपालिका में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि सामाजिक न्याय की अवधारणा मजबूत हो सके।

### किराना स्टोर में लगी आग, सारा सामान जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के यहियागंज इलाके में मंगलवार देर रात एक किराना दुकान में आग लग गई। आग लगते ही आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोग गली में निकल आए। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और अंदर रखे सामान धू-धूकर जलने लगे। इस दौरान दुकान से 10 फीट तक लपटें निकलीं। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने करीब 30 मिनट पर आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुकान से धुआं और लपटें उठती देख लोगों ने तुरंत चौक फायर स्टेशन को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने के दौरान आसपास की दुकानों को एहतियातन खाली करा लिया गया था। राहत की बात यह रही कि घटना के समय दुकान के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि, आग से दुकान में रखा लाखों रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गए। आग मुजम्मिल की किराना दुकान में लगी। प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट की जताई जा रही है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, तीन घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हरदोई रोड स्थित अंधे की चौकी के पास मछली मंडी गेट के सामने ईंटों से लदी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारुति वैन को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वैन टक्कर से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग फंस गए थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को वैन से निकालकर तत्काल ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश पटेल ने बताया कि हादसे में घायल संजय सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों में पप्पू कश्यप, पप्पू सिंह सैगर और हर्ष सिंह शामिल हैं। हर्ष की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है, जबकि अन्य दो घायलों का भी गंभीर अवस्था में उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार, मारुति वैन कानपुर देहात के मैथा क्षेत्र से बाराबंकी की ओर जा रही थी, तभी हरदोई रोड पर सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी टक्कर हो गई। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है और उसके चालक की तलाश कर रही है। मृतक संजय सिंह कानपुर देहात के कन्हैया पुरवा गांव के थे और निजी वाहन चालक के रूप में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी संध्या सिंह और एक पुत्र हैं। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों को सूचित किया गया। मृतक के दामाद आदित्य प्रताप ने आरोप लगाया कि हरदोई रोड पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क चौड़ीकरण के बावजूद बीच में डिवाइडर न होने से हादसों की संख्या बढ़ रही है। आदित्य प्रताप ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वीएचआरपी का विरोध प्रदर्शन, हुमायूं कबीर का फूंका पुतला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने लगातार दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद नहीं जाने दिया गया जिसके बाद प्रदर्शन जारी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल के नेतृत्व में हुमायूं कबीर का पुतला फूंका गया। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया हुमायूं हम आएंगे बाबरी फिर से गिराएंगे हाथों में भगवा झंडा लेकर बाबरी मस्जिद निर्माण का विरोध किया। गोपाल राय ने कहा कि हम बाबर के नाम से मस्जिद का निर्माण नहीं होने देंगे। जब एक बार बाबरी मस्जिद का नाम मिट चुका है तो फिर क्यों उसे जिंदा करके पूरे भारत का माहौल खराब किया जा रहा है। आज जो पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू करवा रहा है ये देश का माहौल खराब करने की सोची समझी साजिश है।

## लहलहा रही जुमलों की खेती : शिवपाल

- अलमारी में धूल खा रही बेरोजगारों की डिग्रियां

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बेरोजगारों की डिग्रियां केवल अलमारी में धूल खा रही हैं और सरकार का डेटा फाइलों में मुस्कुरा रहा है। शिवपाल यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बजट से पहले ही जनता का हाल स्पष्ट है-रोजगार की स्थिति शून्य है, किसान कर्ज में डूबा है, और युवा निराश हैं। अब जुमलों का बजट नहीं चलेगा। इसके अलावा, उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश का कागजी बजट मुबारक हो!

उन्होंने यह भी कहा कि यूपी की जनता को एक बार फिर सपनों का अमृत दिया गया है। विकास केवल विज्ञापनों में दिखाई दे रहा है, जबकि वास्तविकता में सड़कों पर गड्ढे अपनी गिनती का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यह आंकड़ों की जादूगरी है, लेकिन गरीबों की थाली में अब भी हाहाकार है। जुमलों की खेती लहलहा रही है, कागज हरे-भरे हो गए हैं, और जब नौकरी की मांग की जाती है, तो कहा जाता है-तुम आत्मनिर्भर क्यों नहीं हो? महंगाई आसमान छू रही है, लेकिन सरकार का कहना है-सब ठीक है, किसान खुश हैं!यह बजट नहीं, बल्कि एक और इवेंट की तैयारी है, और जनता अब जानती है कि किसकी बारी है।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पंडित दीनदयाल को दी श्रद्धांजलि

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही उत्तर प्रदेश सरकार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ में भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा। इसमें सीएम योगी को पहुंचना था लेकिन वह कैबिनेट बैठक और उसके बाद बजट सत्र के चलते नहीं पहुंच पाए। इसके बाद कार्यक्रम को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को उत्तर प्रदेश सरकार साकार कर रही है।

सीएम योगी की गैर मौजूदगी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यक्रम चारबाग स्थित पंडित दीनदयाल स्मृतिका वाटिका में आयोजित किया गया। सीएम कार्यक्रम में नहीं पहुंचे लेकिन उन्होंने अपने सरकारी आवास पर ही पंडित दीनदयाल के चित्र पर फूल चढ़ाए। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर आज लखनऊ में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सशक्त राष्ट्र के निर्माण तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की ज्योति पहुंचाने का उनका संदेश हम सभी के लिए अप्रतिम प्रेरणा का स्रोत है। ब्रजेश पाठक ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों के क्रम में यूपी सरकार हर गरीब को पक्का मकान, हर गरीब को जीवन जीने लायक सभी वस्तुएं दे रही है। मैं उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की तरफ से पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं। अपने देशवासियों से अपील करता हूं कि सभी लोग कम से कम पंडितजी के एकता, मानववाद के सिद्धांत को जानें, समझें और उसको धरातल पर उतारें। भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। पंडितजी ने जनसंघ की स्थापना काल से लेकर अपने सिद्धांतों की बदौलत देश पर नई दिशा देने का काम किया था। आज उसको पूरा करने का काम हमारी डबल इंजन की सरकारें कर रही हैं।

## मायावती पर आपत्तिजनक पोस्ट, बीएसपी कार्यकर्ता ने दर्ज करवाया मुकदमा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफसोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने को लेकर एक कार्यकर्ता ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर श्रेया यादव नाम की फेसबुक आईडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

मामले को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। कैंट विधानसभा अध्यक्ष गंगाराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 9 फरवरी को दोपहर करीब 4 बजे दामोदर नगर, आलमबाग स्थित कैंट विधानसभा प्रभारी देवेश कुमार गौतम के आवास पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक चल रही थी।

इसी दौरान मोबाइल पर फेसबुक देखते समय एक पोस्ट पर उनकी नजर पड़ी, जो श्रेया यादव नाम की फेसबुक आईडी से की गई थी। तहरीर के अनुसार, उक्त पोस्ट में मायावती के लिए बेहद आपत्तिजनक, अभद्र और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य शब्दों का प्रयोग किया गया था। पोस्ट को पढ़ते ही बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हो गई और मौके पर नाराजगी का माहौल बन गया। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस तरह की भाषा सभ्य समाज में कतई स्वीकार नहीं है और इससे सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचती है।

कार्यकर्ताओं ने तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए संबंधित फेसबुक आईडी के खिलाफसख्त कदम उठाने की अपील की। शिकायत मिलने के बाद कृष्णा नगर थाना पुलिस ने संबंधित फेसबुक आईडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस ने पोस्ट के स्क्रीनशॉट को साक्ष्य के रूप में कब्जे में लिया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एचडीएफसी बैंक ने लखनऊ में खोला करेंसी चेस्ट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उ.प्र. की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ के विराज खंड में एचडीएफसी बैंक के नए करेंसी चेस्ट का उद्घाटन किया। यह राज्य में बैंक की चौथी और भारत में 38वीं ऐसी सुविधा होगी। इस सुविधा के साथ यहां एक पुलिस रूम, कैश रिसीट एरिया, सॉर्टिंग रूम, फायर सेफ्टी सिस्टम व वाइब्रेशन और मोशनध्सेंसर के साथ-साथ एक मजबूत सिक्योरिटी सिस्टम की व्यवस्था की गई है।

इस मौके पर पंकज कुमार - रीजनल डायरेक्टर - रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, लखनऊ और एचडीएफसी बैंक से भावेश जवेरी - एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, गौरव रॉय - ग्रुप हेड, डब्ल्यूबीओ ऑपरेशंस, अरुण मेदिरत्ता - ग्रुप हेड, रीजनल ब्रांच बैंकिंग, मुस्कान सिंह - ब्रांच बैंकिंग हेड (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) और बैंक के अन्य सीनियर एग्जीक्यूटिव भी मौजूद थे।

करेंसी चेस्ट सभी स्टेकहोल्डर्स को सही कैश डिस्ट्रीब्यूशन और समय पर साफऔर सही करेंसी उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा। यह लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन को काफी बढ़ाएगा और लखनऊ, फैजाबाद, बाराबंकी, गोरखपुर और कानपुर जिलों में 246 ब्रांच, 317 एटीएम को बिना रुकावट करेंसी सप्लाई सुनिश्चित करेगा, जिससे करेंसी नोटों की उपलब्धता के लिए टर्न-अराउंड-टाइम (टीएटी) बढ़ेगा। इससे इस क्षेत्र के अलग-अलग बिजनेस ऑर्गनाइजेशन, सरकारी संस्थानों और स्थानीय निवासियों को बेहतर कैश मैनेजमेंट का फायदा होगा।

एचडीएफसी बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भावेश जवेरी ने कहा कि एचडीएफसी बैंक बैंकिंग इकोसिस्टम की बदलती जरूरतों को पूरा करते हुए हर लेवल पर बैंकिंग को आसान बनाने की कोशिश करता है। लेटेस्ट करेंसी चेस्ट का लॉन्च उसी दिशा में एक और कदम है।

नया चालू करेंसी चेस्ट हमें ज्यादा तेजी और तेजी के साथ करेंसी की जरूरतों को पूरा करने और अपनी ऑपरेशनल पहुँच को और बढ़ाने में मदद करेगा। उत्तर प्रदेश में बैंक का सफर 1997 में लखनऊ में अपनी पहली ब्रांच खोलने के साथ शुरू हुआ था। लखनऊ में 31 दिसंबर 2025 तक बैंक के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में 107 ब्रांच और 198 एटीएम (सीडीएम सहित) शामिल हैं। इससे पहले निरालानगर स्थित होटल रेगनेन्ट में कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने की। इस मौके पर उन्होने यूनानी पद्धति की गरिमा का वर्णन करते हुए इसे जन-मानस तक पहुँचाने की अपील की।

### देशव्यापी 27 लाख बिजली कर्मचारी व अभियंता आज रहेंगे हड़ताल पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी और अभियंता 12 फरवरी को एक दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। यह हड़ताल पावर सेक्टर के निजीकरण के विरोध में, इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 को वापस लेने तथा पावर सेक्टर के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर की जा रही है।

## वर्ल्ड यूनानी डे पर सम्मानित हुये चिकित्सक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




यूनानी स्कॉलर्स ऐसोसिएशन ने आज यहां कन्टीन्यूईग यूनानी मेडिकल एजुकेशन का आयोजन कर वर्ल्ड यूनानी डे मनाया। इस मौके पर यूनानी चिकित्सा क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिये डॉ0 मोहम्मद अहसन फारुकी एवं प्रो0 मोहम्मद अनवर को हकीम अजमल खान एवार्ड से सम्मानित किया। इस बार यूनानी स्कॉलर्स एसोसिएशन ने यूनानी चिकित्सा शिक्षण क्षेत्र में अपने अभिन्न योगदान के लिये डॉ0 कमरुल हसन लारी एवं डॉ0 अब्दुल अजींज खान को बेस्ट टीचर के विशेष सम्मान से सम्मानित किया। साथ ही मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली की अध्यक्षता में हुये इस कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र के डॉ0 साजिद अन्सारी डायरेक्टर एस0 एस0 हार्ट केयर सेन्टर एवं विख्यात न्यूरोलॉजिस्ट डॉ0 अब्दुल कवी डॉ0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस को गेस्ट ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न शहरों से आये चिकित्सकों ने सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी।

## नगर आयुक्त ने की सार्वजनिक शौचालयों को लेकर बैठक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- 90 प्रतिशत शौचालयों की स्थिति ठीक नहीं
- शहर के पिंक शौचालयों की स्थिति दयनीय

नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर के शौचालयों की स्वच्छता और संचालन में सुधार लाने के उद्देश्य से आज स्मार्ट सिटी सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त आई ए स गौरव कुमार ने की, जिसमें शहर के शौचालयों को संचालित करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

ज्ञातव्य हो कि शहर में 90 प्रतिशत शौचालयों की स्थिति ठीक नही है। कई सार्वजनिक क्षेत्रों में सुलभ शौचालयों का अभाव है। शहर के पिंक शौचालयों की स्थिति दयनीय है। मूत्रालयों को लेकर भी जनसंख्या अनुपात एवं सार्वजनिक स्थलों बाजारों एवं बहु भवनों के आसपास इनका व्यापक स्तर पर अभाव है। बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शौचालयों की स्वच्छता और साफ-सफाई नियमित रूप से की जाए और किसी भी प्रकार की टूट-फूट की स्थिति में तुरंत सुधार किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शौचालयों को मानक के अनुसार ही रखा जाए और सर्वेक्षण में रैंक सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के शौचालयों की स्वच्छता और संचालन में सुधार लाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और संस्थाओं को निर्देश दिये है कि वे अपने कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें और शहर के शौचालयों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दें।बैठक में अपर नगर आयुक्त अरविंद राव, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, समस्त जोनल अधिकारी व जोनल सेनेटरी अधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पर्यावरण अभियंता को निर्देश दिया गया कि वे फील्ड पर वेंडर्स की समस्याओं का समाधान करें और शौचालयों के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसका ध्यान रखें। नगर निगम लखनऊ शहर के शौचालयों की स्वच्छता और संचालन में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों और संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने के नगर आयुक्त ने निर्देश दिये है।

## अब चीनी मांझे से कोई नहीं मरेगा बच्चों ने बनाया मॉडल

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ में चल रहे दो दिवसीय नव प्रवर्तक महोत्सव का का पुरस्कारों के वितरण के साथ भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर स्कूल श्रेणी कॉलेज श्रेणी तथा जमीनी स्तर से जुड़े नव प्रवर्तकों ने अपने-अपने नवाचारों के साथ भाग लिया। इसके साथ ही बच्चों के लिए ड्रोन कार्यशाला, इन्नोवेशन चौलेंज, एन एक्स टी रोबोटिक रोबोटिक जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। साथ ही इस अवसर पर प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के द्वारा व्याख्यान भी दिए गए जिसका लोगों ने लाभ उठाया। नवाचार प्रोजेक्ट और मॉडलों में समाज में व्याप्त अनेक समस्याओं का समाधान भी सुखाया गया। सेंट जोसेफ कॉलेज के बच्चों ने अपने मॉडल सेफएंड सिक्योर ओवर ब्रिज फ्रॉम चाइनीस मांझा के माध्यम से बताया कि अब चीनी मांझे को बन करने की जरूरत नहीं है। ओवर ब्रिज पर चीनी मांझे से कोई भी दुर्घटना नहीं होगी और ना ही किसी की जान जाएगी। जो सभी की सराहना का केंद्र बिंदु बना साथ ही भूकंप की सूचना व्यक्ति के मोबाइल फोन पर 3 सेकंड के अंदर देने वाला मॉडल भी प्रस्तुत किया गया साथ ही कुत्तों के काटने की घटनाओं के मध्य नजर ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया गया जिससे कुत्ता पास आने पर खुद ही भाग जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जमीनी स्तर से जुड़े नव प्रवर्तकों ने एक से एक बढ़कर नवाचारों का प्रदर्शन किया। नव प्रवर्तक महोत्सव में 100 से अधिक मॉडल और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। विज्ञान नगरी के परियोजना समन्वयक स्वरूप मंडल ने कहा कि विज्ञान नगरी में आयोजित नव प्रवर्तक महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विज्ञान संस्कृति को बढ़ावा देना है। वही पुरस्कारों का वितरण करते समय डा0 वी षी सेठ ने जय जवान जय किसान जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान के साथ विज्ञान की सोच को बढ़ावा देने की भावना पर बल दिया।

## वन टाइम रोड टैक्स के विरोध में ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का विरोध तीव्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 30 जनवरी 2026 को टैक्सी वाहनों पर वन टाइम रोड टैक्स लागू किए जाने संबंधी जारी अधिसूचना के विरोध में मंगलवार को ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के बैनर तले तीव्र विरोध दर्ज कराया गया।

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री रवि आनन्द ने कहा कि अधिसूचना से पूर्व रजिस्टर्ड टैक्सी एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों पर वर्षों से चली आ रही पुरानी कर व्यवस्था-क्वार्टरली एवं वार्षिक टैक्स प्रणाली-को यथावत लागू रखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक टैक्सी वाहन की व्यवहारिक औसत आयु केवल 5 से 6 वर्ष होती है, जबकि सरकार द्वारा 15 वर्षों का वन टाइम टैक्स एकमुश्त लिया जाना पूरी तरह अनुचित, अव्यावहारिक और अन्यायपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि वास्तविकता यह है कि टैक्सी वाहनों को केवल 5 वर्षों की अवधि का ही परमिट दिया जाता है। ऐसे में यूनियन की स्पष्ट मांग है कि जितनी अवधि के लिए परमिट जारी किया जाए, टैक्स भी केवल उतनी ही अवधि का लिया जाए। 15 वर्षों का टैक्स जबरन थोपना छोटे और मध्यम टैक्सी व्यापारियों पर आर्थिक अत्याचार के समान है। एसोसिएशन का कहना है कि वन टाइम टैक्स के रूप में एकमुश्त भारी धनराशि जमा करना अधिकांश टैक्सी व्यापारियों की आर्थिक क्षमता से बाहर है। इससे व्यापारी कर्ज में डूब जाएंगे, वाहन खड़े हो जाएंगे और हजारों परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा। इस फैसले से प्रदेश भर के टैक्सी एवं ट्रांसपोर्ट व्यापारियों में भारी रोष और नाराज़गी व्याप्त है। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि अधिसूचना पर तत्काल पुनर्विचार करते हुए अधिसूचना से पूर्व रजिस्टर्ड टैक्सी वाहनों पर पुरानी कर व्यवस्था लागू की जाए तथा टैक्स निर्धारण परमिट अवधि के अनुरूप किया जाए। चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो संगठन को आगे लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## खबरें एक नजर में

### सैयद दादा मियां का तीन दिवसीय उर्स आज से शुरू

**शाहजहांपुर।** मोहल्ला महमंद हद्दफ स्थित बेरी वाले कब्रिस्तान में हज़रत सैयद दादा मियां का सालाना उर्स 12 से 14 फरवरी तक आयोजित होगा। 12 फरवरी को मिलाद शरीफ, 13 फरवरी को शाम 8 बजे चादरपोशी एवं रात्रि 9:30 बजे महफिल-ए-समा (कव्वाल सरफराज चिश्ती), तथा 14 फरवरी को सुबह 10 बजे कुल शरीफ के साथ समापन व लंगर होगा। सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

### गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चालक गम्भीर रूप से घायल

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवा निवासी धर्मेंद्र गंगवार पुत्र गेंदनलाल गंगवार उम्र लगभग (25) मंगलवार को शाम 05:30 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर तिलहर चीनी मिल जा रहे थे। लखनजी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर खिरिया सकटू गाँव के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने पर चालक धर्मेंद्र गंगवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल ट्रैक्टर चालक को इलाज के लिए कटरा सीएचसी लाया गया। हालत गम्भीर होने के कारण अस्पताल पर आए परिजन को धर्मेंद्र को इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे। बरेली ले जाते समय रास्ते मे धर्मेंद्र की मौत हो गई।

### हाजीपुर फाटक पर ट्रेन से कटकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक युवक ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम बरखेड़ा हवेली निवासी 32 वर्षीय अनुज गंगवार पुत्र अवधनाथ गंगवार बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे हाजीपुर फाटक पर ट्रेन की चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और अनुज को तत्काल शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान अनुज गंगवार ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीआरपी पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### बेटे की शादी का कार्ड बांटने गए पिता की हुई मृत्यु

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम लाई खेड़ा निवासी जिलानी खान अपनी पत्नी जीनत बेगम के साथ रविवार को ससुराल शाहजहांपुर बेटे की शादी का कार्ड बांटने गए थे। पत्नी जीनत बेगम को ससुराल में छोड़कर सोमवार की शाम को घर वापस आ रहे थे। लेकिन सुबह तक जिलानी घर नहीं पहुंचे तब परिजनों को चिंता हुई। तलाश करने पर परिजनों को पता चला बिलपुर रेलवे स्टेशन के पास दोनों रेलवे ट्रैक के बीच में एक शव पड़ा हुआ है उनके बेटे अदनान ने मौके पर जाकर देखा तो पिता जिलानी खान का शव पड़ा हुआ था। घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। जीआरपी और फतेहगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थल फतेहगंज पूर्वी होने के कारण वहां की पुलिस ने आगे की कार्रवाई की। जिलानी के भाई असिदल्लाह ने बताया कि भाई बाइक मिस्त्री थे उनके बेटे आशू खान का 23 मार्च को निकाह होना है। फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया ट्रेन से गिरकर मृत्यु की आशंका लग रही है।

### दिन दहाड़े तीन बाइक सवार लुटेरों ने की किराना व्यापारी से 16 हजार की लूट, पुलिस ने लूट की घटना को नकारा

**समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम दोषपुर नागर के सामने दिन दहाड़े बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी से मिर्ज़ापुर की ओर आ रहे फर्रुखाबाद के किराना व्यापारी को बाइक से कट मारकर गिरा दिया और स्कूटी की डिग्गी में रखे 16 हजार रुपए लूट ले गए। पुलिस दिन दहाड़े हुई लूट की घटना की जांच पड़ताल कर रही है। फर्रुखाबाद के मोहल्ला मदारवाडी चौराहा पीपल वाली गली नंबर 5/26 निवासी व्यापारी प्रमोद कुमार ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में कहा है कि उसकी लिंजीगंज (फर्रुखाबाद) में किराना की थोक की दुकान है। वह प्रत्येक बुधवार को मिर्ज़ापुर क्षेत्र के दुकानदारों से उधारी बसूल करने आता है। आज बुधवार को भी वह राजेपुर व गुजरपुर (फर्रुखाबाद) के व्यापारियों से उधारी वसूल करके मिर्जापुर की ओर आ रहा था। तभी रास्ते में थाना मिर्ज़ापुर क्षेत्र के ग्राम दोषपुर नागर के सामने पीछे से एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने आकर उसकी स्कूटी को कट मारकर गिरा दिया और डिग्गी में रखे 16 हजार रुपए निकालकर भागने लगे। व्यापारी का कहना है कि उसने तत्काल डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस वालों ने मौके पर आकर कहा कि तुम थाने चलो,हम लुटेरों को लेकर थाने आ रहे हैं। आरोप है कि डायल 112 पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के बाद छोड़ दिया।''लूट की सूचना पर तत्काल पीआरबी पहुंच गई थी। जांच पड़ताल में घटना असत्य एवं निराधार पाई गई है।'' सोनी शुक्ला,थानाध्यक्ष मिर्ज़ापुर।

### रोड की रिपेयरिंग की मांग

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष गजेंद्र गंगवार ने ब्रिगेडियर भरत सिंह रावत से मुलाकात करते हुए एक पत्र दिया, जिसमें उन्होंने मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के अंतर्गत आने वाली मौलाना आजाद रोड की रिपेयरिंग ( जीएफ कॉलेज जाने वाली रोड) जो धीरे-धीरे जो खराब हो रही है, उक्त रोड पर ही शहीद संग्रहालय, एनसीसी ऑफिस, एसपी आवास, व मऊ कैंट गांव जाने का रास्ता भी है, उक्त रोड की रिपेयरिंग हेतु पत्र दिया, इसके पश्चात ब्रिगेडियर भरत सिंह रावत ने गजेंद्र गंगवार को उक्त रोड रिपेयरिंग का आश्वासन दिया। जिस पर गजेंद्र गंगवार ने बताया कि उम्मीद है इस साल ही मौलाना आजाद रोड की रिपेयरिंग का कार्य करवा दिया जाएगा।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंधौली में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री मुकेश दीक्षित ने किया ।उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा.. 10 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। फाइलेरिया-मुक्त-भारत हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है ।मुकेश दीक्षित (पूर्व जिला पंचायत सदस्य)ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली पर फीता काट कर शुभारंभ किया। और आमजन से अपील की कि गम्भीर बीमारी (फाइलेरिया) से संपूर्ण समुदाय से समाप्त करने के लक्ष्य को साकार करने हेतु सभी लोग गोली का सेवन कर फाइलेरिया मुक्त अपने प्रदेश को बनाये। इस अवसर पर श्री दीक्षित ने स्वयं खुराक ग्रहण की। इस अवसर पर डा.जफर सैफी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सिधौली, बीसीपीएम सौरभ, पीसीआई से पुनीत, एनआरएचएम से मुस्ताक एव समस्त एएनएम, आशा कार्यकत्री के साथ समस्त स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे।

### भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव नवादा अशरफपुर निवासी रविंद्र पाल पुत्र कैलाश चंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 14 दिसंबर की रात में अज्ञात चोरों द्वारा उसकी भैंस चोरी से खोल ले गए जिसकी सूचना उसके द्वारा 16 दिसंबर को थाना हाजा पर प्रार्थना पत्र देकर की थी। तथा उसने पुलिस को बताया कि उमरिया पुल के पास लगे सीसीटीवी कैमरो में मुंह पर ढाटा बांधे आज्ञात चोर दिखाई देते हैं। इससे पूर्व भी उसके साथ लूट की घटना हो चुकी है। जिसकी रिपोर्ट पहले ही दर्ज है। तथा उसे भय बना हुआ है कि उसके साथ कोई बड़ी घटना ना घटित हो जाए। पुलिस ने अज्ञात नाम पता भैंस चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# आसाम और उत्तराखंड में मुसलमानों को बनाया जा रहा जानबूझकर निशाना

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि आसाम के मुख्यमंत्री हेमंत कुमार विसव शर्म मुसलमानो के खिलाफ जहर उगला रहे हैं, वो जब से मुख्यमंत्री बने हैं तब से मुसलमानो को हाशे पर ले जाने, समाजी बाईकौट, देश से बेदखली और घुसपैठिया कह कर मुसलमानो के खिलाफ मुहिम चलाते रहें हैं। अभी चंद दिनों पहले एक फोटो एक्स पर रिलीज किया गया। जिसमें दिखाया गया था कि हेमंत कुमार के साथ में बंदूक है और पोस्ट में दो मुसलमानो की तस्वीर है। मुख्यमंत्री ने ये हरकत करके देश के जमहूरी निजाम को बदनाम और रूसवा किया है। संविधान में दी गई जमानतों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आसाम राज्य में 1200 मदरसों में ताले लगा दिए गए, मुसलमानो की आर्थिक तौर पर कमर तोड दी गई, और आसामी मुसलमानो को बंगलादेशी कहकर टारगेट किया जा रहा है। इन तमाम घिनौनी हरकतों के बावजूद बिजेपी की आला कय्दत खामोश तमाशाई बनी है। रजबी पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुसलमानो चिढ़ाने के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यूसीसी लेकर आएं, जिसमें कबाइल, ओबीसी और शूडूल ट्राईप को अलग रखा गया है। उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी ने अल्पसंख्यको से कोई सलाह व मशवरा नहीं लिया, एक तरफा मन माने ढंग से समान नागरिक संहिता का ड्राफ तैयार किया गया, फिर ऐसैम्बली में पास कराकर जबरन लागू कर दिया गया। जबकि संविधान स्पष्ट कहता है कि जिस राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किया जाएगा, उससे पहले सभी सम्प्रदाय के लोगों से राए मशवरा लेना जरूरी है। पुष्कर सिंह धामी ने पूरे उत्तराखंड राज्य में 125 सूफिया के मजारो पर बुलडोजर चलवाएं, ये भारत के ऐतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि इतने मजारों को शहीद किया गया है। और साथ ही मदरसा एजुकेशन बोर्ड को भी खत्म कर दिया है, दर्जनों मदरसों पर ताले लगा दिए गए हैं। मौलाना ने उत्तरप्रदेश के हवाले से कहा कि चंद फिरका परस्त संगठन हिंदू मुस्लिम भाई चारे को तोड़ने में लगे हुए हैं, यही असमाजिक तत्व जगह जगह मस्जिदो, मजारों, और घर में पढ़ रहे नमाजियों के खिलाफ शाजिश रचने में लगे रहते हैं। जबकि इस तरह की बातों से पूरे समाज का नुक्सान होता है इस मौके पर अब्दुल हसीब खां, और मौलाना अफरान खान आदि मौजूद रहे।

## हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति द्वारा नामित हज प्रशिक्षण केंद्र मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा में हज यात्रा पर जाने वाले आज़मीन-ए-हज को विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हज यात्री उपस्थित रहे। टीकाकरण 17 फरवरी को पुराना जिला चिकित्सालय स्थित सभागार में किया जाएगा। हज प्रशिक्षक मशकूर हसन खान ने हज के अरकान (मुख्य कर्तव्यों) और वाजिबात को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने एहराम बांधने का तरीका, तवाफ, सई, अराफात में ठहरना, मुजदलिफा में कयाम, रमीय-ए-जमरात तथा क़ुर्बानी से संबंधित सभी आवश्यक मसाइल पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही हज यात्रा के दौरान अनुशासन, सब्र, आपसी सहयोग और सऊदी अरब के नियमों का पालन करने की विशेष हिदायत दी। प्रशिक्षकों ने आज़मीन-ए-हज को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, आवश्यक दस्तावेजों की देखभाल तथा समूह के साथ रहने की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। बरेली से आए मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि हज एक मुकद्दस इबादत है, जिसे सही जानकारी और नियत के साथ अदा करना चाहिए। हज इंसान पर फर्ज है यह इस्लाम की बुनियादों में से है इसलिए जो इंसान माली हैसियत रखता है उसको और ज्यादा करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित हज यात्रियों ने विभिन्न सवाल पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया। अंत में प्रधानाचार्य इक़बाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर सैयद कामरान हुसैन, मोईन खान, ममनून खान, जहूर, इज़हार हसन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चालक की मौत



समृद्धि न्यूज

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम फुलवा निवासी धर्मेंद्र गंगवार (20) पुत्र गेंदनलाल गंगवार शाम करीब 5 बजकर 30 मिनट पर ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर तिलहर चीनी मिल जा रहे थे। जैसे ही वह खिरिया सकटू गांव के सामने लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से चालक धर्मेंद्र गंगवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों और परिजनों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कटरा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया। परिजन धर्मेंद्र को बरेली इलाज के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने की सूचना पर घायल चालक को कटरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद परिजन उसे बरेली लेकर चले गए थे, जहां रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।

## ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर आधा दर्जन बच्चे हुए घायल

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव गुलरिया के पास नहर की पुलिया के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बच्चों को स्कूल लेकर जा रहे ई रिक्शा के टक्कर मार दी,जिससे आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए.टक्कर लगने के बाद मौके पर घायल हुए बच्चों में चीख पुकार मच गई। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। मौजूद लोगों ने निजी वाहन से बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया जहां पर एक बच्चे का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल हुए बच्चों के परिजनों ने बताया बच्चे रोज की तरह ई-रिक्शा परबैठकर गांव कूरा बांडा से गुलाडिया में स्थित रामनाथ सिंह विद्यापीठ स्कूल में पढ़ने जा रहे थे तभी नया गांव के पास नहर की पुलिया के समीप अज्ञात मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही के चलते ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा के प्रकच्चे उड़ गए और आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। टक्कर लगने से घायल हुए सूर्याश वर्मा पुत्र प्रदीप कुमार 6 वर्ष रोविन पुत्र देविंद्र राजपूत शिवांगी पुत्री ऊधमपाल सक्सेना नव्या पुत्री विमल कुमार शर्मा 5 वर्ष सोना देवी पुत्री विपिन कुमार 6 वर्ष

रिसाव पुत्र अंकित कुमार 6 वर्ष सहित अन्य बच्चे घायल हुए जो अभिभावक अपने निजी अस्पताल में इलाज करने को लेकर चले गए।

## इंटीग्रल विश्वविद्यालय केंद्र में 14वें वार्षिक खेलकूद समारोह का रंगारंग समापन

- विजेताओं को बांटे पुरस्कार

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** सीतापुर मार्ग स्थित गुर्री गांव के पास इंटीग्रल विश्वविद्यालय केंद्र शाहजहांपुर में आयोजित तीन दिवसीय 14वें वार्षिक खेलकूद समारोह का रंगारंग समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती दिव्या गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार सिंह तथा वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेम शंकर सक्सेना व पत्रकार व उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन के ज़िला सचिव अर्शीयान अर्श उपस्थित रहे। संस्था प्रधान आसिम ज़फ़र खान ने अतिथियों का बुके व बैज लगाकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की प्रेरणा दी। वॉलीबॉल के फाइनल में डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल की टीम ने कप्तान उत्कर्ष सक्सेना के नेतृत्व में डिप्लोमा मैकेनिकल को 2-1 से हराकर खिताब जीता। बैडमिंटन बालक वर्ग डबल्स में डिप्लोमा सिविल के प्रिंस वर्मा और विपिन विजेता रहे, जबकि इलेक्ट्रिकल के सौरभ और सचिन उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में दुर्रे नजफ ने प्रथम और आस्था ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अभिषेक राठौर प्रथम, अवजीत कुमार द्वितीय और विपिन मौर्य तृतीय रहे। 100 मीटर दौड़ में वंश त्रिपाठी ने पहला, अभिषेक राठौर ने दूसरा और अवजीत कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्रिकेट मुकाबले में डिप्लोमा मैकेनिकल टीम ने 10 ओवर में 132 रन बनाकर डिप्लोमा सिविल को 72 रन पर रोकते हुए खिताब अपने नाम किया। कप्तान आलोक कुमार ने 34 गेंदों पर 72 रन की शानदार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। मोहम्मद तालिब ने 20 गेंदों में 48 रन का योगदान दिया। मैच की कमेंट्री साद खां ने की। समारोह में डॉ. मोहम्मद नसीम, डॉ. मोहम्मद गयासुद्दीन, स्पोर्ट्स हेड इरफान खान रेहान खान, फुरकान सिद्दीकी, आरिश खान सहित कई शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रमजान ने किया। अंत में संस्था प्रधान आसिम ज़फ़र खान ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## बुजुर्ग महिला की बाइक से टकराकर मौत

### ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**समृद्धि न्यूज मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** बुधवार अपराह्न करीब डेढ़ बजे जलालाबाद-ढाईघाट स्टेट हाइवे पर ग्राम पृथ्वीपुर में हाइवे क्रास कर दूसरे घर में जा रही 60 वर्षीय महिला द्रोपदी पत्नी प्रहलाद की बाइक से टकराकर दर्दनाक मृत्यु हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बाइक चालक को पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी भेज दिया है। मृतका के पति प्रहलाद ने बताया कि बुधवार अपराह्न करीब डेढ़ बजे उसकी पत्नी द्रोपदी घर से हाइवे के दूसरी ओर स्थित अपने दूसरे घर में जा रही थी। हाइवे क्रास करते समय ढाईघाट की ओर से तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए बाइक सवार ने उसकी पत्नी द्रोपदी को टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बाइक चालक को मौके पर ही पकड़कर जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर आरोपी बाइक चालक को ग्रामीणों से मुक्त करवाकर थाने और शव को सीएचसी जरियनपुर भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक चालक अफजल ने अपना नाम अफजल पुत्र मंगू निवासी ग्राम कमथरी,थाना शमशाबाद (फर्रुखाबाद) बताया है। जबकि बाइक पर बैठी महिला का नाम रईसा पत्नी स्वर्गीय इदरीश व अरीबा पुत्री साहिल बताया। बाइक चालक अफजल ने बताया कि वे जलालाबाद के ग्राम याकूबपुर में एक शादी प्रोग्राम में शामिल होने अपनी सास रईसा और रईसा की पौत्री के साथ जा रहे थे। अचानक रोड पर इस महिला के आ जाने से उसकी बाइक से टक्कर लग गई। जिससे यह दुर्घटना हुई है।

## कैम्पस प्लेसमेंट में 70 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

- प्लेसमेंट में एक कंपनी ने की भागीदारी, 120 अभ्यर्थियों ने लिया था भाग

समृद्धि न्यूज



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा के प्रशिक्षण संस्थान रोजा में बुधवार को दो दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। ताकि अधिक से अधिक आईटीआई पास युवाओं को रोजगार मिल सके। जिसमें एक कंपनी के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, डेंटिंग, पेंटिंग सहित अन्य ट्रेड़ के 120 अभ्यार्थी शामिल हुए। कंपनी के अधिकारियों ने 70 अभ्यर्थियों का चयन किया।

कैम्पस प्लेसमेंट में मारूती सुजूकी इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने अलग अलग ट्रेड़ के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। रोजगार मेले को सम्पन्न कराने में प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार के मार्गदर्शन में रविन्द्र कुमार प्रभारी प्लेसमेंट तथा प्रीति मौर्या, अनुदेशिका, महिमा पाण्डेय, अनुदेशिका एवं कर्ण सिंह अनुदेशक द्वारा किया गया।

## डॉ. के.पी. गुप्ता ने अधिवक्ताओं के लिए लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

समृद्धि न्यूज




**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जब चिकित्सा सेवा सामाजिक जिम्मेदारी से जुड़ जाती है, तो वह न केवल मरीजों का इलाज करती है, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। ठीक ऐसा ही हृदयस्पर्शी दृश्य मंगलवार को जलालाबाद तहसील परिसर में देखने को मिला, जहाँ शाहजहाँपुर के विख्यात वरिष्ठ सर्जन डॉ. के.पी. गुप्ता ने अधिवक्ताओं के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया। अधिवक्ता समाज का वह तबका है जो न्याय की लड़ाई में दिन-रात जुटा रहता है। कोर्ट की भागदौड़, मानसिक तनाव और व्यस्तता के कारण वे अक्सर अपनी सेहत की उपेक्षा कर बैठते हैं। इसी समस्या को भाँपते हुए डॉ. गुप्ता ने तहसील परिसर में ही उनके लिए शिविर लगाकर एक अनोखी पहल की। शिविर में व्यापक स्वास्थ्य जाँच कृ ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, सामान्य बीमारियों की बारीकी से जाँच। निःशुल्क दवाएँ कृ जाँच के तुरंत बाद जरूरतमंद अधिवक्ताओं को मुफ्त दवाइयाँ उपलब्ध कराई गई। व्यक्तिगत परामर्श कृ डॉ. गुप्ता ने प्रत्येक अधिवक्ता से बातचीत कर तनाव प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली और नियमित व्यायाम के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। डॉ. के.पी. गुप्ता ने शिविर के दौरान कहा, 'अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि वे स्वस्थ और तंदुरुस्त रहेंगे, तभी समाज को सच्चा न्याय मिल पाएगा। व्यस्त लोगों तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना मेरी सामाजिक जिम्मेदारी है।' बार संघ महासचिव अमित परमार ने कहा, 'भागदौड़ भरी जिंदगी में एक ही जगह पर जाँच, दवा और सलाह मिलना हमारे लिए बहुत बड़ी राहत है। डॉ. गुप्ता जी का यह सेवा-भाव अद्भुत है।

डॉ. गुप्ता पहले भी कई बार निःशुल्क शिविर आयोजित कर चुके हैं, जैसे ढाईघाट मेले, गुरुकुल सेवा ट्रस्ट और अग्निकांड पीड़ितों की मदद में। उनकी यह निरंतर सेवा भावना उन्हें क्षेत्र में एक आदर्श चिकित्सक के रूप में स्थापित कर रही है।

## प्रधान प्रबंधक ने दस कर्मियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

- आरोपी कर्मियों को किया ब्लैक लिस्ट
- कायमगंज फैक्ट्री से बुलाए गए कर्मचारी करेंगे कार्य

समृद्धि न्यूज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल में कैजुअल कर्मियों द्वारा हंगामा करने के मामले में मिल के प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना ने दस कर्मचारियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सीओ ज्योति यादव ने चीनी मिल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया । तथा कुछ कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए ।

गौरतलब है कि किसान सहकारी चीनीमिल में मंगलवार सुबह कैजुअल कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर लामबंद हो गए। प्रधान प्रबंधक शैलेन्द्र अस्थाना व सीसीओ दामिनेश राय ने जब समझाने का प्रयास किया तो उग्र हो नारेबाजी करने लगे। कर्मचारियों ने अधिकारियों पर मारपीट करने व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी । वहीं चीनीमिल के प्रधान प्रबंधक शैलेंद्र अस्थाना की ओर से दी गई तहरीर के क्रम में पुलिस ने चीनीमिल कैजुअल कर्मचारी संजय यादव , प्रदीप यादव , आलोक यादव , सचिन सिंह , निर्भान सिंह यादव , दुर्गेश कुमार , मनोज प्रजापति , आशुतोष मौर्या , अनुराग गंगवार व अभिषेक शर्मा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने मिल पहुंचकर देर रात तक जांच पड़ताल की । और अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए । इसी दौरान मिल कॉलोनी से आरोपी अभिषेक शर्मा को हिरासत में ले लिया। जिन्हें बुधवार सुबह नोटिस रिसीव कराकर हिरासत मुक्त कर दिया गया।

सीओ ज्योति यादव ने बताया कि चीनीमिल परिसर में कर्मचारी अपना काम शांतिपूर्वक कर रहे हैं । पुलिस जांच के आधार पर कार्यवाही करेगी। उधर चीनी मिल प्रधान प्रबंधक ने बताया कि आरोपी कर्मियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आए दिन कुछ कर्मचारी मिल को बंद कराने की धमकी देते रहते थे।

और ड्यूटी न करके सिर्फ नेतागिरी करते हैं। उन्होंने कहा जिस मिल से हजारों किसानों के परिवारों का हित जुड़ा हुआ है । उसे बंद कराए जाने की साजिश को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लैक लिस्ट किए गए कर्मियों के स्थान पर कायमगंज फैक्ट्री बंद होने के चलते वहां से कर्मियों को बुला लिया गया है। मिल का कार्य सुचारू है।

## कृषकों में निःशुल्क बीज वितरण को उपलब्ध : पाठक

**शाहजहांपुर।** जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि कृषकों में निःशुल्क वितरण के लिए जनपद को एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यकमान्तर्गत हल्दी बीज प्रजाति आजादी हल्दी-1 मात्रा 130.00 किग्रा तथा मात्रा 2,50,000 अद्द एवं मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना राज्य सेक्टर के अन्तर्गत संकर तरोई बीज प्रजाति "जल मात्रा 26.8 किग्रा, संकर खीरा बीज प्रजाति ठै 646 मात्रा 5.75 किग्रा एवं संकर हरी मिर्च बीज प्रजाति ठै 344 मात्रा 4.4 किग्रा प्राप्त हो चुका है।



## सार्वजनिक सूचना

मैं (RITESH VAISHY) रितेश वैश्य मेरा बैंक ऑफ इण्डिया, चौक-शाखा, लखनऊ में एक बचत खाता है जिसका खाता संख्या 680210110012403 और नाम त्रुटिवश रितेश वैश्य कसौधन (RITESH VAISH KASAUDHAN) अंकित है जो गलत है, सही नाम रितेश वैश्य (RITESH VAISHY) है और सभी अभिलेखों में है। रितेश वैश्य (RITESH VAISHY) और रितेश वैश्य कसौधन (RITESH VAISH KASAUDHAN) दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। अत~बैंक में रितेश वैश्य (RITESH VAISHY) ही समझा जाये। रितेश वैश्य पुत्र श्री प्रेम शंकर निवासी- 67-ए, मानस नगर जियामऊ, हजरतगंज, लखनऊ-226001

## खबरें एक नजर में

### आयुक्त ने किया निर्माणाधीन दुर्गा मंदिर कॉरिडोर का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा मोहल्ला भारद्वाजी मंडी में निर्माणाधीन दुर्गा मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की स्थिति को देखा व अवैध अतिक्रमण की भी स्थिति का जायजा लिया, सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य समयम पूर्ण कराया जाए तथा अवैध अतिक्रमण को भी तत्काल हटाया जाए। निरीक्षण के समय नगर निगम की प्रवर्तन दल टीम व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से मैट्रो कर्मी की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बुधवार को मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा हवेली से एक युवक तिलहर पैदल आ रहा युवक तिलहर में गुलचंपा रेलवे क्रासिंग ट्रैक की डाउन लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । जीआरपी ने मौके पर पहुंच शव को सील कर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। मृतक की शिनाख्त गांव बरखेड़ा हवेली निवासी 32 वर्षीय अनुज गंगवार पुत्र अवधनाथ गंगवार के रूप में शिनाख्त हुई। परिजनों ने बताया कि अनुज गंगवार दिल्ली मेट्रो में कैजुअल कर्मचारी था। वह छुट्टी पर घर आया हुआ था।

### जंगल से अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

**तिलहर - शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पिंगरा पिंगरी क्षेत्र में गर्रा नदी के किनारे एक अज्ञात वृद्ध का शव बरामद हुआ है। जिसकी उम्र करीब 55 वर्ष है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने क्षेत्र वासियों से शव की शिनाख्त की बाबत उनके अथवा सीओ के सीयूजी नम्बर पर सूचना देने की अपील की है।

### रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव का शुभारंभ आज से

**शाहजहांपुर।** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के मार्गदर्शक पूज्य गुरुदेव कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और करुणामय मार्गदर्शन में आयोजित बीस दिवसीय बसंत उत्सव का शुभारंभ कल गुरुवार आध्यात्मिक उल्लास के साथ हो रहा है। पूज्य दाजी का आज दोपहर करीब 12 बजे शाहजहांपुर आश्रम आगमन हुआ। यहां पहुंचने पर बाबूजी महाराज के सुपुत्र सर्वेश चंद्रा, मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल,ए के गर्ग, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, माधोगोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, अमिता चंद्रा, रामचंद्र ने स्वागत किया।

### निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा, इसलिए हमें मतदाता अवश्य बनना चाहिए।इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ खलील अहमद ने स्वयंसेवियों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया और मतदाता जागरूकता से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया।कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली,जिसमें लोगों को वोट बनवाने,विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग करने और अपने वोट की अहमियत समझने के लिए प्रेरित किया गया।इस दौरान स्वयंसेवियों द्वारा लक्ष्य गीत भी गाया।शिविर को सफल बनाने में एनएसएस की तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ समन जहरा जैदी,डॉ रजा रसूल,डॉ निज़ामुद्दीन खान और छात्र-छात्राओं में अलवीरा खान, तेजपाल, गौरी, साक्षी, अनूप, अभिनव एवं जाहिद आलम आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सड़क हादसे में घायल छात्र की इलाज के दौरान एक सप्ताह बाद मौत हो गई। पीड़ित पिता ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दर्ज कराई है। जैतीपुर के बंधरी गांव निवासी संजेश ने बताया कि 4 फरवरी की सुबह उनका पुत्र सुधांशु स्कूल जा रहा था। तिलहर बरखेड़ा मार्ग पर पिथनापुर स्थित स्कूल के सामने तेज गति और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए पिथनापुर गांव के ट्रैक्टर चालक कर्मवीर उर्फ कटीले ने सुधांशु को टक्कर मार दी जिससे सुधांशु ट्रैक्टर में फंस गया और चालक उसे कई मीटर तक घसीटा रहा। वहां पर मौजूद लोगों ने उसे रोकना चाहा लेकिन वह नहीं रुका। घायल सुधांशु को शाहजहांपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 10 फरवरी को डॉक्टर ने उसे बरेली रेफर कर दिया। बरेली ले जाते समय 10 फरवरी की रात रास्ते में सुधांशु की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया।

### पुलिस की तत्परता से टली बड़ी वारदातः मुख्य चौराहे पर हमले के तुरंत बाद आरोपी गिरफ्तार

**खुदागंज शाहजहांपुर।** नगर के मुख्य चौराहे पर बुधवार को दिनदहाड़े हुई मारपीट की घटना में पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बड़ी अनहोनी टल गई। कुछ दबंगों द्वारा पहाड़ीपुर भीपुर ग्राम प्रधान पति सुधीर गंगवार पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर आरोपियों को घटनास्थल से ही धर दबोचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही हमलावरों ने सुधीर गंगवार को घेरकर मारपीट शुरू की, आसपास अफरा-तफरी मच गई। बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई थी। उसी दौरान चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए साहस दिखाते हुए हमलावरों को काबू में कर लिया। पुलिस की इस तत्परता से स्थिति और अधिक बिगड़ने से बच गई। घटना में घायल सुधीर गंगवार को पुलिस की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें सिर गंभीर चोट आई है, लेकिन समय पर इलाज मिलने से स्थिति नियंत्रण में है। खुदागंज थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है घटना के पीछे के कारणों की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की बात सामने आ रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद एहतियातन मुख्य चौराहे और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है और कहा है कि यदि पुलिस समय पर न पहुंचती तो घटना और गंभीर रूप ले सकती थी।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बावजूद पुलिस की सक्रियता ने यह संदेश दिया है कि नगर में कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी

# ब्लाकों में अव्यवस्थाओं का अंबार सीडीओ ने बीडीओ कांट का वेतन रोका

**सीडीओ ने फील्ड पर कार्यरत कर्मियों की हाजिरी मोबाइल फोन से सत्यापित की**

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** शासन की मंशानुरूप गांव-गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह द्वारा लगातार ब्लाक मुख्यालयों का निरीक्षण कर धरातल पर व्यवस्थाएं परखी जा रही है। जिसमें लापरवाह कर्मियों पर सीडीओ का एक्शन जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने विकास भवन में जनता दर्शन कर जनसमस्याओं को सुना। जिसके बाद उन्होंने सिंधौली ब्लाक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास खंड परिसर के मुख्य द्वार पर गंदगी पाए जाने पर सीडीओ का पारा चढ़ गया और उन्होंने संबंधित कर्मियों की फटकार लगाते हुए, तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय ब्लॉक कार्यालय, एनआरएलएम, पंचायत, मनरेगा, पशु चिकित्सालय एवं कृषि विभाग के कर्मियों की उपस्थिति का अवलोकन किया। फील्ड पर कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति मोबाइल फोन के माध्यम से सत्यापित की गई। इसके अतिरिक्त कार्यालयों में संधारित पत्रावलियों के रख-रखाव सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। परिसर में उपस्थित सभी कर्मचारियों को कार्यालय समय से नियमित रूप से उपस्थित रहने एवं आईडी कार्ड सदैव धारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल, शौचालय एवं सीसीटीवी व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

**टूटी बाउंड्रीवॉल न पेयजल समस्या, कांट बीडीओ का वेतन रोका**

बीते दिनों सीडीओ द्वारा जब जलालाबाद रोड पर कांट ब्लाक का निरीक्षण किया गया, तो वहां पर अव्यवस्थाएं पाई गई। निरीक्षण में बाउंड्रीवाल टूटी, ब्लाक के मुख्य गेट पर न पेंटिंग, सफाई व्यवस्था खराब, जगह जगह गंदगी पड़ी थी। बिल्डिंग भी जर्जर एवं पानी की व्यवस्था तक नहीं थी। जिसको देखकर सीडीओ ने बीडीओ इंद्र कुमार शुक्ला पर नाराजगी जाहिर की और कार्यवाही करते हुए वेतन रोका है। हालांकि निरीक्षण के बाद ब्लाक परिसर में साफ सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। जिसके फोटो भी सीडीओ ने जियो टैग के साथ मुख्यालय मंगवाए है।

**वृहद गौसंरक्षण केन्द्र पाता में व्यवस्थाएं परखी:**

सीडीओ ने विकास खण्ड सिंधौली में वृहद गौसंरक्षण केन्द्र पाता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में संरक्षित गौवंशों की देखभाल, चारा-पानी की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, शेड की स्थिति तथा चिकित्सकीय सुविधाओं का अवलोकन किया।सीडीओ ने गौ-संरक्षण केन्द्र में व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौवंशीय पशुओं के लिए जो भी सुविधाएं होनी चाहिए, वह धरातल पर दिखाई दे, इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद की सभी ब्लाकों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे कि वहां पर मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया जा सके। जो भी वहां पर अव्यवस्थाएं बनी हुई है, उनको दूर किया जा सके। अभी कांट, मदनापुर, जलालाबाद, ददरौल व सिंधौली ब्लाक का निरीक्षण किया जा चुका है। आगे भी निरीक्षण व कार्यवाही प्रक्रिया जारी रहेगी। **-डा.अपराजिता सिंह, सीडीओ**

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बड़ा बदलाव, अब जंगल सफारी के दौरान पर्यटक मोबाइल फोन साथ नहीं ले जा सकेंगे

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।** वन्यजीव संरक्षण को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व (क्क्षत्र) प्रशासन ने पर्यटकों के लिए मोबाइल फोन ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह नियम गुरुवार (10 फरवरी 2026) से प्रभावी हो गया है, जिसके तहत अब टूरिस्ट जंगल सफारी के दौरान अपने साथ मोबाइल फोन नहीं रख सकेंगे।सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2025 में मामले में दिए गए आदेश में टाइगर रिजर्व के कोर हैबिटेट और पर्यटन जोनों में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसका मकसद मानवीय हस्तक्षेप को कम करना, वन्यजीवों पर तनाव घटाना और प्राकृतिक व्यवहार को संरक्षित रखना है।प्रतिबंध के मुख्य कारणसफारी के दौरान मोबाइल से फोटो/वीडियो लेने या कॉल करने से जानवरों के स्पॉट होने पर कई वाहन एक जगह जमा हो जाते हैं, जिससे भीड़ और शोर होता है। सोशल मीडिया पर लोकेशन शेयर होने से शिकारियों को जानवरों की जानकारी मिल सकती है। पर्यटक कभी-कभी गाड़ी से उतरकर फोटो लेने की कोशिश करते हैं, जो ह्वञ्जष्ट नियमों के खिलाफ है और जानलेवा साबित हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल की जगह पर्यटक कैमरा (ष्ठस्रुक्रया सामान्य) ले जा सकते हैं, क्योंकि फोटोग्राफी की अनुमति पहले से है। हालांकि, मोबाइल का कोई भी उपयोग (कॉल, फोटो, वीडियो या इंटरनेट) पूरी तरह वर्जित रहेगा। पर्यटकों को सफारी शुरू होने से पहले मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस, बराही गेट या महोफ गेट पर अपना मोबाइल जमा करना होगा। उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।पर्यटकों और विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया मिश्रितकुछ पर्यटक और वन्यजीव प्रेमी इस फैसले से नाखुश हैं। उनका कहना है कि मोबाइल से आसानी से यादें कैद की जा सकती हैं और इमरजेंसी में मदद के लिए फोन जरूरी होता है। वहीं, संरक्षणकर्ता इसे स्वागतयोग्य बता रहे हैं, क्योंकि इससे जंगल की शांति बनी रहेगी और वन्यजीव सुरक्षित रहेंगे।

### विधिक साक्षरता शिविर में दी गई कानून की जानकारी

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जैतीपुर के श्री लटूरीलाल इंटर कालेज में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें तहसीलदार दीपेंद्र कुमार , पैनल अधिवक्ता राहुलदेव सागर ने उपस्थित जन समूह को कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर थानाध्यक्ष जैतीपुर समेत विद्यालय स्टाफ व ग्राम प्रधान समेत क्षेत्र की जनता ने शिविर में सहभागिता की।

## यूपी बजट : सत्तापक्ष ने बजट को बताया विकसित भारत का संकल्प, विपक्ष ने नकारा

**बजट पर आमजन की आई मिलीजुली प्रतिक्रियाएं**

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** यूपी बजट बुधवार को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन में पेश किया है। जिसके बाद सत्तापक्ष ने जहां बजट को विकसित भारत का संकल्प बताया तो वही विपक्ष ने बजट को सिर्फ़ दिखावटी व झुनझुना बताया। इसके साथ ही व्यापारियों, युवाओं, किसानों, आमजन ने भी बजट पर अपनी अपनी मिलीजुली प्रतिक्रियाएं रखी। वही बाजारों, घरों में भी बजट को देखने के लिए लोग टीवी चैनलों पर नजरें लगाएं बैठे रहे।

**बजट पर आई प्रतिक्रियाएं :**

सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां का कहना है कि शाहजहांपुर के लिए कोई नया आयाम नही मिला है।बेरोजगारी के लिए कार्य नहीं किया गया है। आज महंगाई चरम सीमा पर है, यह बजट सिर्फ दिखावटी है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री शाहजहांपुर से है लेकिन शाहजहांपुर के युवाओं के लिए कोई भी उम्मीद इस बजट में नहीं दिखी,विशेषकर एसएस कॉलेज जो युवाओं के लिए बड़ी उम्मीद थी। उसको भी वित्त मंत्री ने मात्र 21 करोड़ बजट देकर ऊंट के मुंह में जीरा है। किसान,नौजवान,महिला विरोधी बजट है।

भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने बताया कि यह बजट प्रदेश को तरक्की की राह पर ले जाएगा। इससे किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी हर वर्ग को लाभ मिलेगा। योगी मोदी सरकार देश व प्रदेश के हित में निरंतर कार्य कर रही है। विपक्ष का हमेशा सही कार्य पर कटाक्ष करना आदत है। इसलिए इस पर कुछ भी प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि बजट हर बार आता है, इसमें किसानो, नौजवानों, महंगाई पर दिखावा तो करते हैं, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं होता है। महंगाई से आमजन जीवन अस्त व्यस्त हो रखा है।

**आज पेश हुए उत्तर प्रदेश के बजट पर आमजन की प्रतिक्रियाएं**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवा विकास को लेकर कई सराहनीय घोषणाएँ की गई हैं। विशेष रूप से मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान करने हेतु 400 करोड़ रुपये का बजट तय करना बेटियों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सुविधा को मजबूत करने वाला कदम है। इसके साथ ही वर्किंग महिलाओं के लिए हॉस्टल जैसी व्यवस्था सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक अवसरों की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के बयान के विरोध में शिक्षकों का जोरदार प्रदर्शन

**केन्द्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला और वक्तव्य की प्रतियों जलाई**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त आवाहन पर केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी टीईटी अनिवार्यता लागू करने संबंधी दिए गए बयान के विरोध में जनपद शाहजहांपुर के शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र एवं जिला मंत्री देवेश बाजपेई के नेतृत्व में दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं शाम 4 बजे रामलीला मैदान, खिरनीबाग में एकत्रित हुए। शिक्षकों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार से सकारात्मक रुख अपनाने की मांग करते हुए कहा कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों का अहित न होने देने का आश्वासन दिया गया था, किंतु उसके बाद केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी द्वारा सभी पर टीईटी अनिवार्य बताए जाने के बयान से पूरे देश के लाखों शिक्षक आक्रोशित हैं। आक्रोशित शिक्षक रामलीला मैदान से नारेबाजी करते हुए सुदामा प्रसाद चौराहे तक पहुंचे, जहां उन्होंने जयंत चौधरी के वक्तव्य की प्रतियों को जलाकर विरोध दर्ज कराया। इसके उपरांत पुनः रामलीला मैदान लौटकर शिक्षकों ने पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवा शर्तों में इस प्रकार का परिवर्तन न्यायसंगत नहीं है और यदि सरकार ने इस विषय पर स्पष्ट एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र इब्ने हसन उर्फ सोनू व पुत्रवधू अफसाना को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मतलूब हसन**
**पुत्र सुकीम**
**नि.मो. बहादुरगंज**
**कस्बा व थाना तिलहर,**
**शाहजहांपुर।**

### परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाया गया समाचार पत्र

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित करते हुए परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को दैनिक समाचार पत्र में विभिन्न भाषाओं ज्ञान कराया गया साथ ही समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली विभिन्न प्रमुख खबरों की भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। जनपद के परिषदीय विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय हाशिमपुर खेड़ा, उच्च प्राथमिक विद्यालय पुवायां, प्राथमिक विद्यालय मठिया, प्राथमिक विद्यालय कुटुआपुर, प्राथमिक विद्यालय सौंफरी, छात्रों को दैनिक समाचार पत्र पढ़ाया गया।

## जलालाबाद में नाबालिग पुत्र को अगवा कर लूटा

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** जिले के थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला कानूनगोयां, वार्ड प्रेमनगर के निवासी खुशीराम ने पुलिस को अपने करीब 17 वर्षीय पुत्र शुभ्रत पर हुई मारपीट, लूट और अपहरण की कोशिश की घटना की शिकायत दर्ज कराई है. पीड़ित में स्थानीय पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, 9 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 1 बजे मोहल्ले के अनुराग, शगुन और शिवम वर्मा (पिता भूपेंद्र सिंह) सहित 6 अज्ञात साथियों ने मोटरसाइकिल पर आकर शुभ्रत को घर से बाहर बुलाय आते ही अश्लील गालियां दीं, मारपीट की और जबरिया मोटरसाइकिल पर बिठाकर संस्कृत विद्यालय के पास ले गए। वहां पीड़ित पिता खुशीराम के पहुंचने पर आरोपी घबरा गए और शुभ्रत को पीटकर उसकी गले की सोने की चेन तथा जेब से 5300 रुपये छीन लिए। घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया तथा परिवार को 'मिटा देंगे' की धमकी देकर फरार हो गए। शाम करीब 6 बजे मोहल्ले की मंधु (पति मानसिह), मानसिह, पूजा (पति सुनील) और जूली (पति अन्नू) ने पीड़ित घर पर आकर जातिसूचक शब्दों के साथ गालियां दीं तथा थाने रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया लूट की घटना झूठी है दूसरे पक्ष से भी छेड़छाड़ की रिपोर्ट आई है, मारपीट का वीडियो देखा है.पुलिस मामले की जांच कर रही है इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**राजीव गुप्ता**
**ब्लाक संवाददाता कलान,**
**शाहजहांपुर,**
**मो. 9451240924**

**न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पुवायां, शाहजहांपुर**

**वाद संख्या- टी 20241261 0206128**

अंतर्गत धारा 144 उ.प्र. राजस्व संहिता ग्राम-हरवल्लभपुर, परगना-बड़ागांव, तहसील- पुवायां, जिला-शाहजहांपुर

**राम स्वरूप**
**बनाम**
**सरकार आदि**
**नोटिस**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि राम स्वरूप पुत्र विशनू निवासीः ग्राम-हरवल्लभपुर परगना-बड़ागांव, तहसील- पुवायां, जिला-शाहजहांपुर ने प्रतिवादीगण बुद्धा पुत्र तेजा निवासीः ग्राम-हरवल्लभपुर परगना-बड़ागांव, तहसील- पुवायां, जिला-शाहजहांपुर व उ.प्र.सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय शाहजहांपुर व ग्राम पंचायत ग्राम-हरवल्लभपुर परगना-बड़ागांव, तहसील- पुवायां, जिला-शाहजहांपुर के विरुद्ध उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा सूचना पत्र प्रेषित किए गए। नोटिस तामील उपरांत भी आप लोगों द्वारा उक्त वाद में अब तक कोई प्रतिवाद प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जो मुकदमा हाजा से वाकिफ हो, न्यायालय में नियत तिथि 16-02-2026 को उपस्थित होकर अभिकथन प्रस्तुत करें, अथवा की स्थिति में एक पक्षीय कार्रवाही अमल में लाई जाएगी।

दिनांक 03-02-2026

**उप जिलाधिकारी (न्यायिक)**
**पुवायां, शाहजहांपुर।**

**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ** के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | PnU-LKO-PRG-WRL-101-24-1 (Pay & Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-570-25-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-MFKA-OH-628-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-BTKD-OH-629-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-UTR-OH-628-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-DYD-OH-626-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-AME-MFC-139-25-1 (Misc-Static-Services -Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-RBL-MFC-138-25-1 (Misc-Static-Services -Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.02.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.02.2026 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-ON-OH-632-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-ON-OH-630-26-1 (Advertising out of home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-BSB-OSD-623-26-1 (Advertising on station (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2026 समय 12:20 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/ LKO DIV/ Publicity/CPRO/2025/KKG Dt. 10.02.2026 459/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव का शुभारंभ आज से, शाहजहांपुर आश्रम पहुंचने पर दाजी का भव्य स्वागत

**शाहजहांपुर।** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के मार्गदर्शक पूज्य गुरुदेव कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और करुणामय मार्गदर्शन में आयोजित बीस दिवसीय बसंत उत्सव का शुभारंभ कल गुरुवार आध्यात्मिक उल्लास के साथ हो रहा है। पूज्य दाजी का आज दोपहर करीब 12 बजे शाहजहांपुर आश्रम आगमन हुआ। यहां पहुंचने पर बाबूजी महाराज के सुपुत्र सर्वेश चंद्रा, मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल,ए के गर्ग, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, माधोगोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल , श्री गोपाल अग्रवाल, अमिता चंद्रा, रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव का शुभारंभ आज से

**शाहजहांपुर आश्रम पहुंचने पर दाजी का भव्य स्वागत**

शाहजहांपुर। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के मार्गदर्शक पूज्य गुरुदेव कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और करुणामय मार्गदर्शन में आयोजित बीस दिवसीय बसंत उत्सव का शुभारंभ कल गुरुवार आध्यात्मिक उल्लास के साथ हो रहा है। पूज्य दाजी का आज दोपहर करीब 12 बजे शाहजहांपुर आश्रम आगमन हुआ। यहां पहुंचने पर बाबूजी महाराज के सुपुत्र सर्वेश चंद्रा, मिशन के संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल,ए के गर्ग, उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल, माधोगोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल , श्री गोपाल अग्रवाल, अमिता चंद्रा,



बाबूजी के प्रपौत्र विनीत चंद्रा सुयश सिन्हा, सुमन अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सौमेंद्र त्यागी, सहित सैकड़ों अभ्यासियों और छोटे छोटे बच्चों ने फूल भेंटकर ने उनका भव्य स्वागत किया । पूज्य दाजी के आगमन से आश्रम परिसर मानो साधना की सुवास और चेतना की उजास से आलोकित हो उठा। वातावरण में शांति, प्रेम और आत्मिक ऊर्जा का ऐसा संगम दृष्टिगोचर हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को भीतर तक स्पंदित कर दिया। यहां पहुंचने के बाद दाजी पूरे आश्रम का निरीक्षण किया। उत्सव में सहभागिता हेतु देश के विभिन्न प्रांतों सहित विदेशों से भी हजारों अभ्यासी शाहजहांपुर आश्रम पहुँच रहे हैं। शाम को पूज्य दाजी ने उपस्थितअभ्यासियों को ध्यान कराया।

**रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर दिन भर अभ्यासियों का तांता लगा**

शाहजहांपुर । श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में मनाये जा रहे बसंत उत्सव के लिए देश विदेश से अभ्यासियों के आने का सिलसिला मंगलवार रात से ही शुरू हो गया जो बुधवार देर रात तक जारी रहा। रेलवे और बस स्टेशन से मिशन के स्वंय सेवकों ने अभ्यासियों को बस द्वारा आश्रम पहुंचाया।

## साइबर डकैती पर सख्ती

देश में तेजी से बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों पर शीर्ष अदालत का सख्त रुख वक्त की जरूरत है। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में 54 हजार करोड़ रुपये का डिजिटल फ्रॉड सीधे-सीधे डकैती है। साइबर ठगी खासकर डिजिटल अरेस्ट के जरिये उपभोक्ताओं का करोड़ों रुपये हड़पने के मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने जवाबदेह हितधारकों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने सीबीआई, बैंकों, आरबीआई की कोताही पर प्रश्न खड़े किए। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इन संस्थाओं ने लोगों के खून-पसीने की कमाई को बचाने के लिये समय रहते जरूरी कदम नहीं उठाये हैं। कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट मामलों में कतिपय बैंक अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट का कहना था कि यह कैसे संभव है कि बैंक अधिकारियों की नाक के नीचे साइबर ठग खाताधारकों का करोड़ों रुपया ठिकाने लगाने में कामयाब हो जाते हैं। कोर्ट ने आशंका जतायी कि इन साइबर ठगी में बैंक अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत हो सकती है। साइबर ठगी को सीधी डकैती की संज्ञा देते हुए अदालत ने कहा कि इस ठगी पर रोक के लिये केंद्र सरकार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर यानी एसओपी तैयार करे। इतना ही नहीं कोर्ट ने गृह मंत्रालय को निर्देश दिया कि आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य हितधारकों के लिये चार सप्ताह में एसओपी का ड्राफ्ट तैयार किया जाए। बैंकों की कारगुजारी पर नाराजगी जताते हुए कोर्ट ने कहा कि बैंकों को अहसास होना चाहिए कि वे जनता के पैसों के ट्रस्टी हैं। उन्हें जनता के भरोसे को नहीं तोड़ना चाहिए। कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई कि आखिर कैसे साइबर ठगी के लाखों केस सामने आ रहे हैं। अकसर सवाल उठाये जाते रहे हैं कि डिजिटल अरेस्ट व अन्य धोखाधड़ी के मामलों में करोड़ों रुपये साइबर अपराधी दूसरे खातों में डाल रहे होते हैं तो बैंक समय पर कार्रवाई क्यों नहीं करते? जबकि बैंकों के पास डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड करने का भी अधिकार है। इसमें दो राय नहीं कि बैंकों के पास ऐसा सिस्टम होना जरूरी है, जिसके जरिये निगरानी हो सके कि कैसे किसी के खाते से निकाली गई बड़ी धनराशि जल्दी-जल्दी दूसरे खातों में हस्तांतरित हो रही है। निश्चित तौर पर बैंकों के सुरक्षा सिस्टम को तत्काल ऐसे मामलों में संज्ञान लेना चाहिए। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट को रिजर्व बैंक के बाबत टिप्पणी करनी पड़ी कि साइबर ठगी के जरिये जिन खातों से पैसा ठिकाने लगाया जाता है, उस पर संबंधित बैंकों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यह सवाल तार्किक है कि अब तक संबंधित बैंक हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठे रहे हैं? इसमें दो राय नहीं कि यदि बैंक, पुलिस और अन्य एजेंसियां समय रहते तत्काल कार्रवाई करें तो लोगों के खातों में डकैती से हुए नुकसान को कम किया जा सकता है। वैसे एक साल में बाइस लाख साइबर ठगी की शिकायतें सामने आने के बाद कहना कठिन है कि सीबीआई और अन्य एजेंसियां साइबर ठगी के मामलों में तत्काल अंकुश लगा पाएंगी। वक्त की जरूरत है पुलिस व अन्य एजेंसियों को प्रशिक्षित करके इतना सक्षम बनाया जाए कि वे इन अपराधों की संख्या पर रोक लगा सकें। यह तभी संभव है जब देश का गृह मंत्रालय, केंद्रीय बैंक और टेलीकॉम अथॉरिटी मिलकर इस दिशा में तुरत-फुरत काम करें। इसके लिये जरूरी है कि पूरे देश में यथाशीघ्र एसओपी लागू किया जाए। जिसके लिये शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह के भीतर ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। निश्चित ही यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि एक छोटे राज्य के सालाना बजट से अधिक करीब 54 हजार करोड़ रुपये की धनराशि साइबर डकैती से लूट ली गई है। जिसमें राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगों की भूमिका बनी हुई है। आज देश के बुजुर्गों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों व भोले-भाले लोगों को जिस तरह साइबर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है, उसके खिलाफ केंद्र सरकार को राज्य सरकार व अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल बनाकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है।

# शोक सभाओं की भव्यता का दुर्भाग्यपूर्ण चलन

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसके उत्सवों से नहीं बल्कि उसके शोक से होती है। समाज दुःख को किस तरह ग्रहण करता है, उसे किस गरिमा और संवेदनशीलता के साथ व्यक्त करता है- यही उसकी मानवीय परिपक्वता का पैमाना है। दुर्भाग्यवश, आज हमारा समाज इस कसौटी पर खरा उतरता हुआ नहीं दिखता। शोक सभाएं, जो कभी दुःख बांटने और शोकाकुल परिवार को संबल देने का सहज माध्यम थीं, अब धीरे-धीरे भव्यता, प्रदर्शन और सामाजिक प्रतिस्पर्धा का मंच बनती जा रही हैं।

आज देश के अनेक हिस्सों में प्रमुख अखबारों के पन्ने पलटते समय यह दृश्य सामान्य हो गया है कि एक ही व्यक्ति के लिए दस, बीस या पचास शोक संदेश एक ही दिन प्रकाशित हो रहे हैं। वे भी साधारण नहीं बल्कि रंगीन, बड़े फॉन्ट में, कई बार पूरे-पूरे पृष्ठों पर। शोक संदेश अब सूचना नहीं, बल्कि विज्ञापन का रूप ले चुके हैं।

कभी छह-सात पंक्तियों का श्वेत-श्याम शोक संदेश ही यह बताने के लिए पर्याप्त होता था कि अमुक व्यक्ति का निधन हो गया है और अमुक स्थान पर शोक सभा आयोजित है। रिश्तेदार और परिचित बिना किसी तामझाम के पहुंच जाते थे। उस समय शोक की अभिव्यक्ति में सादगी थी, मौन था और आत्मीयता थी।

समय के साथ यह सादगी कहीं खोती चली गई। आज शोक संदेश का आकार, उसका रंग, उसका स्थान और उसका खर्च- सब कुछ सामाजिक हैसियत का प्रतीक बन गया है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मृत्यु जैसे अंतिम सत्य को भी हमने स्टेटस सिंबल में बदल दिया है। अब यह देखा जाता है कि किस परिवार ने कितना बड़ा शोक संदेश दिया, किसने रंगीन दिया और किसका संदेश पहले पन्ने पर छपा।

शोक सभाओं का स्वरूप भी इसी प्रवृत्ति का प्रतिबिंब बन गया है। अब साधारण बैठक या घर के आंगन में बैठकर संवेदना प्रकट करने का चलन कम होता जा रहा है। उसकी जगह विशाल मंडप, सजे हुए पंडाल, सफेद पर्दे, कालीन और भव्य साज-सज्जा ने ले ली है। कई बार तो शोकसभा किसी बड़े बैंक्वेट हॉल या मैरिज गार्डन में आयोजित की जाती है, जहां का वातावरण शोक से अधिक किसी सामाजिक समारोह जैसा प्रतीत होता है।

मंच पर मृतक का बड़ा, सुसज्जित चित्र रखा जाता है, पुष्पमालाओं और सजावटी रोशनी के बीच। शोकाकुल परिवार के सदस्य भी पूरी तरह सज-संवरकर आते हैं। उनका पहनावा, उनकी देहभाषा और उनका व्यवहार किसी गहरे दुःख की अनुभूति नहीं कराता।




**एक और चिंताजनक पहलू यह है कि पुण्य स्मृति और पुण्य तिथि जैसे अत्यंत निजी भाव भी अब सार्वजनिक प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हैं। किसी प्रियजन को याद करना व्यक्तिगत अनुभूति है। उसकी स्मृति मन में, परिवार के बीच और सादगी के साथ जीवित रहनी चाहिए। फिर यह आवश्यकता क्यों महसूस होती है कि बरस-दर-बरस अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन देकर पूरे समाज को बताया जाए कि आप आज भी अपने प्रिय को याद करते हैं? क्या स्मरण का मूल्य उसके प्रचार में निहित है? यह प्रश्न केवल परंपरा का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता का भी है। जब निजी दुःख सार्वजनिक दिखावे में बदल जाता है, तो उसकी आत्मा खो जाती है। शोक, जो आत्ममंथन और विनम्रता का अवसर होना चाहिए, वह अहं और प्रदर्शन का साधन बन जाता है। समय आ गया है कि समाज इस प्रवृत्ति पर गंभीरता से विचार करे। हमें यह समझना होगा कि मृत्यु किसी की सामाजिक हैसियत नहीं पूछती। वह सबको समान बना देती है। ऐसे में शोक की अभिव्यक्ति भी समान, सरल और गरिमामय होनी चाहिए। शोकसभा का उद्देश्य मृतक के प्रति श्रद्धांजलि देना और जीवितों को सांत्वना देना है, न कि समाज के सामने अपनी सामर्थ्य का प्रदर्शन करना। मीडिया, सामाजिक नेतृत्व और स्वयं समाज को मिलकर इस दिशा में आत्मसंयम दिखाना होगा। अखबारों को भी यह सोचना चाहिए कि शोक संदेशों को विज्ञापन के रूप में बढ़ावा देना कहीं इस प्रवृत्ति को और तो नहीं बढ़ा रहा। सामाजिक प्रतिष्ठा का मापदंड शोक संदेशों के आकार से नहीं बल्कि मानवीय संवेदना से तय होना चाहिए।**

ऐसा नहीं है कि वे दुःखी नहीं हैं लेकिन शोक की वह स्वाभाविक सादगी, वह मौन पीड़ा, इस भव्यता में दब जाती है।

शोकसभा में उपस्थित लोगों की संख्या अब संवेदना का नहीं बल्कि प्रतिष्ठा का पैमाना बन चुकी है। कितने लोग आए, कितनी गाड़ियां आईं, कितने नेता पहुंचे, कितने अधिकारी आए- इन सबकी गिनती और चर्चा होती है। शोकसभा समाप्त होने के बाद भी यह मूल्यांकन चलता रहता है कि अमुक व्यक्ति तो आया ही नहीं या फलां बड़े साहब भी पहुंचे थे। मानो शोकसभा मृतक के प्रति श्रद्धांजलि न होकर सामाजिक शक्ति प्रदर्शन का अवसर हो।

यह प्रवृत्ति केवल तथाकथित उच्च वर्ग तक सीमित नहीं रही है। छोटे और मध्यमवर्गीय परिवार भी अब इस होड़ में शामिल होते जा रहे हैं। वे जानते हैं कि इस तरह का आयोजन उनकी आर्थिक क्षमता से बाहर है, फिर भी सामाजिक दबाव के कारण वे पीछे हट नहीं पाते। परिणामस्वरूप शोकसभा, जो मानसिक संबल देने का अवसर होनी चाहिए, आर्थिक बोझ में बदल जाती है। कई परिवार इस बोझ को उठाने में कठिनाई महसूस करते हैं, लेकिन लोग क्या कहेंगे के भय से मजबूरी में यह सब करते हैं।

इस भव्य आयोजन में खानपान की व्यवस्था भी एक महत्वपूर्ण तत्व बन गई है। चाय, कॉफी, मिनरल वाटर, नाश्ता और कई बार भोजन तक की व्यवस्था की जाती है। इन व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और विविधता पर भी ध्यान दिया जाता है। यह दृश्य उस मूल भावना से बिल्कुल विपरीत है, जिसके तहत शोकसभा का आयोजन किया जाता है। शोकसभा का उद्देश्य लोगों को खिलाना नहीं बल्कि शोकाकुल परिवार के दुःख में सहभागी बनना है।

शोकसभाओं में शामिल होने वाला व्यक्ति भी कई बार असमंजस में पड़ जाता है। वातावरण देखकर यह महसूस ही नहीं होता कि वह किसी शोकसभा में आया है। नए-नए रिवाज गढ़ लिए गए हैं, जबकि पुराने, सरल और गरिमामय रिवाज धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं।

एक और चिंताजनक पहलू यह है कि पुण्य स्मृति और पुण्य तिथि जैसे अत्यंत निजी भाव भी अब सार्वजनिक प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हैं। किसी प्रियजन को याद करना व्यक्तिगत अनुभूति है। उसकी स्मृति मन में, परिवार के बीच और सादगी के साथ जीवित रहनी चाहिए। फिर यह आवश्यकता क्यों महसूस होती है कि बरस-दर-बरस अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन देकर पूरे समाज को बताया जाए कि आप आज भी अपने प्रिय को याद करते हैं? क्या स्मरण का मूल्य उसके प्रचार में निहित है?

यह प्रश्न केवल परंपरा का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता का भी है। जब निजी दुःख सार्वजनिक दिखावे में बदल जाता है, तो उसकी आत्मा खो जाती है। शोक, जो आत्ममंथन और विनम्रता का अवसर होना चाहिए, वह अहं और प्रदर्शन का साधन बन जाता है।

समय आ गया है कि समाज इस प्रवृत्ति पर गंभीरता से विचार करे। हमें यह समझना होगा कि मृत्यु किसी की सामाजिक हैसियत नहीं पूछती। वह सबको समान बना देती है। ऐसे में शोक की अभिव्यक्ति भी समान, सरल और गरिमामय होनी चाहिए। शोकसभा का उद्देश्य मृतक के प्रति श्रद्धांजलि देना और जीवितों को सांत्वना देना है, न कि समाज के सामने अपनी सामर्थ्य का प्रदर्शन करना।

मीडिया, सामाजिक नेतृत्व और स्वयं समाज को मिलकर इस दिशा में आत्मसंयम दिखाना होगा।

अखबारों को भी यह सोचना चाहिए कि शोक संदेशों को विज्ञापन के रूप में बढ़ावा देना कहीं इस प्रवृत्ति को और तो नहीं बढ़ा रहा। सामाजिक प्रतिष्ठा का मापदंड शोक संदेशों के आकार से नहीं बल्कि मानवीय संवेदना से तय होना चाहिए।


अंततः, शोक का सबसे सुंदर स्वरूप वही है जिसमें कम शब्द हों, कम दिखावा हो और अधिक संवेदना हो। मौन में कही गई बात, भव्य मंच से बोले गए भाषण से कहीं अधिक गहरी होती है।

शोक सभाएं अत्यंत सादगीपूर्ण होनी चाहिए। यही मृतकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है और यही संवेदनशील समाज की पहचान भी।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# योगी के बजट से 2027 की बिसात, आंकड़ों के सहारे सियासी दांव



*अजय कुमार*

उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट केवल अगले वित्त वर्ष की आय-व्यय योजना नहीं है, बल्कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव की सबसे ठोस राजनीतिक पटकथा के रूप में देखा जा रहा है। 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये के इस बजट के जरिए सरकार ने यह साफ संकेत दिया है कि वह चुनाव से पहले विकास, सुरक्षा और कल्याण तीनों मोर्चों पर अपने दावों को आंकड़ों के साथ जमीन पर उतारकर पेश करना चाहती है। पिछले बजट के मुकाबले करीब 12.9 प्रतिशत बढ़े इस आकार को सत्ता पक्ष 卐विश्वास का बजट卐 बता रहा है, जबकि इसके भीतर छिपा राजनीतिक संदेश यह है कि सरकार न तो संसाधनों की कमी से जूझ रही है और न ही चुनाव से पहले खर्च बढ़ाने से पीछे हट रही है।

सरकार ने सबसे पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपने मजबूत पक्ष के रूप में सामने रखा है। 2024-25 के त्वरित अनुमान के अनुसार 30.25 लाख करोड़ रुपये की जीएसडीपी और 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दिखाने की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या वाला राज्य नहीं, बल्कि तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। 2016-17 में जहां जीएसडीपी करीब 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं आठ-नौ वर्षों में इसके ढाई गुना से अधिक होने को सरकार स्थिर शासन और निवेश के अनुकूल माहौल का नतीजा बता रही है। 2027 के चुनाव में यह आंकड़ा खासतौर पर शहरी मतदाताओं, कारोबारियों और निवेश से जुड़े वर्गों के सामने रखा जाएगा, ताकि यह संदेश जाए कि सत्ता में बदलाव विकास की रफ्तार को रोक सकता है। प्रति व्यक्ति आय को लेकर दिए गए आंकड़े भी इसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। 2016-17 में 54,564 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय के 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये होने और 2025-26 में इसके 1,20,000 रुपये तक पहुंचने के अनुमान को सरकार आम आदमी की जिंदगी से जोड़कर पेश कर रही है। यह संदेश खास तौर पर मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लिए है, जो महंगाई, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य खर्च को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहता है। सरकार का दावा है कि आय बढ़ने का मतलब सिर्फ आंकड़ों में सुधार नहीं, बल्कि उपभोग और जीवन स्तर में बदलाव है।

गरीबी के मोर्चे पर 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा 2027 के लिहाज से सबसे बड़ा सामाजिक कार्ड माना जा रहा है। मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, शौचालय और बिजली कनेक्शन जैसी योजनाओं से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों को एक साथ रखकर सरकार यह दिखाना चाहती है कि गरीब सिर्फ योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति का केंद्र है। चुनावी रणनीति में यह वर्ग इसलिए अहम है क्योंकि यह सीधे सरकार से जुड़ाव महसूस करता है और उसके फैसले अक्सर स्थिर रहते हैं।

रोजगार को लेकर बजट में पेश किए गए आंकड़े विपक्ष के सबसे मजबूत मुद्दे का जवाब माने जा रहे हैं। बेरोजगारी दर 2.24 प्रतिशत बताकर सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में रोजगार की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। पुलिस विभाग में 2017 से अब तक 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां, 1 लाख 58 हजार पदोन्नतियां, 60 हजार से ज्यादा प्रशिक्षणाधीन जवान और 83 हजार से अधिक पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को एक साथ जोड़कर सरकार यह दिखाना चाहती है कि सरकारी नौकरियां सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा क्षेत्र में 34 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति भी इसी दिशा में रखा गया कदम है, क्योंकि शिक्षक समुदाय ग्रामीण और कस्बाई राजनीति में राय बनाने की अहम भूमिका निभाता है।

युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति भी बजट में साफ दिखती है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बिना



गारंटी और बिना ब्याज ऋण देकर हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका राजनीतिक मतलब यह है कि सरकार उन युवाओं को भी साधना चाहती है, जिन्हें सरकारी नौकरी की सीमित सीटों से निराशा हुई है। अगर यह योजना आंशिक रूप से भी सफल होती है, तो 2027 तक लाखों परिवार सीधे इससे जुड़ सकते हैं।

कृषि क्षेत्र के आंकड़े ग्रामीण राजनीति को ध्यान में रखकर चुने गए हैं। 3 लाख 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र में सरकार का सबसे मजबूत चुनावी हथियार माना जा रहा है। गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी से करीब 3000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त लाभ का दावा किसानों को यह याद दिलाने के लिए है कि भुगतान सीधे खाते में पहुंचा है। गेहूं, धान और मोटे अनाज की लाखों मीट्रिक टन खरीद और हजारों करोड़ रुपये के भुगतान के आंकड़े न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दिखाने की कोशिश हैं। नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली की व्यवस्था ग्रामीण मतदाताओं के लिए सीधा संदेश है कि सिंचाई लागत सरकार उठाने को तैयार है।

महिलाओं को लेकर बजट में दिए गए आंकड़े 2022 के चुनावी अनुभव से निकले हुए माने जा रहे हैं, जहां महिला मतदाताओं का झुकाव निर्णायक साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ, सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और वर्किंग वूमेन हॉस्टल जैसे प्रावधान यह दिखाते हैं कि सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान को केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा मानती है। महिला मतदाता भावनात्मक और व्यावहारिक दोनों आधारों पर निर्णय करती हैं, और बजट में यह संदेश उसी दिशा में जाता है।

कानून-व्यवस्था से जुड़े आंकड़े भी 2027 की चुनावी कहानी का अहम हिस्सा हैं। डकैती, लूट, हत्या और अपहरण जैसे अपराधों में 40 से 80 प्रतिशत तक कमी के दावे के जरिए सरकार यह स्थापित करना चाहती है कि उत्तर प्रदेश अब पहले जैसा असुरक्षित नहीं है। पुलिस भवनों, आवास और संसाधनों पर हजारों करोड़ रुपये के प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सुरक्षा ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। यह संदेश शहरी मतदाताओं, व्यापारियों और महिलाओं के लिए खास तौर पर अहम है।

कुल मिलाकर 2026-27 का बजट एक ऐसा दस्तावेज बनकर सामने आया है, जिसमें हर बड़ा आंकड़ा 2027 के मतदाता को ध्यान में रखकर चुना गया है। विकास, कल्याण, सुरक्षा और पहचान चारों को जोड़कर सरकार ने यह दिखाने की कोशिश की है कि सत्ता की निरंतरता ही स्थिरता की गारंटी है। आने वाले महीनों में यही बजट गांव-गांव, शहर-शहर होने वाली राजनीतिक बहसों का आधार बनेगा, जहां सरकार इन आंकड़ों के सहारे भरोसा मांगेगी और विपक्ष इन्हीं आंकड़ों को चुनौती देने की कोशिश करेगा।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

### साहित्य

## रिश्वतखोरी-शर्मसार करते रिचार्ज...!



**संजय एम तराणेकर**

अंतिम सांस गिन रहीं हैं इंसानियत,
रिश्वतखोरों की पौ बारह वहशियत।
मौत मुनाफे की दुकानों पे नाच रहीं,
दुनिया भयानक उत्सव देखती रहीं।

यह बेंगलुरु की हृदयविदारक घटना,
इससे किसी का ध्यान नहीं हैं हटना।
समाज की आत्मा चस्पा स्याह धब्बा,
बेटी के शव पे हुए हैं सौदे हाय रब्बा।

एम्बुलेंस ड्राइवर ने मांगे पांच हजार,
पोस्टमार्टम के नाम लिए दस हजार।
रिपोर्ट के लिए पुलिस ने पांच हजार,
क्लर्क ने मृत्यु प्रमाण-पत्र दो हजार।

निर्लज्ज सौदेबाजी की फुसफुसाहटें,
वहाँ गड्डियों में नापी जा रही आहटे।
क्या? लाश पर भी हैं डिलीवरी चार्ज,
इंसानियत को शर्मसार करते रिचार्ज।

*(संदर्भ-पिता की गोद में 34 वर्षीय बेटी की लाश-संवेदनहीन सिस्टम।)*



## राशिफल

**मेषः-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**वृषभः-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंहः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# एपस्टीन फाइल्स पर हंगामा क्यों



*डॉ. अजय कुमार मिश्रा*

30 जनवरी 2026 को अमेरिका में जारी एपस्टीन फाइल्स दुनियांभर में व्यापक चर्चा का विषय बनी हुई है। 60 लाख पन्नों में चित्र, विडियो, और रिकॉर्ड का विवरण इस फाइल्स में उपलब्ध है। 300 गीगाबाईट का रिकॉर्ड सभी विवरणों के साथ अमेरिकी न्यायालय में है। ये फाइल्स मृतक वित्तकार और बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन की है। जिसे सार्वजानिक करने की मांग लगातार हो रही थी। ये फाइल्स इस लिए दुनियांभर में चर्चा का विषय बनी हुई है क्योंकि इसमें शामिल है अनेकों राजनेता और प्रसिद्द हस्तियाँ और उनकी अपराधिक गतिविधियों का इसमें विवरण भी है। एपस्टीन मामलों को देखा जाय तो यह कहा जा सकता है की हम जिन्हें आधुनिकता और श्रेष्ठता की कसौटी पर समजिक ताने बाने में मूल्यांकित करते है और अपना हीरो मानते है उनके भी कई चेहरें है और उनमे से यह चेहरा विभत्स है जिसे देखकर सब्र का भी बाँध स्वयं टूट जाए।

वर्ष 2005 में पहली बार जेफ्री एपस्टीन पर एक 14 वर्षीय लड़की ने छेड़ छाड़ का आरोप लगा था उसके पश्चात् कई और पीड़िता सामने आई और अपनी आपबीती को बयाँ किया था। वर्ष 2006 में एपस्टीन पर नाबालिग लड़कियों से यौन सम्बन्ध




और उनकी तस्करी करने के गंभीर आरोप भी लगे थे। वर्ष 2008 में एपस्टीन ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था और उसे 18 माह जेल की सजा सुनाई गयी थी किन्तु वह अधिकांश समय अपनी सजा अवधि में वर्क -रिलीज कार्यक्रम में ही व्यतीत किया था। माना जाता है की रसूखदार हस्तियों से सम्बन्ध होने के नातें उसे सहूलियत मिली थी। वर्ष 2019 में एपस्टीन को फ़िर से गिरफ्तार कर लिया गया था और संदिग्ध परिस्थितयों में उसकी मौत न्यूयार्क की जेल में हुई थी। जहाँ इसे आत्महत्या बताया गया जबकि परिस्थितियों के अनुसार वह हत्या थी यह माना जा सकता है। इसकी मौत के पिछे दुनियांभर के रसूखदारों का हाथ होना कहा जा सकता है क्योंकि उसकी फाइल्स में सभी के काले कारनामे छिपे हुए थे।

एपस्टीन फाइल्स पर दुनियाभर में व्यापक चर्चा इसलिए है क्योंकि मामले में नए दस्तावेज सार्वजनिक किए गएए जिसमें कई प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आए। इस फाइल्स में अपराधों, व्यवसाय और प्रभावशाली लोगों के साथ संबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी है। इन दस्तावेजों से पता चलता है कि एपस्टीन ने अपने प्रभाव का उपयोग करके कई लोगों को शोषण के लिए मजबूर भी किया। दुनियांभर में श्रेष्ठ लोगों के कारनामों को सुनकर देखकर यह कहा जा सकता है की अपराध जघन्य है और उच्च स्तर के लोगों की मानसिकता कितनी निम्न है।

राजनीतिक ताकत की प्राप्ति और धन को एकत्र करने की उच्च स्तर के लोगों की लालसा कई बार अपराधों को जन्म देती है साथ ही उच्च स्तर के लोग जो दुनियाभर के लिए सफलता और मोटिवेशन के उदाहरण है ऐसे लोगों द्वारा नाबालिग लड़कियों के साथ एपस्टीन फाइल्स में दर्ज फोटो और विडियो के अलावा ईमेल और वार्तालाप संग्रह यह सभी को सोचने पर मजबूर करता है की लोग जितने बड़े होतें जातें है उनमे हैवानियत भी उतनी ही उचाई की आ जाती है और इस आत्मसंतुष्टि के लिए वो सब कुछ कर जातें है जिसे दूसरों के लिए गलत या आपराधिक कृत्य किया जाना स्वयं बतातें है। आज के आधुनिकतम युग में ऐसे गन्दी मानसिकता के लोग जो दुनियांभर में है जिनमे शर्म और नैतिक मूल्यों का व्यापक अभाव है तभी तो आज भी उसी पद पर बने हुए है और किसी और एपस्टीन फाइल्स की तरह फाइल्स में अपना नाम दर्ज करा रहें होगे और उस फाइल्स के सार्वजानिक होने पर अपने बचने का जरियां खोज लेगे।

एपस्टीन फाइल्स में निहित नाम भले ही अपराधिक कृत्यों में शामिल न हो पर उपलब्ध विस्तृत विवरण एक वैश्विक ऐसी शक्ति का परिचारक के रूप में प्रदर्शन का हिस्सा जरुर बन चुकें है जो लाखों करोड़ों लोगों के हितों के विपरीत कोई भी निर्णय अपने लाभ या अपनी छवि धूमिल न हो के लिए कभी भी और कही भी ले सकतें है। अमेरिकी न्याय विभाग को चाहियें की उस फाइल्स में लिखित सभी नामों को न केवल सार्वजनिक करें बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट में सभी पर मुकदमा चला कर उनका पक्ष भी जाने की उस पुरें प्रकरण में उनकी संलिप्तता कितनी थी। जिससे दुनियां को यह पता चल सकें की एपस्टीन फाइल्स की वास्तविक सच्चाई क्या है।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सजेती पुलिस ने कस्बे में छापा मारकर तीन शातिर चोरों को दबोचा

**समृद्धि न्यूज़, भरुआ सुमेरपुर।** कानपुर नगर के सजेती थाना पुलिस ने कस्बे के इमिलिया थोक में छापा मारकर मोबाइल टावर से केबिल काटकर चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को दबोचकर जेल भेजा है। इनके पास से बरीपाल के टावर से चोरी की गई केबिल के साथ एक बाइक बरामद हुई है। इनमें बल्ला पाल उर्फ सियापाल का लंबा चौड़ा अपराधिक इतिहास है। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में नौ मुकदमे दर्ज हैं। गत मंगलवार को कानपुर नगर के सजेती थाना पुलिस ने कस्बे के इमिलिया थोक में छापा मारकर बल्ला उर्फ सिया पाल, सत्येंद्र यादव, शमशाद को दबोचा था। इनकी निशान देही पर गत सोमवार को बरीपाल के मोबाइल टावर से चोरी की गई केबिल बरामद की गई। पुलिस ने चोरी की घटना में इस्तेमाल की गई बाइक को भी बरामद किया है। सजेती थानाध्यक्ष अनुज भारती ने बताया कि तीनों शातिर चोर है। बल्ला उर्फ सिया पाल के खिलाफ 9 तथा सत्येंद्र के खिलाफ तीन मुकदमे पूर्व से दर्ज हैं। शमशाद के ऊपर यह पहला मुकदमा है

### घर के बाहर खेल रहा किशोर हुआ लापता

**समृद्धि न्यूज़, भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत भौनिया में घर के बाहर खेल रहा किशोर अचानक लापता हो गया। खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं लगने पर पिता ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है।भौनिया निवासी सर्वेश साहू ने बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अंश घर के बाहर खेलते समय 9 फरवरी को शाम से लापता है। खोजबीन बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है

### शादी के कार्ड बांट कर वापस आते समय रास्ते में रोककर पीटा

**समृद्धि न्यूज़, भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत कैथी के मजरा परतल डेरा के निवासी राममिलन ने बताया कि वह निमंत्रण करके बच्चों के साथ घर लौटकर जा रहा था। तभी गांव के निवासी रामदीन निषाद, छोटे निषाद, रामशरन निषाद ने रास्ते में रोककर गाली गलौज करके जमकर मारा पीटा जिससे उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### अत्यंत धीमी गति से हो रहा अंडरब्रिज निर्माण, किसान परेशान

**समृद्धि न्यूज़, भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव के पास कानपुर-बांदा रेल मार्ग के गेट संख्या 25 पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज की धीमी प्रगति से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था की लापरवाही और निर्माण कार्य की गति धीमी होने समय सीमा लगातार बढ़ती जा रही है इंगोहटा गांव की लगभग 1000 बीघा कृषि भूमि रेल पटरी के उस पार स्थित है। गेट संख्या 25 बंद होने से किसानों का मुख्य आवागमन मार्ग बाधित है। आगामी एक माह में फसल कटाई का सीजन शुरू होने वाला है, लेकिन ऊंची हार्वेस्टर मशीनें पुराने अंडरब्रिज संख्या 26 से नहीं निकल सकतीं। किसानों का कहना है कि यदि समय पर निर्माण पूरा नहीं हुआ तो कटाई प्रभावित होगी इसी प्रकार ग्राम तिंदुही का गेट संख्या 23 भी लंबे समय से बंद है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने तिंदुही, मौदहा, अकोना सहित आठ अंडरब्रिज का ठेका एक साथ ले रखा है, जिससे संसाधनों के अभाव में काम रुक-रुक कर हो रहा है।किसान अशोक मिश्र, राम अवतार साहू, राजू अनुरागी, राघवेंद्र सिंह, रमेश सिंह और सज्जन तिवारी सहित सैकड़ों किसानों ने चेतावनी दी है कि एक माह के भीतर रास्ता बहाल नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। सहायक मंडल रेलवे प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि निर्माण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश ठेकेदार को दिए गए हैं।

### आरोपी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, मौदहा। हमीरपुर।** 11 फरवरी मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरौंदा निवासी सावित्री बेवा छिद्दू सिंह ने कोतवाली पुलिस में शिकायत करते हुए बताया है कि उसने अपनी पुत्री पूनमसिंह की शादी 2 जुलाई 2024 को हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार अलीगढ़ निवासी अनुज कुमार पुत्र स्व. राजेश सिंह के साथ की थी। शादी के बाद अनुज कुमार सिंह व उसकी मां प्रेमलता एवं बहन छाया उसका पति मोनू निवासी फरीदाबाद ने दहेज को लेकर ताने देते हुए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था।जिसको लेकर कई बार पंचायत हुई इसके बावजूद 5 फरवरी 26 ससुरालियों ने उसको मारा पीटा जिस उसने गांधी पार्क थाने मे लिखित सूचना दी। लेकिन इस उसे थाने में समझा बुझाकर भेज दिया गया। 06 फ़रवरी पुनः मार-पीट कर उसका रूपया पैसा छीनकर घर से निकाल दिया है।और दहेज में 2 लाख रूपये नकद न लाने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पति सहित चारों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अलग-अलग घटनाओं में चार घायल

**समृद्धि न्यूज़, मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार घायल सभी घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत चिंता जनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश पुत्र अच्छेलाल छिमौली गांव निवासी साथ में हम उम्र के साथी कालीचरण 24 वर्ष पुत्र कुदैवा के साथ नगर की ओर आ रहे थे तभी बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से काशीराम कॉलोनी के पास गिरकर घायल हो गए लहुलुहान हालात में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महेश की हालत चिंताजनक होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया इसी प्रकार अंश 22 वर्ष पुत्र हरिओम साथी प्रद्युमन 25 वर्ष पुत्र बबलू धुरिया सुमेरपुर गांव निवासी नेशनल हाईवे से कस्बा मौदहा की ओर आते समय बाइक का संतुलन को देने पर गिरकर घायल हो गए जिन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक न्याय पहुंचे

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** ब्लॉक सभागार में विधिक साक्षरता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लघु सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 फरवरी को उरई में होने वाले वृहद विधि सहायता एवं सेवा शिविर की जानकारी दी गई। ब्लॉक सभागार में आयोजित लघु सेवा शिविर की अध्यक्षता करते हुए प्रथम अपर जिला जज सतीशचंद्र द्विवेदी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। आर्थिक रूप से कमजोर, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# महेरा गांव के दुर्गा मंदिर परिसर में चल रही विष्णु महायज्ञ का समापन

- दुर्गा मंदिर में शादी समारोह का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, खड़ेही लोधन (हमीरपुर)।**



गांव महेरा के दुर्गा देवी मंदिर परिसर में चल रही श्री विष्णु महायज्ञ की 29 वी वर्षगांठ का समापन हो गया जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने छका भंडारा,वही दो जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह सम्पन हुआ मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के महेरा गाँव ने बीते तीन फरवरी से शुरू हुई श्री विष्णु महायज्ञ की 29वी वर्षगांठ के अवसर पर बीते मंगलवार को विशाल भण्डारा एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम के साथ समापन हो गया गाँव के दुर्गाधाम देवी मंदिर परिसर में श्री विष्णु महायज्ञ का कलश के साथ शुभारम्भ हुआ व पूरे सातों दिनों तक श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।यज्ञ स्थल के समीप मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं व बच्चों ने जमकर ख़रीरददारी की।इस मौके पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में दो जोड़ों की शादियाँ भी सम्पन हुई जिसमे रामकुमार उपरहका व चरखारी के गांव जरौली चंदौली की सीमा एवम रविन्द्र कुमार दीवानपुरा राठ व कविता पुरैनी (सरीला)का विवाह संपन्न हुआ। और एक दूसरे को वरमाला कर जीवन भर साथ निभाने की कसम खाई।दोनों जोड़ों को समिति की ओर से यथासंभव उपहार भी भेंट किये गए।वही वृंदावन धाम से आये कथा वाचक अंकित कृष्ण शास्त्री ने कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण एवं राधा के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए प्रेम का संदेश दिया।भगवान से प्रेम का पाठ पढ़ाते हुए भाइचारे का संदेश दिया और समाज में शांति व्यवस्था कायम की तथा सोलह कलाओं से पूर्ण भगवान श्री कृष्ण ने सभी शास्त्रों का कौरव-पांडवों को ज्ञान कराया।संदेश दिया कि महाभारत में धर्म की विजय हुई और अधर्मियों का साथ देने वालों का पतन हुआ। वहीं यज्ञाचार्य ने मंगलवार की सुबह से यज्ञ बेदी का हवन पूजन व पूर्ण आहुति करा कर यज्ञ सम्पन्न कराई उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात्रि तक चलता रहा। जिसमें महेरा, खड़ेही लोधन, लोधामऊ, सिवनी पतरियाडेरा मिहुना, कटेहरी, चिल्ली, पुराजहाँ,भटरा, हड़वारी, सहित आस पास के गाँवों के हजारों लोगो ने महायज्ञ का प्रसाद छका।

इस मौके पर चंद्रभान यादव, संतोष कुमार पूर्व प्रधान,अजय पाल सिंह राजपूत पूर्व प्रधान, सन्यासी बाबा जी, शिवरतन महान राजपूत, सुधीर कुमार राजपूत, लक्ष्मी नारायण तिवारी, राजेंद्र यादव रामसेवक निषाद, भरत कुमार राजपूत,राहुल राजपूत, भवानीदीन सैनी,अजीत राजपूत जीतेश राजपूत जीतेंद्र राजपूत, बीरपाल राजपूत, समाज सेवी अरविन्द्र राजपूत खड़ेही लोधन, बलराम राजपूत, आत्माराम राजपूत

## लक्ष्मीचन्द पालीवाल की 32वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**समृद्धि न्यूज़, भरुआ सुमेरपुर।** शिक्षा और क्षेत्रीय विकास के प्रणेता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं लक्ष्मीचन्द पालीवाल इंटर कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक स्व. लक्ष्मीचन्द पालीवाल की 32वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय प्रांगण में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। वक्ताओं ने उनके शिक्षा विस्तार और समाज सेवा में योगदान को याद करते हुए उन्हें क्षेत्र की प्रगति का मार्गदर्शक बताया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नाटक और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। रुबिया, खुशी, पलक, टिंकी, प्रीति, कपिल और अनंतकाल की प्रस्तुतियों की विशेष सराहना की गई। मुख्य अतिथि नेशनल इंटर कालेज मौदहा के सेवानिवृत्त शिक्षक जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पालीवाल जी का जीवन शिक्षा और समाज सेवा को समर्पित रहा। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण प्रेमी रघुराज प्रताप सिंह ने उनके पर्यावरण एवं विकास संबंधी दृष्टिकोण को प्रेरणादायी बताया। कॉलेज के प्रबंधक अरविंद कुमार पालीवाल एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरन सिंह परिहार ने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। संचालन राहुल विश्वकर्मा ने किया। समारोह में विद्यालय परिवार व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## समाज की एकता और संगठन की मजबूती से ही अधिकारों की रक्षा संभव

**जालौन (उरई)।** बाल्मीकि समाज महासभा में संगठन को मजबूती देते हुए दीपक पाथरे को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन के बाद समाज के लोगों ने उत्साह व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बाल्मीकि समाज महासभा एवं प्रदेश सरकार के एससी, एसटी आयोग सदस्य रमेश चंद्र कुंडे का दीपक पाथरे बाल्मीकि के आवास पर आगमन हुआ, जहां उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान संगठन विस्तार और जिले में समाज को संगठित करने पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र कुंडे ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिल सके और समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाज की एकता और संगठन की मजबूती से ही अधिकारों की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। संगठन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं को शासन स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष से अपेक्षा जताई कि वह संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में हासिल किया हमीरपुर ने दूसरा स्थान

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** के कुशल मार्गदर्शन, निरंतर अनुश्रवण और विकास कार्यों के प्रति उनकी संवेदनशीलता के फलस्वरूप जनपद ने जनवरी 2026 की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड मूल्यांकन सूची में 94 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे प्रदेश में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की है । जिलाधिकारी द्वारा विकास और राजस्व दोनों विभागों की योजनाओं का स्वयं सूक्ष्मता से निरीक्षण करने और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने का ही परिणाम है कि जनपद ने दर्जनों महत्वपूर्ण योजनाओं में 10 में से 10 पूर्ण अंक अर्जित कर 'ए' ग्रेड हासिल किया है । जिलाधिकारी की 'जीरो टॉलरेंस' कार्यशैली ने जनपद को प्रदेश के अग्रणी जिलों की श्रेणी में मजबूती से स्थापित कर दिया है जनपद की इस गौरवशाली उपलब्धि में उन योजनाओं का विशेष योगदान रहा है जिनमें शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। ऊर्जा एवं अवस्थापना के क्षेत्र में पंडित दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट, पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पुलों व नई सड़कों का निर्माण तथा उनका बेहतर अनुरक्षण सुनिश्चित किया गया है । कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम-कुसुम, बीज एवं कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, मत्स्य व अंडा उत्पादन, पशु टीकाकरण, निराश्रित गोवंश संरक्षण, कृत्रिम गर्भाधान, टेल फीडिंग (रबी) और नहरों की सिल्ट सफाई जैसे कार्यों में जनपद ने 10/10 अंक प्राप्त किए हैं सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में जनपद का प्रदर्शन अनुकरणीय रहा है, जिसके तहत अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग की दशमोत्तर व पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन (आधार सीडिंग सहित) में पूर्ण सफलता मिली है।

## समर्पण दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- मुख्य अतिथि के रूप में जनपद चित्रकूट के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश मंत्री अशोक जाटव उपस्थित रहे



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर समर्पण दिवस के अंतर्गत एकता पैलेस में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद चित्रकूट के जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश मंत्री अशोक जाटव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने की। कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मातृशक्ति एवं पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि अशोक जाटव ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, उनके राष्ट्र एवं संगठन के प्रति समर्पण तथा एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि पंडित उपाध्याय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण में मार्गदर्शक हैं।इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री अमित शर्मा , जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी , जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राजपूत , जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता , महिला मोर्चा जिला महामंत्री साधना तिवारी , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा पुरवार जी तथा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी जी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित एवं संगठन सशक्तिकरण के संकल्प के साथ हुआ।

## एंबुलेंस से टकराया बाइक सवार, हालत गंभीर



**समृद्धि न्यूज, अजनर/महोबा।** गांव का ही एक युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु अस्पताल ले गए लेकिन हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। बताया जाता है कि अजनर निवासी राज पुत्र सुरेश सैनी उम्र 17 वर्ष मैदान में आयोजित टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में फूलों की मालाएं देकर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान हीरो एजेंसी के सामने छतरपुर से पचारा मरीज को लेकर जा रही एक एम्बुलेंस से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया।

## जिला महोबा बनाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमाएं चौराहों पर लगाए जाने को सपाईयों ने सौंपा ज्ञापन

- नगर पालिका के अधिषाशी अधिकारी को ज्ञापन दिया



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** ज़िला बनाने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमाएं चौराहों व तिराहे पर लगाए जाने के लिए समाजवादी व्यापार सभा ने नगर पालिका के अधिषाशी अधिकारी को ज्ञापन दिया है। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष साहू के साथ जिले के वरिष्ठ समाजवादियों ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा को ज्ञापन दिया गया जिसमें नगर पालिका के सभाषदो व जिले के विद्वान अधिवक्ताओं ने अपनी सहमति जताते हुए अनुरोध किया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षामंत्री पदम् विभूषण से सम्मानित महोबा को जिला बनाने वाले महापुरुष की प्रतिमा शहर के मुख्य चौराहे /तिराहे में जैसे बिलबई तिराहा, लोड़ी तिराहा या बजरिया चौकी तिराहा में प्रतिमा लगाई जाने हेतु पर्याप्त जगह बताई गई है । यहाँ प्रतिमा लगाई जा सकती है । उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने 11 फरवरी 1995 को महोबा को जिला बनाने का काम किया था । इस बार 11 फरवरी 2026 को महोबा जिला 31 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है जिला प्रशासन के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के सम्मान में नगर पालिका महोबा द्वारा उनकी प्रतिमाएं शहर के किसी तिराहे या चौराहे में स्थापित हो यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## प्रधान इलेवन ने नोएडा इलेवन को 63 रनों से दी शिकस्त

**जालौन (उरई)।** छत्रसाल मैदान पर अयोजित जालौन प्रीमियर लीग सीजन तीन में प्रधान इलेवन जालौन और नोएडा इलेवन के बीच आयोजित हुए मैच में प्रधान इलेवन ने 63 रनों से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर प्रधान इलेवन के कप्तान सोनू ने बहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के ओपनर बल्लेबाज ने टीम को धमाकेदार शुरूआत दी। ओपनर अमित यादव ने 32 गेंद में पांच चौके और आठ छक्कों की मदद से 76 रनों की मजबूत पारी खेलकर टीम को अच्छी शुरूआत दी। उनका साथ दे रहे अमन नहीं टिक सके और तीन गेंदों में एक रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद सतनाम सिंह ने 29 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 44 रनों की पारी खेली। सचिन यादव ने छह गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 22 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर आठ विकेट के नुकसान पर 214 रनों पर पहुंचाया। नोएडा की ओर से जॉनी ने चार ओवर के स्पेल में 19 रन देकर तीन विकेट झटके।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड -प्रथम लखनऊ।

(विज्ञाप्ति)

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पं. दीन दयाल उपाध्याय सिंचाई एवं सांस्कृतिक संग्रहालय व उद्यान परिसर निकट एस.जी.पी.जी.आई., रायबरेली रोड, लखनऊ में स्थित शॉपिंग काम्प्लैक्स में निर्मित 23 दुकानों एवं 7 कियॉस्क को मासिक किराये पर (केवल एक वर्ष के लिए) देने हेतु दिनांक- 23.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के कार्यालय में नीलामी की जायेगी। (दुकानों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सहायक अभियन्ता तृतीय, सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम, लखनऊ से दिनांक 23.02.2026 के पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।)

**नियम व शर्तेः-**

उपरोक्त दुकानों में किसी भी प्रकार की नशीली वस्तुओं एवं विस्फोटक सामग्री की बिक्री वर्जित होगी। दुकानों हेतु मासिक विद्युत शुल्क विद्युत खपत के आधार पर मासिक किराये के अतिरिक्त अलग से लिया जायेगा।

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति / संस्था को रू0 5000.00 की नकद धनराशि टोकन मनी के रूप में उक्त तिथि को अपरान्ह दो बजे तक जमा करनी होगी, स्वीकार्य उच्चतम बोलीकर्ता के अतिरिक्त उसी दिन माँगने पर वापस कर दिया जायेगा। बोली स्वीकार हो जाने पर एक वर्ष का सम्पूर्ण किराया तीन दिवस के अन्दर जमा करना होगा, जिसमें उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा जमा की गयी टोकन मनी रु 5000.00 को समायोजित कर लिया जायेगा। उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा यदि किराये की सम्पूर्ण धनराशि बोली स्वीकार होने के तीन दिवस के अन्दर नहीं जमा किया जाता है तो उसके द्वारा जमा की गयी टोकन मनी रु 5000.00 को जब्त कर लिया जायेगा।

बोली स्वीकार होने पर बोलीकर्ता को एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध करना होगा तथा अनुबन्ध हेतु नियमानुसार स्टैम्प पेपर जमा करने पड़ेंगे एवं अनुबन्ध के साथ नियमानुसार सिक्योरिटी हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होगी जमा करना अनिवार्य होगा।

दुकानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं दुकानदार की होगी एवं दुकानों को किसी भी प्रकार की क्षती होने अथवा बिजली के बिलों आदि के शेष रहने पर उसकी वसूली सिक्योरिटी की धनराशि से कर ली जायेगी।

अन्य शर्ते नीलामी से पूर्व नीलामी स्थल पर ही घोषित की जा सकती है। किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के पास सुरक्षित रहेगा।

दुकानों का शुल्क निम्नवत है-

| क्रम संख्या | दुकानों का विवरण | प्रतिमाह शुल्क (रू. में) |
|---|---|---|
| 1. | शॉपिंग काम्पलेक्स में निर्मित बड़ी दुकान | 5000.00 |
| 2. | शॉपिंग काम्पलेक्स में निर्मित छोटी दुकान | 3000.00 |
| 3. | शॉपिंग काम्पलेक्स के सामने निर्मित क्योस्क | 2000.00 |

(विकास सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई निर्माण खण्ड-प्रथम
लखनऊ

## बिजली व पानी की समस्याओं को लेकर बुन्देलखण्ड किसान संगठन ने सड़क जाम कर सौंपा ज्ञापन

- ग्राम ननोरा में काफी दिनों से बिजली व पानी की सप्लाई की समस्याओं से जूझ रहे थे ग्रामीण
- आश्वासन के बाद खोला जाम

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड, महोबा।**



बुंदेलखंड किसान यूनियन की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किरण पाठक के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने तहसील के ग्राम ननवारा स्थित मुख्य सड़क पर कई दिनों से गांव में बिजली न आने घर-घर जल योजना द्वारा पानी सप्लाई न होना आदि प्रमुख समस्याओं को लेकर सड़क जाम किया गया। सड़क जाम होने की खबर मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुलपहाड़, पुलिस चौकी जैतपुर के इंचार्ज सहित भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास किया गया। लेकिन किसान जब तक गांव में विद्युत व्यवस्था सुधार नहीं होती तब तक जाम खोलने के लिए तैयार नहीं हुए। उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार ने दूरभाष पर किसानों से बातचीत की व विद्युत विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार को मौके पर भेजा। जिस पर किसान नेता तथा विद्युत विभाग के एसडीओ से वार्ता होने पर सभी बकायादार किसानों के काटे गए बिजली कनेक्शन धारक से 2-2 हजार रुपए प्रति कनेक्शन पर जमा करने के बाद कनेक्शन जोड़ दिया गया। जिससे किसानों ने सहमति जताकर जाम खोल दिया है। इसके अलावा गांव में हर घर जल योजना द्वारा पानी की सप्लाई न होने एवं विभिन्न समस्याओं का हवाला देते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ तथा कुलपहाड़ कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आपकी समस्त समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों के पास भेज कर निराकरण कराया जाएगा।

### जुआ के फड़ पर पुलिस की कार्रवाई, चार जुआरी पकड़े गये

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम उरगांव में मंदिर के पास हार जीत की बाजी लगा रहे चार व्यक्तियों को पकड़ा गया है जिनके पास से 8360 रुपये नकद व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि गांव में स्थित शंकरजी के मंदिर के पास खाली पड़ी जगह पर कुछ लोग ताश खेलकर जीत हार की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर हार जीत की बाजी लगा रहे लोगों में भगदड़ मच गई।

# स्टेडियम में गंदगी के अंबार से खिलाड़ियों में आक्रोश

**पीआरडी की बीओ शिखा बोली नगर पंचायत को सूचित किया गया है, जल्द ही नाले की सफाई कराकर समस्या का होगा समाधान**

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में स्थित रफी अहमद किदवई पार्क ग्रामीण मिनी इंडोर स्टेडियम में वर्तमान समय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसको लेकर मैदान में खेलने वाले खिलाड़ियों एवं स्थानीय नागरिकों व मैदान के किनारे स्थित पटरी दुकानदारों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि उक्त मैदान के अंदर से एक नाला निकलता है, जिसका पानी निकलने का कोई उपयुक्त स्थान नहीं है। जिसके कारण उस नाले का पानी ओवरफ्लो होकर मैदान के अंदर भर रहा है और नाले में जमीन गंदगी एवं कूड़े करकट से उठ रही बदबू से आसपास संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। वही मैदान में नाले का गंदा पानी भरने की वजह से मैदान में खेलने वाले कई दर्जन खिलाड़ियों एवं मैदान के किनारे मौजूद पटरी दुकानदारों ने अपना आक्रोश जाहिर करते हुए जिम्मेदारों के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि आज यह कोई नई समस्या नहीं है, इससे पूर्व भी इसी प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो चुकी है, संबंधित जिम्मेदार हर बार इस गंभीर समस्या को दरकिनार कर देते हैं, जिसके कारण खेलने का मैदान गंदगी युक्त हो जाता है। इस संबंध में जब पीआरडी की बीओ शिखा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त समस्या की जानकारी प्राप्त हुई है, नगर पंचायत को सूचित किया गया है, जल्द ही उक्त नाले की साफ सफाई करा कर खिलाड़ियों की इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में भी ऐसी समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसका निराकरण नगर पंचायत के द्वारा सफाई कराकर कर दिया गया था। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि संबंधित जिम्मेदारों की वजह से खिलाड़ियों को उत्पन्न हो रही यह समस्या जिससे नाले का पानी व गंदगी मैदान में दाखिल हो रही है और नाले के पानी के निकलने का कोई उपयुक्त स्थान नहीं है, उसका निराकरण कब तक होता हुआ नजर आएगा।

## हर्षोल्लास के साथ अधिवक्ता की मनाई वैवाहिक वर्षगाँठ

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** तहसील बार में वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू इंद्र प्रताप सिंह की स्वर्णिम वैवाहिक वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामसनेहीघाट तहसील बार एसोसिएशन में वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू इंद्र प्रताप सिंह की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया इस विशेष अवसर पर तहसील बार के अधिवक्ताओं ने एकत्र होकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने उनके दीर्घ दांपत्य जीवन की सराहना करते हुए इसे युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। बार अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि बाबू इंद्र प्रताप सिंह न केवल विधि क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनका सादा जीवन और उच्च विचार सभी के लिए अनुकरणीय है। महामंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि बाबू इन्द्र प्रताप सिंह की जीवनशैली धार्मिक और सरल है।

## पर्यटन विभाग कराएगा प्राचीन रानी शिवाला शिव मंदिर का कायाकल्प



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ को पर्यटन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा डलमऊ कस्बे के गंगा तट स्थित रानी शिवाला शिव मंदिर का निरीक्षण किया गया विभाग द्वारा किए गए निरीक्षण से पर्यटन के क्षेत्र में नई उपलब्धि मिलने की उम्मीद जगी है पूर्व विधान परिषद सदस्य राकेश प्रताप सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ के प्रयास से डलमऊ गंगा तट पर स्थित प्राचीन रानी शिवाला शिव मंदिर का कायाकल्प डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा जिसके तहत गंगा तट पर आने वाले यात्रियों के लिए बड़ा हाल बैठने के लिए बैंच मंदिर के अंदर टीन सेट तेजल हेतु आरो फीजर प्लांट एवं गेट के साथ लक्ष्मुकोड लगाया जाएगा जिसके लिए पर्यटन निगम के सहायक अभियंता सैफ खुर्शीद इंजीनियर हिमांशु द्वारा रानी शिवाला शिव मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

## नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बछरावां।** नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5 को लेकर श्रीराम अभिलाष स्मारक इंटर कॉलेज चौरी अलादादपुर में विद्यालय के प्रबंधक फूलचंद उपाध्याय की अध्यक्षता में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन माध्यमिकवित विहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने किया बालिकाओं को संबोधित करते हुए कोतवाली रामसनेहीघाट के उप निरीक्षक आनंद प्रताप सिंह एवं विमलेश द्विवेदी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की बालिकाएं डरे नहीं नी संकोच अपनी समस्याएं अपने माता-पिता या विद्यालय में अपने गुरुओं से शेयर करें और यदि घर पर कोई समस्या है तो आपातकालीन सेवा 112 विमेन पावर लाइन 1090 एंबुलेंस सेवा 108 नंबर पर तुरंत कॉल करें पुलिस आपकी सहायता करेगी महिला आरक्षित प्रियंका ने कहा की रात में 8:00 बजे के बाद रास्ते में कोई साधन नहीं चलता है।

# डीएम ने किया नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण

- कल ही भूमि पूजन कर निर्माण कार्य कराया गया था प्रारम्भ

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा आज जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन में नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण/ उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन का दिनांक 03 अगस्त 2024 को निरीक्षण किया गया था, जिसमें कक्षा-06 से कक्षा-08 की संचालित कक्षाओं के भवन का निरीक्षण किया गया था, जो अत्यन्त जर्जर अवस्था में पाया गया था। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को कॉरपोरेट सोशल रेस्पान्सिबिलिटी (सी.एस.आर.) के अन्तर्गत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से आवासीय विद्यालय में छात्रों के लिए नवीन 03 कमरों एवं शौचालयो के निर्माण हेतु धनराशि रू0 49.74 लाख के प्रोजेक्ट को स्वीकृत कराकर निर्माण हेतु दिनाँक 11 फरवरी 2025 को भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया था, जिसका आज लोकार्पण/ उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रृष्टि अवस्थी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के प्रतिनिधि बीएल पाल, संजीव राय सहित विद्यालय के कार्मिक व विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## बोलेरो से आए चोरों ने कस्बे के व्यापारी को बनाया निशाना, की हजारों की चोरी



**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे में हुई चोरी से हड़कंप मच गया और सीसीटीवी कमरे में भी साफ-साफ दिखाई पड़ रहे हैं चोर। महराजगंज कोतवाली और पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर महावीर स्कूल के सामने साहू इंटरप्राइजेज के नाम से सुखई पुरवा गांव निवासी शैलेंद्र साहू पुत्र रामनरेश दुकान चलाते हैं। शैलेंद्र साहू ने बताया रात्रि दो बजे बोलेरो गाड़ी से अज्ञात चोर आये और दुकान के सामने खड़ी गाड़ियों से दो बैट्री पार कर दी जिनकी कीमत लगभग पचास हजार रुपए है 112 को तथा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई जिसपर पुलिस द्वारा मुआयना किया गया। दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिनमें नकाब लगाकर चोरों द्वारा बैट्री चोरी करते रिकार्ड हुए हैं ।घटना रात्रि दो बजे की है चोरों द्वारा बोलेरो गाड़ी से आकर दुकान के सामने खड़ी गाड़ियों से बैट्री चोरी की गई है। जिसकी लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है ।वहीं कस्बे में हुई चोरी से भय का माहौल व्याप्त है और कोतवाली पुलिस की गस्त पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं।

# काम पर गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- युवक की मौत पर परिजनों ने जताई किसी अनहोनी की आशंका
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी आगे की कार्यवाही

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है, मंगलवार रात्रि 9:00 बजे पुलिस के द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत भवानी खेड़ा मजरे पश्चिम गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब पंजाब प्रांत के भट्ठे में काम करने गए युवक का शव मृत अवस्था में उसके घर पहुंचा और परिजनों ने युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशानों को देखा।

जानकारी प्राप्त हुई है, कि विगत दिसंबर माह में करन पुत्र जंगली उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी ग्राम भवानी खेड़ा मजरे पश्चिम गांव, थाना क्षेत्र खीरो जनपद रायबरेली के निवासी एक ठेकेदार धीरज के साथ पंजाब प्रांत में एक भट्ठे के काम करने के सिलसिले में गया हुआ था। 9 फरवरी को देर शाम ठेकेदार धीरज के द्वारा मृतक युवक के परिजनों को युवक की आकस्मिक मौत की सूचना दी गई। और बताया गया कि युवक का शव लेकर घर के लिए निकल चुके हैं। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और जब 10 फरवरी मंगलवार देर शाम मृतक युवक का शव उसके घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। परिजनों शव की हालत देखकर हैरान रह गए और ग्रामीणों में चर्चा का विषय बन गया। मृतक शरीर में गंभीर चोटों के निशान देखे गए, जिसके चलते परिजनों को युवक के साथ किसी अनहोनी के होने की आशंका जताई गई है। इसके संबंध में परिजनों द्वारा स्थानीय थाना बछरावां में प्रार्थना पत्र के माध्यम से पोस्टमार्टम करवाने की मांग की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया है, परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बसपा के मंडल कोऑर्डिनेटर के निधन से दौड़ी शोक की लहर

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



मान्यवर कांशीराम जी की के साथ बसपा की राजनीति से जुड़कर बसपा के संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों वन निगम के उपाध्यक्ष पद पर रहकर बहुजन समाज के लिए कार्य करने वाले विजय कुमार गौतम के असामयिक निधन से शोक की लहर दौड़ गई। श्री गौतम लगभग 12 दिनों से बीमार थे, 12 दिन पूर्व एक कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे, वहीं उन्हें श्वांस लेने में तकलीफ हुई और मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुए जहाँ 10 फरवरी की मध्य रात्रि में अंतिम सांस ली। विजय कुमार गौतम शिक्षा और राजनैतिक रूप से परिवार के साथ ही समाज को अग्रणी बनाने में पूरा जीवन लगा दिया। निधन की सूचना पर बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल सहित मंडल कोऑर्डिनेटर अजय गौतम, जिलाध्यक्ष तुलसी प्रसाद ने स्व गौतम के पार्थिव शरीर पर नीला झंडा, नीली चादर अर्पित पर श्रद्धांजलि दी और कांधा देकर शव यात्रा में शामिल हुए। अंत्येष्टि में जिले के सभी दलों के नेता, समाजसेवी, वकील और पत्रकार शामिल हुए।

# चोरों का गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे, एक लाख तीस हजार बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



स्वाट, सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 03 अन्तर्जनपदीय चोरो को गिरफ्तार कर, कब्जे से चोरी के जेवरात, चांदी का सिक्के, एक लाख 30 हजार रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार, एक मोटरसाइकिल, दो अदद अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्वाट, सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर द्वारा डिजिटल डेटा की मदद से गुरुवार को आरोपियों 1. शैलेन्द्र त्रिवेदी पुत्र सुन्दर त्रिवेदी निवासी ओसोनगर कन्नोसी थाना कृष्णानगर जनपद लखनऊ, 2. गौतम शुक्ला पुत्र स्व0 विजय शुक्ला निवासी ग्राम मझऊवा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर, 3. ऋषि कौरी पुत्र स्व0 बाबूलाल कौरी निवासी मोनिकापुरवा निकट रेखा अस्पताल थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ को ओबरी जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का 02 अदद पायल, 04 अदद बिछिया, 03 अदद चांदी का सिक्का, 1 लाख 30 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार, एक अदद मोटरसाइकिल व 02 अदद देशी तमंचा .12 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मु.अ.सं. 99/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम 1. गौतम शुक्ला, 2. ऋषि कोरी पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तगण का गिरोह है जो अपने अन्य 02 साथी 1. रजत मिश्रा पुत्र वेद प्रकाश मिश्रा निवासी सेक्टर एम रिक्शा कालोनी आसियाना लखनऊ, 2. रिंकू सोनी पुत्र अशोक कुमार निवासी सिंगार जोत थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के साथ मिलकर दिन में रेकी कर स्थानों को चिन्हित कर रात्रि में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।

अभियुक्तगण द्वारा लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोरखपुर व आस-पास के जनपदों में चोरी की घटनाएं कारित की गयी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण चोरी के अभ्यस्थ अपराधी हैं जिनके द्वारा पूर्व योजना के तहत पकड़े जाने के बाद जमानत कराने हेतु आवश्यक धनराशि को चोरी किये गये रुपयों में से निकालकर पहले से ही सुरक्षित कर अपनी पत्नियों को दे दिया जाता था।

# पुलिस अधीक्षक ने की साइबर अपराधों के संबंध में गोष्ठी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज पर साइबर अपराधों की समीक्षा गोष्ठी की गयी जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी साइबर क्राइम ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम राजेश कुमार व जनपद के थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क के नोडल अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी में साइबर अपराध के लंबित अभियोगों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। साथ ही जनपद में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक करने तथा साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने हेतु लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के निर्देश दिये गए।

## बीडीओ ने ब्लाक के कर्मचारियों के साथ की बैठक

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बुधवार को सिरौलीगौसपुर ब्लॉक सभागार में एक बैठक की। इस बैठक में उन्होने ब्लॉक के सभी अधिकारियो और कर्मचारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संजीव गुप्ता ने अधिकारियों को सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होने कहाकि कार्य से संबंधीत पत्रावलियों को दुरुस्त रखा जाए और आईडी जारी करने से पहले सभी दस्तावेज पूरे होने चाहिए।किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। खंड विकास अधिकारी ने सभी को अपने-अपने आवासों के साथ-साथ गांवों में भी साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा,एपीओ रेनू,पंचायत सचिव राजेश कुमार,कुलदीप वर्मा,वीरेंद्र तिवारी,मनीष शुक्ला, सुरेश कुमार यादव,तेजभान सिंह,अरविंद कुमार,सतीश कुमार सहित सभी सचिव मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी त्यौहारों शिवरात्रि, होली व रमजान आदि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान व पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, प्रतिष्ठित एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में धर्मगुरूओं से आपस में मिलजुलकर शान्ति व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने, अफवाहों व झूठी खबरों पर ध्यान न देने, अफवाहों को फैलने से रोकने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस व संबंधित अधिकारी को सूचना देने हेतु अपील की गयी।

## 64ली अवैध कच्ची शराब बरामद

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बुधवार को गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- लक्ष्मण का पुरवा, पीपरपुर, सैठा, जहर अली का पुरवा, नजर अली का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान थाना -बाजार शुकुल के अंतर्गत ग्राम -जहर अली का पुरवा, नजर अली का पुरवा से लगभग 64ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 100किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया ।इस कार्यवाही मे 5अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील करते हुए आबकारी दुकानों का सघन निरिक्षण किया गया। दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ शमशेर कुमार, संजय सरोज व सर्वेश वर्मा शामिल रहे।

# बेसहारा गरीबों मजलूमों की बुलंद आवाज थे बाबू बेनी प्रसाद वर्मा: गोप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



विकास पुरुष के नाम से विख्यात बेसहारा गरीबों मजलूमों की बुलंद आवाज थे बाबूजी जिन्होंने अपना पूरा जीवन गांव गुरबत में रहने वालों के हक हकूक की रक्षा सुरक्षा मे लगा दिया। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी की 86वीं जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आगे कहा कि बाबूजी सभी धर्म संप्रदाय जाति बिरादरी के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए काम करते थे सामाजिक एकता के लिए उन्होंने तमाम प्रयास किए मंत्री रहते हुए बाबूजी ने बाराबंकी जनपद ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का काम किया हम सबको बाबूजी के दिखाएं बताए रास्ते पर चलते हुए प्रदेश में पुनः समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए कार्य करना होगा सच मायने में यही बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी को हम सब की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, यासिर अराफ़ात, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, विकास यादव, राजेंद्र वर्मा पप्पू ,जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जसवंत यादव, राजेश कुमार वर्मा, मोहम्मद आफाक, जिला सचिव सिराज उस्मानी, अजीत यादव, लल्ला यादव, अवध राम वर्मा, किशन रावत, अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ शैलेश वर्मा, जिला अध्यक्ष महिला सभा पूनम यादव, अर्पित यादव, जिला पंचायत सदस्य वासुदेव वर्मा, राम सजीवन रावत, अब्दुल रहीम, अखिलेश कुमार वर्मा, ललित मिश्रा बाबुल, दीपक गुप्ता, संतोष रावत, बलराम सिंह, हाजी मुश्ताक अहमद, कमलेश कुमार यादव, निशांत अहमद, जितेंद्र वर्मा, अंकित वर्मा, दिलीप गुप्ता, उदय राज यादव, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा सहित तमाम अन्य प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हुई संगोष्ठी



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जन संघ के पुरोधा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई इस अवसर पर स्थानीय जिला पंचायत सभागार में एक संगोष्ठी व प्रदर्शनी आयोजित की गई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के कार्यालय मंत्री व सीतापुर प्रवासी डॉ विमल सिंह उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई अपने उद्बोधन में बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर विमल सिंह ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम सब के विचारों के उत्सर्जक महामानव है उन्होंने राजनीति में मर्यादा एवं सच्चाई का प्रतिपादन किया और अंत्योदय का मंत्र पालन करते हुए उन्होंने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने का संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय केवल मनुष्य ही नहीं पशु पक्षियों एवं प्रकृति के संरक्षण की बात करते थे और वह कांग्रेस की पाश्चात्य नीतियों का विरोध करते थे वह सच्चे मायने में एक राजनीतिक संत थे कार्यक्रम में बोलते हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी भारत त्रिपाठी ने उनके संपूर्ण जीवन चित्र व राजनीतिक संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के राजनीतिक संघर्षों एवं उनकी आदर्शवादिता पर अपनी बात रखी। उन्होंने उनके पारिवारिक दायित्व एवं संघर्षों का भी भावुक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षों को आज सभी द्वारा पढ़े जाने की आवश्यकता है ।

## डीएम ने आंगनबाड़ी केन्द्र में वी.एच.एस.एन.डी. सत्र का किया औचक निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊंचाखेरा कला (कम्पोजिट), ब्लॉक कसमण्डा में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में वी.एच.एस.एन.डी. सत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं से वार्ता करते हुये उनकी वैक्सीनेशन संबंधी किताब का अवलोकन किया। उन्होंने वैक्सीनेशन रजिस्टर का अवलोकन करते हुये कमियां पाये जाने पर ए.एन.एम. चित्रांशी श्रीवास्तव को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने शासन की मंशानुरूप समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों को मुहैय्या उपलब्ध करायी जाये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने उक्त प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित रजिस्टर को देखते हुये बच्चों की उपस्थिति कम होने, गंदगी मिलने एवं अन्य कमियां मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी ने रसोई घर में मिड-डे-मिल के तहत बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की सामग्री की गुणवत्ता को परखा।

# ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने दिए जांच के निर्देश

**आबकारी विभाग ने दो महीना पहले सचिव-प्रधान को दी थी नोटिस,नहीं हो रही कार्रवाई**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




सीतापुर की विकासखंड रामपुर मथुरा में ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को शपथ पत्र के माध्यम से लिखित शिकायत पत्र देखकर कार्यवाही की मांग की गई जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा जांच आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों को दी गई आबकारी विभाग के द्वारा दो महीने पहले सचिव व प्रधान को नोटिस दी गई थी परंतु सचिव प्रधान के द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया जिस पर आबकारी विभाग के द्वारा अभी तक प्रधान सचिव पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे यह भी स्पष्ट हुआ है की डीएम के आदेश पर भी क्या आबकारी विभाग के अधिकारी द्वारा खाना पूर्ति कर रहे हैंबताते चलें रामभारती गोस्वामी पुत्र सूरज लाल, नि0 ग्राम फत्तेखेरवा मजरा व पोस्ट कठवा जिला सीतापुर द्वारा 06-02-2025 को डीएम सीतापुर को शपथ पत्र पर मय साक्ष्य ग्राम पंचायत बांसुरा विकास खण्ड रामपुरमथुरा में कराये गये विकास कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत की गयी थी। जिसमें उल्लेख किया गया था कि ऐसी दुकानों के बिल लगाकर फर्जी भुगतान निकाला गया है जिस सामग्री की बिकी दुकानदार नहीं करता है, कुछ ऐसी दुकानों के बिल लगाये गये जो दुकान धरातल पर है ही नहीं। ऐसे फर्जी बिलों पर ग्राम प्रधान/ग्रामू पंचायत सचिव के नाम धनराशि निकालकर बंदरबांट कर लिया गया।

# श्री बालाजी कोल्ड स्टोरेज का हुआ भव्य शुभारंभ

- सुंदरकांड पाठ के बाद हुआ विशाल भंडारा



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

श्री कृष्णा कोल्ड स्टोरेज अकबरपुर और श्री बालाजी इंडस्ट्रीज सफाखेड़ा के नए सहयोगी प्रतिष्ठान के रूप में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (तालग्राम छिबरामऊ अंडरपास के नजदीक) पर नवनिर्मित श्री बालाजी कोल्ड स्टोरेज का शुभारंभ हवन-पूजन के बाद भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे के साथ हुआ।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक अनुज गुप्ता (जॉनी भइया) एवं वरुण गुप्ता (गोलू) की माता सुषमा गुप्ता ने फीता काटकर आलू भंडारण की शुरुआत की। अनुज गुप्ता (जॉनी भइया) ने किसान भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक मशीनों से सुसज्जित इस कोल्ड स्टोरेज में आलू सुखाने के लिए पर्याप्त बरामदे उपलब्ध हैं। निकासी के समय पर्ची लगाने के दिन ही आलू की निकासी सुनिश्चित होगी। साथ ही, किसानों को उनका आलू उचित दाम में बिकवाने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

वरुण गुप्ता (गोलू) ने कहा कि यह प्रतिष्ठान किसानों की सुविधा और उनकी फसल की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हमारी टीम निरंतर किसानों के साथ खड़ी रहेगी और हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मैनेजर रामसरन बाबाजी (पूर्व प्रधान) ने कहा कि यह कोल्ड स्टोरेज क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगा। यहां की आधुनिक तकनीक से आलू की गुणवत्ता बनी रहेगी और नुकसान कम होगा। हम किसानों की हर समस्या का समाधान करेंगे। इससे पहले आचार्य पंडित देवेंद्र दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ हवन और बही-खातों तथा मशीनों का पूजन किया। आचार्य शिवानंद द्विवेदी ने प्रबंध निदेशक अनुज गुप्ता (जॉनी) से राम दरबार का पूजन कराया। तत्पश्चात श्री राम कथा एवं सुंदरकांड वाचक प्रशांतानंद जी (चंदन) महाराज ने कहा कि भगवान राम और हनुमान जी की कृपा से यह प्रतिष्ठान सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा। सह आचार्य संजीव दुबे और विनोद दुबे ने भजन मैं तेरे ही भरोसे हनुमान, सागर में नैया डाल दी, मैं भी बोलूं राम तुम भी बोलो राम, दुनिया में सिद्ध हो देव तुम्हें हनुमान तुम्हारा क्या कहना गाकर श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कार्यक्रम में सुधांशु महेश्वरी, निधि महेश्वरी, प्रमोद कुमार गुप्ता, सहायक मैनेजर पंकज गुप्ता, अकाउंटेंट मनोज श्रीवास्तव, सुप्रिया, स्वाति गुप्ता, राघव गुप्ता, अनन्या गुप्ता, अयांश गुप्ता, अथर्व गुप्ता, कमल गुप्ता, शालू गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद राजपूत, आनंद गुप्ता महिंद्रा, पूर्व पालिकाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, नन्हेलाल लोधी राजपूत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम पाल व राजीव गोयल सहित बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# किसान और मजदूर विरोधी है प्रदेश सरकार का बजट : विनोद दूबे

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार के हालिया बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने इसे किसान और मजदूर विरोधी करार दिया है। टीवी पर बजट प्रसारण देखने के बाद उन्होंने कहा कि यह बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आम आदमी की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरा। किसानों के लिए कोई ठोस राहत पैकेज, एमएसपी की गारंटी या कर्ज माफी जैसी घोषणा नहीं की गई, जबकि मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ोतरी, मनरेगा में अधिक दिनों का प्रावधान या सामाजिक सुरक्षा के कदम अनुपस्थित हैं। दुबे ने आरोप लगाया कि बजट में पूंजीपतियों और बड़े उद्योगों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं पर ज्यादा जोर है, जबकि किसान आत्महत्या और मजदूर बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷यह बजट योगी सरकार की किसान-मजदूर विरोधी नीतियों का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता से आह्वान किया कि इस बजट के खिलाफ सशक्त विरोध दर्ज कराया जाए ताकि सरकार मजबूर होकर किसानों-मजदूरों के हित में कदम उठाए। दूबे ने उम्मीद जताई कि विपक्षी दल इस मुद्दे पर एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

# निशानेबाज एन्जल श्रीवास्तव की गई सम्मानित

- राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत कर बढ़ाया गांव का मान



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा बैरागपुर की होनहार बेटी एन्जल श्रीवास्तव ने अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय पटल पर गांव का नाम रोशन किया है। गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण के साथ शाल भेंट करके उसे सम्मानित किया। स्वर्गीय उदय प्रताप श्रीवास्तव की पुत्री एन्जल ने 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में ग्रेटर नोएडा, जयपुर (राजस्थान) और भोपाल (मध्य प्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल जीते। विशेष रूप से 10 मीटर फायरिंग में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया। 2023 में पिता के निधन के बाद आई कठिन परिस्थितियों में भी एन्जल ने हौसला नहीं खोया। माता सुनीता श्रीवास्तव ने खेती-बाड़ी से आर्थिक व्यवस्था संभालते हुए बेटी के खेल को पूरा समर्थन दिया। मां भावुक होकर कहती हैं कि पति जीवित होते तो एन्जल देश के लिए खेल रही होतीं, फिर भी वह उसे आगे बढ़ाने के लिए पूरी मेहनत कर रही हैं। एन्जल पढ़ाई में भी अव्वल हैं। उन्होंने 2023 में कानपुर से हाईस्कूल और 2025 में छिबरामऊ के हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय दिग्गजों ने उनके घर पहुंचकर शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। वरिष्ठ सपा नेता बाबा रामप्रकाश यादव, एडवोकेट अजय यादव, सुबोध यादव, प्रदीप यादव सहित अन्य ने बधाई दी।

# खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान तेजः डॉ. सरदूल सिंह

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



मौसम में बदलाव के साथ ही जानवरों में फैलने वाले खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग का टीकाकरण अभियान सातवें चरण में पहुंच गया है। जनपद में कुल 2 लाख 77 हजार 883 पशुओं को टीकाकरण के दायरे में रखा गया है, जिनमें से अब तक करीब 2 लाख 67 हजार 500 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। शेष वैक्सीन के साथ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

जिला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सरदूल सिंह ने बताया कि 20 टीमें गांव-गांव पहुंचकर पशुओं का टीकाकरण कर रही हैं और पशुपालकों को रोग से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने मुंहपका रोग से बचाव के लिए फिटकरी के घोल तथा खुरों की सफाई के लिए कॉपर सल्फेट और पोटेशियम परमेगनेट के उपयोग की सलाह दी।

विभाग ने पशुपालकों से अपील की है कि वे टीकाकरण टीमों का सहयोग करें और पशुओं में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक को सूचना दें, ताकि संक्रमण के फैलाव को समय रहते रोका जा सके।

# किसानों, नौजवानों व महिलाओं की उम्मीद पर फिरा पानी

छिबरामऊ, कन्नौज। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय



सचिव रोविन यादव ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार का बजट बहुत उम्मीद से देख रहा था। सोचा की अब शायद इस बजट मे किसानों, नौजवानो, व्यापारी भाइयो, गरीबो और महिलाओ के लिए सरकार कुछ सोचेगी लेकिन इस बार भी किसानों नौजवानो महिलाओ की उम्मीद पर पानी फिर गया। उन्होंने कहा इस बजट में रोजगार का कोई रोड मेप तैयार नहीं किया गया। किसानों व निराश युवाओं को हताशा हाथ लगी। इस सरकार से गरीब ठगा हुआ महसूस कर रहा है। बीजेपी सरकार का यह बजट भी खोखला और झूठा साबित हुआ।

# बार एकादश व कोर्ट टाइगर्स एकादश टीमों को किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अपने चैम्बर में छिबरामऊ बार एकादश व कोर्ट टाइगर्स एकादश टीमों के सदस्यों को सम्मानित किया।

उन्होंने स्वागत और अभिनन्दन के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा क्रिकेट के मैत्री मैच में यहां के अधिवक्ताओं ने शानदार प्रदर्शन करके दिखा दिया कि वह भी किसी से काम नहीं है। इस दौरान सरोज दुबे, ओम कुमार सिंह भदौरिया, शिवराम सिंह चौहान, छत्रपाल सिंह, संजीव त्रिपाठी, दिनेश त्रिवेदी, पवन दीक्षित, अनूप दीक्षित, सुशील पाण्डेय, रोहित सक्सेना, अनीश खान, अश्वनी मिश्रा, गुलाम हुसैन, नंदन सक्सेना, अमित दुबे, स्नेहलता गुप्ता, सरिता, आशीष दुबे सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बार एकादश व कोर्ट टाइगर्स एकादश टीमों को किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने अपने चैम्बर में छिबरामऊ बार एकादश व कोर्ट टाइगर्स एकादश टीमों के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वागत और अभिनन्दन के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा क्रिकेट के मैत्री मैच में यहां के अधिवक्ताओं ने शानदार प्रदर्शन करके दिखा दिया कि वह भी किसी से काम नहीं है। इस दौरान सरोज दुबे, ओम कुमार सिंह भदौरिया, शिवराम सिंह चौहान, छत्रपाल सिंह, संजीव त्रिपाठी, दिनेश त्रिवेदी, पवन दीक्षित, अनूप दीक्षित, सुशील पाण्डेय, रोहित सक्सेना, अनीश खान, अश्वनी मिश्रा, गुलाम हुसैन, नंदन सक्सेना, अमित दुबे, स्नेहलता गुप्ता, सरिता, आशीष दुबे सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### चाउमीन खाने को लेकर शादी में मारपीट, एक घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी विशाल श्रीवास्तव पुत्र मुकेश श्रीवास्तव की शादी विशुनगढ़ रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में हो रही थी। इस दौरान मोहल्ले के ही निवासी विशाल पुत्र मनोज कुमार अपनी भाभी रूबी के साथ दावत में शामिल होने पहुंचे थे। दावत के दौरान चाउमीन खाने को लेकर पास खड़े मोहल्ले के कुछ अन्य युवकों से आपस में तीखी बहस हो गई। मामला तेजी से बढ़ा और देखते ही देखते गाली-गलौज के बाद पत्थरबाजी शुरू हो गई। इस झड़प में विशाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल विशाल को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने इस घटना की पुलिस में शिकायत कराई है और मामले की जांच की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



कन्नौज, समृद्धि न्यूज। जहरीला पदार्थ खाने से एक 25 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव सगरा निवासी 25 वर्षीय लालू राजपूत ने अपने घर पर संदेहास्पद परिस्थित में जहरीला पदार्थ खा लिया। मामले की जानकारी जब परिजनों को हुई तो लालू को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने युवक की मौत की पुष्टि कर दी। लालू की मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### पं. दीनदयाल का जीवन संगठन व राष्ट्रहित के लिए समर्पित : जिलाध्यक्ष

कन्नौज, समृद्धि न्यूज। भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुए जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को याद किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष फर्रूखाबाद रूपेश गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने किया। मंच पर पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी और महामंत्री हरिवक्स सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र, समाज और मानव सेवा के लिए समर्पित किया। उनका चिंतन राष्ट्रवाद, सामाजिक समानता और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित रहा, जिसे आज भी भाजपा संगठन और सरकारें मार्गदर्शक मानती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके आदर्शों पर चलते हुए गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं।

# सिद्दीकी टीम को हराकर गौरी क्रिकेट टीम ने जीता फाइनल मैच

- उपविजेता टीम के कप्तान को एक स्कूटी व ट्रॉफी भेंट कर किया गया सम्मानित



समधन, समृद्धि न्यूज़।

गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना पूरे मैच में दर्शक दोनों टीमों का उत्साहवर्धन करते रहे। सिद्दीकी क्रिकेट टीम को हराकर गौरी क्रिकेट टीम बनी विजेता उम्मीद का सहारा फाउंडेशन की तरफ से टूर्नामेंट आयोजित हुआ। नगर की पुलिस चौकी के नजदीक कॉलोनी के पास चला गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को अंतिम दिन फाइनल मैच गौरी क्रिकेट टीम समधन व सिद्दीकी क्रिकेट टीम समधन के बीच मैच खेला गया जिसमें सिद्दीकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर के फाइनल मैच में धुआंधार पारी खेलते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाए बाद में जबाब में उतरीं गौरी क्रिकेट टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 15 ओवर खेलने पर 199 रन पूरे कर जीत अपने नाम दर्ज कराई इसके बाद कमेंटी द्वारा विजेता टीम के कप्तान मोहम्मद उसामा को एक पल्सर बाइक व ट्रॉफी भेट कर सम्मानित किया गया इसी तरह उपविजेता बनी टीम के कप्तान मोहम्मद शानू सिद्दीकी को एक स्कूटी व ट्रॉफी भेट कर सम्मानित किया गया।

विजेता टीम खिलाड़ी जयवीर सिंह ने अपनी टीम के लिए 127 रन बनाए जिसपर कमेंटी ने उन्हें मैन ऑफ द मैच दिया गया टूर्नामेंट कार्यक्रम के दौरान युवा नेता नगर पंचायत समधन से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मुजम्मिल उर्फ कबूतर ने टूर्नामेंट में पहुंचकर फाइनल मैच का फीता काट उद्घाटन किया गया।

इससे पहले कमेंटी द्वारा फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत करते हुए पगड़ी बांध चांदी का मुकुट पहनाया गया इसके बाद नगर पंचायत समधन पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद भुट्टो ने टूर्नामेंट में पहुंचकर फीता काटा गया इसी तरह समधन नगर के सपा नेता इरफान हुसैन व वसपा के छिबरामऊ विधानसभा प्रभारी सैय्यद उसैव अहमद ने टूर्नामेंट में पहुंचकर फाइनल मैच का फीता काट उद्घाटन किया आयोजकों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर हजारों लोग मौजूद रहे।

# बाइक रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



आरटीई एक्ट (नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम) एवं सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर डिजिटल सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक रैली निकाली गई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि आरटीई अधिनियम का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराना और कमजोर वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल दौर में साइबर सुरक्षा बेहद जरूरी हो गई है, इसलिए लोगों को ऑनलाइन लेन-देन, सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग सतर्कता व जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित विभाग या साइबर हेल्पलाइन पर देना आवश्यक है।इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि आरटीई के तहत 3 से 6 वर्ष तक के निर्धन बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिया जाता है। इसके लिए शिक्षा विभाग की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है और लॉटरी के जरिए नजदीकी स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित किया जाता है। चयनित स्कूलों को प्रति बच्चे एकमुश्त 5 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) देवेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह,जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हिमांशु शेखर सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे।

# धैर्य और उत्साह सफल व्यवसाय के लिए महत्वपूर्णः तहसीन सिद्दीकी

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।




एक सफल व्यवसाय के लिए ईमानदारी धैर्य एवं उत्साह का होना बहुत ही महत्वपूर्ण है व्यवसाय को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करना जिसमे उनकी ज़रूरतें उनकी भावनाएं और उन्हें कहां ढूंढा जा सकता है आपके परिणामों को अत्यधिक बेहतर बना सकता है।

यह विचार बुधवार को फर्रूखाबाद के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने नगर गुरसहायगंज के तिराहे के निकट स्थित शादाब कलेक्शन के शुभारंभ के मौके पर प्रकट किये। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने आगे कहा कि सफल व्यापार के लिए दुकानदार को चाहिए कि वह पूरी ईमानदारी और लगन के साथ व्यापार करे और ग्राहकों में अपने प्रति एक विश्वास पैदा करें जिससे ग्राहक खुद संतुष्ट हो और आपके व्यापार और ईमानदारी को लेकर अन्य लोगों से चर्चा करे तब आपका व्यापार निज नई ऊंचाइयां हासिल करेगा। इस अवसर पर कलेक्शन के प्रोपाइटर मो तालिब मो एराज के द्वारा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष का फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर शहर काजी हाफिज जुम्मन मेराज आलम सोनू तिवारी फिरदौस आलम मकबूल अहमद डॉ शमशाद अयूब सिद्दीकी सहित कई लोग मौजूद थे।

# लायर्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

## तिर्वा तहसील मुख्यालय पर आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



लायर्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को संपन्न हो गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को तिर्वा एसडीएम राजेश कुमार ने शपथ ग्रहण कराई। तिर्वा तहसील के बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हो जाने के बाद बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके बाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष अशोक राजपूत, महामंत्री दुर्गेश शुक्ला,उपाध्यक्ष राजेश राजपूत, कोषाध्यक्ष रामशरन, सह सचिव मंजीत सिंह आदि पदाधिकारियों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बार के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी पदाधिकारियों से वादकारियों के हित में कार्य करने की अपील की। अध्यक्ष अशोक राजपूत ने कहा कि, सामंजस्य के साथ बार और बेंच के साथ कार्य किया जाएगा, और वादकारियों के हित में कार्य जारी रहेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया ,उसके अलावा मिष्ठान का वितरण किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से मंचासीन तहसीलदार अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार अमित पाठक, सतीश कन्नौजिया, का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नीरज त्रिपाठी, संजय शुक्ला, हरवेंद्र सिंह, बलराम सिंह, सतीश राजपूत, मनोज राजपूत आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सौ फीट ऊंचे टावर से कूदकर युवक ने चुनी मौत

- प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने से आहत था युवक
- पुलिस ने गंभीर हालत में पहुंचाया था सीएचसी
- उपचार के दौरान युवक की मौत

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।





प्रेमिका की दूसरी जगह शादी हो जाने से आहत युवक ने सौ फीट ऊंचे टावर से कूद कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस, ग्राम प्रधान सहित ग्रामीणों ने युवक को नीचे उतारने का काफी प्रयास किया। लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण युवक नीचे आ गिरा और गिर कर घायल हो गया। आनन फानन घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गई। बुधवार को गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुराभोज निवासी सुमित राजपूत (20) राजस्थान की एक फैक्ट्री में काम करता था। जो 15 दिन पहले अपने गांव आया था। सुबह अचानक गांव स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और वहां पर जोर-जोर से चिल्लाने लगा। कि मेरी शादी करवा दो नहीं तो मैं कूद कर मर जाऊंगा। शोर सुनकर गांव के लोग वहां एकत्रित हो गए। शोर सुनकर परिवार वाले भी आ गए। सभी लोगों ने उसे मनाने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी उसे उतारने का प्रयास किया। लेकिन वह शादी के लिए जिद पर अड़ा रहा। कह रहा था कि पहले मेरी शादी तय कराओ। तभी मैं नीचे उतरूंगा। तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और सौ फीट ऊंचे टावर से नीचे आ गिरा। गंभीर हालत में ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार सहित स्थानीय लोगों की मदद से उसे गुरसहायगंज के सीएचसी में लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई। जबकि परिवार में 05 साल पहले पिता रामकिशोर की मौत हो चुकी थी। घर में मां व छोटा भाई रहते है। जबकि बहन की 05 साल पहले शादी हो चुकी थी। वही छोटा भाई मानसिक रूप से कमजोर है। सुमित ही अकेला कमाने वाला था। लोगों में चर्चा थी कि मृतक रिश्तेदारी में युवती के प्रेम में था। जिसकी दूसरी जगह शादी हो जाने से वह परेशान था। नशे की हालत में वह टावर पर चढ़ गया और कूद कर आत्महत्या कर ली। कोतवाल अजय अवस्थी व चौकी प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नैपुरा वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2025-26 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.02.2026 से 18.02.2026 तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी।

**निविदा शुल्क निशुल्क**

| क्र.सं. | योजना अन्तर्गत | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | नैपुरा | कल्याण के घर से पुष्पेंद्र के घर तक इंटरलॉक निर्माण | 5.93 लाख | सीमेन्ट, बालू, ईंट, गिट्टी आदि | ? | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

सचिव                प्रधान

# महाशिवरात्री पर लगने वाले मेले में श्रृंगीरामपुर में ड्रोन से होगी निगरानी

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा, घाट पर बैरिकेडिंग के निर्देश**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली श्रृंगीरामपुर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लगने वाले मेले की तैयारियों का बुधवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले की ड्रोन कैमरे से निगरानी की और गंगा घाट पर बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। श्रृंगीरामपुर जो श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली है, में महाशिवरात्रि पर हर साल मेले का आयोजन होता है। इसी तैयारी का जायजा लेने बुधवार को डीएम और एसपी ने मेले स्थल का दौरा किया। जिलाधिकारी ने दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं की संख्या और उनकी संभावित समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि दूसरे राज्यों और जिलों से आने वाले भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था के तहत नावों नाविकों और गोताखोरों के नाम व मोबाइल नंबर की सूची तैयार कर सभी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने को कहा गया। साथ ही मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी खोया पाया केंद्र और पीए सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए। पीने के पानी के लिए टैंकर, मोबाइल शौचालय घाट तक रास्ते की मरम्मत, घाट पर बैरिकेडिंग और पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।


मेले का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आदि

आवागमन के लिए एक ही मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, खंड विकास अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कमालगंज और अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हत्यारोपी पर दोषसिद्ध, सजा 16 फरवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त आकाश उर्फ यशपाल को धारा 302/34, 307/34 के आरोप में दोषसिद्ध किया। सजा के लिए 16 फरवरी की तिथि नियत की गई है।

शंकर पुत्र रामगुलाम निवासी कस्तूरबा स्कूल के पीछे दमदमा कायमगंज ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि करीब 1.5 वर्ष पूर्व 20 जुलाई 2021 समय लगभग शाम के 06 बजे मेरे चचेरे भाई राजकुमार ने घर के जाने वाले रास्ते पर तिरपाल बांधने के लिए रस्सी बांध रखी थी। रस्सी बांधने का विरोध मेरे भाई पप्पू ने किया तथा रस्सी को मेरे भाई पप्पू ने काट दिया। इसी बात को लेकर



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

राजकुमार व उनके लड़के आकाश, निखिल, पत्नी संतोषी ने मेरे भाई के साथ लाठी-डण्डा व टकोरा लेकर व गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। भाई की शोरगुल पर मेरी भाभी किरन, भतीजा धर्मेन्द्र बचाने आये उनके साथ भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

तब भाई के ऊपर टकोरे से प्रहार किया। भाई जान बचाकर भागा तो उसके ऊपर टकोरे से प्रहार किया तथा घायल भाई मेरे दरवाजे के सामने गिर गया।

वहां पर भी टकोरे से प्रहार किया, जिससे मेरे भाई की मृत्यु हो गयी। निखिल, आकाश, राजकुमार के हाथ में टकोरा था तथा संतोषी के हाथ में डण्डा था। इन लोगों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नीयत से वार किये गए। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ताओं की कुशल पैरवी के आधार परविशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त आकाश उर्फ यशपाल को धारा 302/34, 307/34 के आरोप में दोषसिद्ध किया। सजा के लिए 16 फरवरी की तिथि नियत की गई है।

## शादी समारोह में दहेज को लेकर विवाद, मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज में एक शादी समारोह में दहेज को लेकर विवाद हो गया। वर पक्ष के दहेज से असंतुष्ट होने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। जिसके बाद वधू ने शादी करने से इनकार कर दिया। यह घटना मंगलवार शाम नवाबगंज के एक गेस्टहाउस में हुई। शाहजहांपुर के थाना परौर के एक गांव निवासी युवक ने अपनी बेटी की शादी थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी युवक से तय की थी। शादी में तीन लाख रुपये नकद और दहेज का सामान तय हुआ था। मंगलवार शाम वधू पक्ष अपनी बेटी और रिश्तेदारों के साथ दहेज का सामान लेकर नवाबगंज के गेस्टहाउस पहुंचा था। गेस्टहाउस में वर पक्ष वधू पक्ष द्वारा लाए गए दहेज से संतुष्ट नहीं हुआ। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। जो बढ़कर मारपीट में बदल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने चलने को कहा। रात लगभग ग्यारह बजे दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे पर दहेज को लेकर आरोप लगाते रहे। रात भर पंचायत चलती रही, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। वधू ने अपने भाई के साथ हुई मारपीट का आरोप लगाते हुए शादी करने से साफ इनकार कर दिया। बुधवार सुबह तक दोनों पक्षों के बीच थाने में बातचीत जारी रही। आखिरकार दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने इस बात की पुष्टि की कि दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो गया है।

## 22 फरवरी को आफीसर क्लब में लगेगा मेगा कैंप

**जिले के आम लोगों की जनसमस्याओं का होगा समाधान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वृहद मेगा कंप 22 परवरी को सुबह 10 बजे फतेहगढ़ स्थित आफीसर क्लब में आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले के आम लोगों की जनसमस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारी मौजूद रहेंगे।

वहीं इस दौरान फर्रुखाबाद के जिला जज नीरज कुमार भी इस मेगा कैंप में शामिल होंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नोडल अधिकारी/अपर जिला जज संजय कुमार षष्ठम ने बताया कि इस मेगा कैंप के लिए


जानकारी देते न्यायिक अधिकारीगण

अधिकार मित्र/पैरा लीगल वालंटियर्स भी अपने इलाकों में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। मेगा कैंप में आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनको निपटाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि वृद्धजनों एवं आम नागरिकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए इस बृहद मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में विभिन्न विभागों के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना और किसानों से संबंधित योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस मेगा कैंप में लगभग 44 विभागों की स्टॉल लगाई जायेंगी। जहां सभी अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान करेंगे। इस मौके पर अधिकार मित्र/परा विधिक स्वयं सेवक हेतराम, अनुज कुमार, गौरव गौतम, शीला कटियार, दया प्रभा, अंजली आदि लोग मौजूद रहे।

## एंबुलेंस अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा कर पलटी


पलटी पड़ी एंबुलेंस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद मार्ग पर सिरमौरा गांव के पास देर रात एक सड़क हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई और सड़क पर पलट गई।

यह घटना देर रात करीब 2 बजे हुई। स्थानीय लोगों ने जोरदार धमाके की आवाज सुनी। जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस सक्रिय हुई और सिपाही कमल गंगवार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की सघन जांच पड़ताल की। हालांकि पुलिस को मौके पर न तो एम्बुलेंस का चालक मिला और न ही कोई घायल व्यक्ति। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है कि दुर्घटना के बाद एम्बुलेंस में मौजूद लोग कहां चले गए।

## खबरें एक नजर में

### कानपुर मण्डल प्रभारी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक


बैठक में मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष विनोद गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी व पूर्व एमएलसी नौशाद अली ने जिला कमेटी एवं विधान सभा कमेटी की समीक्षा की और सभी को आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 में बूथ पर जाकर बहुजन समाज पार्टी की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु0 मायावती के द्वारा बहुजन समाज के हित में किए गए कार्यों के बारे में बताया गया। इस मौके पर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर, दीपक कुशवाह आदि पदाधिकारियों ने विचार रखे। इस मौके पर बसपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### असत्य पर सत्य की विजयः वत्सला अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वर्ष 2023 के नगर पालिका चुनावों के परिणामों को लेकर न्यायालय में चल रहे पुर्नमतगणना के मामले को न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आज खारिज कर दिया है। नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने कहा कि जनता द्वारा दिया गया जनादेश साक्षात ईश्वर का आदेश होता है। आज यह बात सिद्ध हो गयी है कि इस जनता रुपी ईश्वर से बढ़कर कुछ भी नहीं है। आप सभी को अटूट विश्वास, समर्थन और आशीर्वाद के बल पर आज चुनाव की पुनर्गणना के प्रकरण में हमें न्यायालय से विजय प्राप्त हुई है। यह विजय किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि सत्य, लोकतंत्र और आपके द्वारा दिये गये प्रत्येक मत के सम्मान की विजय है। हमें विश्वास था कि सत्य की सदैव जीत होती है। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि आगे भी पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद के विकास एवं जन सेवा के लिए निरंतर कार्य करती रहूंगी।

### बच्चों से विद्यालय पहुंचकर सपा नेताओं ने ली जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज विकास खण्ड के गाँव राठौरा मोहद्दीनपुर के जवाहर लाल प्रेमा देवी स्कूल में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर पेट के कीड़े मारने की दवा एल्बेंडाजोल खाने से लगभग 100 से 150 बच्चे बीमार पड़ गए थे। हालत बिगड़ने के बाद सभी बच्चों को जिले भर की एंबुलेंस लगाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज व डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने पर सपा जिलाध्यक्ष स्कूल पहुंचे और पीड़ित बच्चों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस सरकार में अंधेर नगरी चौपट राजा वाला काम चल रहा है जब नियम है कि स्वस्थ विभाग की निगरानी में हर 6 महीने में दवाई खिलाई जाए फिर 2 साल तक क्यों नहीं दी गई? और जब दी गई तो स्वस्थ विभाग के कर्मचारी ने अध्यापकों को दवा देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। यह चूक बहुत बड़ा मामला है, शासन को कमेटी बनाकर इसकी जांच करानी चाहिए और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, सह प्रवक्ता राधेश्याम सविता, जगनरेश यादव, अखिल कठेरिया, शीलू खां आदि मौजूद रहे।


बैठक लेते नोडल अधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक

### भिक्षावृत्ति, बालश्रम, मानव तस्करी एवं अनैतिक देह व्यापार की रोकथाम हेतु बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के निर्देशन में नोडल अधिकारी (विशेष किशोर पुलिस इकाई व मानव तस्करी रोधी) व पुलिस उपाधीक्षक अभय वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ में विशेष किशोर पुलिस इकाई व मानव तस्करी रोधी की मासिक प्रशिक्षण/समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों सम्बन्धी विशेष रेस्क्यू अभियान चलाये जाने एवं भिक्षावृत्ति, बालश्रम, मानव तस्करी एवं अनैतिक देह व्यापार की रोकथाम के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में कहा गया कि अपने-अपने क्षेत्र में छापेमारी कर बालश्रम पर पूरी तरह से रोक लगायें। साथ ही लोगों को जागरुक करें कि बच्चों से काम करवाना कानूनी रुप से अपराध हैं।

## महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में आशीर्वाद समारोह का आयोजन, मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर गंगापार स्थित महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का उत्साहवर्धन करना और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देना था।

समारोह के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और नियमित रूप से अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने विद्यालय में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ई-बोर्ड का विधिवत शुभारंभ किया। छात्रों को प्रेरित करते हुए मुख्य अतिथि सुदेश कुमार ने कहाए जीवन में सफलता पाने के लिए अनुशासन और समयबद्धता का होना अनिवार्य है। आज की गई कड़ी मेहनत ही भविष्य के हर क्षेत्र में सफलता के द्वार खोलेगी।


छात्रा को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य व थानाध्यक्ष

विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हर विद्यार्थी की आँखों में सफलता के सपने होते हैं, लेकिन उन्हें हकीकत में बदलने के लिए कड़ी मेहनत और अटूट लगन की आवश्यकता होती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे कभी भी शिक्षा से अपना मुख न मोड़ें, क्योंकि यही उन्हें एक बेहतर इंसान बनाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, सुधीर पाल, प्रदीप सिंह, शिवराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, रामानंद, दीपक शर्मा, निशिकांत अग्निहोत्री और अनुपम सिंह ने भी अपने विचार रखे और छात्रों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता नेहा गुप्ता द्वारा किया गया।

## बीडीओ ने सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की जानी हकीकत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अधिकारी ने सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक कर विकास कार्यों की हकीकत जानी।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर गुरुवार को विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने जिला अधिकारी के निरीक्षण के बाद ग्राम सचिवों की साप्ताहिक बैठक बुलाई।

विकास खंड अधिकारी ने सचिवों के साथ वार्ता कर विकास कार्यों की समीक्षा की। जिसमें फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, आवास रिचेकिंग, शौचालय व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था आदि पर दिया गया। विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को बताया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्था चाक चावंड रखें। अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील हैं। सभी ग्राम पंचायत सचिव अपने विकास कार्यों को दुरुस्त कर अपने अभिलेख भी दुरुस्त रखें, ऐसे ही कई बिंदुओं पर विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों से बात की। वहीं कुछ आइजीआरएस



सचिवों के साथ बैठक करते बीडीओ

शिकायतकर्ताओं से फोन कर वार्ता की तथा कई शिकायतों का निस्तारण करवाने के लिए सचिवों को निर्देश दिए।

इस मौके पर विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, बृजेश कुमार, मोतीलाल, आकांक्षा सक्सेना, प्रवीण कुमार, अनुपम बाजपेई, कामता प्रसाद पटेल, कुलदीप राजपूत, वेद प्रकाश, अरविंद कुमार, कनिष्ठ लिपिक राज भारती, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित बैठक में मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में दो घायल, हुई मारपीट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज क्षेत्र के गाँव भैंसार निवासी विशाल जाटव उम्र 18 वर्षीय पुत्र सत्यपाल जाटव अपने बहनोई सुरेन्द्र निवासी जैथरा जनपद एटा को बाइक पर बैठालकर ट्रान्सपोर्ट ले जा रहा था। जैसे ही वह सी.पी. तिराहे के पास पहुँचा, तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार अहिसकार यादव पुत्र महेन्द्र निवासी अजीजपुर थाना कायमगंज की बाइकें आपस में टकरा गई। विशाल बाइक लेकर बहनोई को छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। उसी दौरान अहिसकार, शिवेन्द्र, रिंकू ने उसकी बाइक रोककर उससे


घायल विशाल व अहिसकार

मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से अहिसकार ने बताया की रास्ते मे हल्की सी बाइक में टक्कर लगने से विशाल अपने साथियो के साथ आया और उसने मारपीट की। की पुलिस ने दोनो तरफ से विशाल व अहिसकार का मेडीकल परीक्षण करवाया।

## पुलिस ने चलाया महिला सशक्तिकरण अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में महिला कांस्टेबिल वैशाली, कांस्टेबिल उमेश शर्मा और अन्य पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम का संचालन किया। थाना चौराहे पर महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को रोककर आवश्यक जानकारियां दीं।

यह कार्यक्रम सरकार की महिला सशक्तिकरण मुहिम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इसके तहत पुलिस प्रशासन महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहा है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में महिलाओं, युवतियों, किशोरियों और छात्राओं को उनके अधिकारों से अवगत कराया जा रहा है। शमशाबाद थाना चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सरकार की महत्वाकांक्षी महिला सशक्तिकरण योजना के बारे में जागरूक करना था। उन्हें आपातकालीन नंबरों की जानकारी भी दी गई। सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई आपातकालीन नंबर जारी किए हैं, जो एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं। महिला पुलिसकर्मियों ने बताया कि यदि घर से बाहर या शहर में चलते समय कोई अराजकतत्व या मनचला परेशान करे या पीछा करे, तो घबराना नहीं चाहिए।


महिलाओं को पत्रक बांटती महिला कांस्टेबिल

हिम्मत से काम लेते हुए डायल 112 पर कॉल करके पुलिस की सहायता ली जा सकती है। पुलिस कुछ ही समय में मौके पर पहुंच जाएगी और परेशान करने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लेगी। यदि कोई मानसिक उत्पीड़न करता है, तो आपातकालीन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आवश्यक जानकारियों से संबंधित पत्रक भी वितरित किए गए।

## बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार दंपति समेत चार लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दो लोगों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जनपद कासगंज थाना बौरा क्षेत्र के ग्राम निदरोली निवासी अजय कुमार सिंह उम्र 25 वर्षीय पुत्र नारद सिंह अपनी पत्नी रुबी, बेटा कार्तिक उम्र 5 वर्ष और भतीजी आयना को बाइक पर बैठालकर अपनी रिश्तेदारी हरदोई हरपालपुर गया था। वहाँ से वापस अपने घर निदरोली लौटते समय जैसे ही वह ग्राम दलेलगंज के निकट पहुँचा, तभी उसकी बाइक में पीछे से आ रहे बुलेरो के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पति पत्नी, बेटा, भतीजी नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से चारों लोगों को 108 एंबुलेंस के ई-एमटी बृजपाल, पायलट विवेक कुमार ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर कार्तिक व अजय को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


घायल पिता-पुत्र

### घर से खेलने की बात कहकर गया किशोर लापता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन घर से खेलने की कहकर गया 14 वर्षीय बालक लापता हो गया। मां ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बबना निवासी माधुरी देवी पत्नी छविराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र शिवा जो की कल दोपहर घर से खेलने की कहकर गया था। तब से वह वापस नहीं लौटा। पीड़िता के बताए मुताबिक पुत्र की सभी जगह खोजबीन की और नाते रिश्तेदारियों में जानकारी की, लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। तब पीड़िता थाने आई और थाना पुलिस को अपने पुत्र के गायब होने की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# कुनाल, लकी, बीना, गायत्री ने खेलकूद प्रतियोगिता में मारी बाजी

## डीएन कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

डीएन पीजी कॉलेज फतेहगढ़ में द्वि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता उड़ान 2.0 का आयोजन किया गया। शुभारम्भ दिवस में मुख्य अतिथि काशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह एवं विशिष्ट अतिथि बद्री विशाल महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी व भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश एवं अतिथि के रूप में डॉ. के.एम. सचदेवा, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. मुकेश सिंह राठौर, डॉ. आलोक बिहारी लाल, डॉ.प्रियाँशु गुप्ता ने माँ वाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। छात्राओं ने माँ वाणी की वन्दना प्रस्तुत की। आये हुए अतिथियों का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम नरेश सिंह ने कार्यक्रम में आये हुए मुख्य विशिष्ट एवं अन्य अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं को खेल-कूद सम्बन्धी शपथ दिलाकर शुरुआत हुई। गत वर्ष के छात्र एवं छात्रा चैम्पियन द्वारा हाथ में मशाल लेकर क्रीड़ा मैदान का चक्कर लगाया। मार्च पास्ट किया गया। संचालन वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने किया। द्वि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राचार्य डॉ. राम नरेश सिंह व क्रीडा अध्यक्ष डॉ. पंचम कुमार ने आये हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम हेतु अतिथि प्रशिक्षक के रूप में आये निर्णायक मण्डल में कुलदीप कुमार, अभिषेक शाक्य एवं सपना यादव ने प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने में योगदान दिया।


दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं

कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा, रामभान सिंह सेंगर, योगेन्द्र कुमार सिंह, रणबीर सिंह, शिवम अवस्थी, हर्षित दीक्षित, कुलदीपक यादव, प्रशान्त कुमार, ओमप्रकाश सिंह, श्याम सुन्दर, देवेन्द्र शर्मा, विकास गौतम, श्रुति शरण, योगेन्द्र कुमार व खिलाड़ी छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। 100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग प्रतियोगिता में कुनाल सिंह राठौर प्रथम, लकी सिंह द्वितीय व विवेक सिंह तृतीय रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग में बीना यादव प्रथम, गायत्री शाक्य द्वितीय, मुस्कान सिंह सोमवंशी तृतीय रही। 200 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में लकी सिंह प्रथम, दिव्यांशु शाक्य द्वितीय, अंकुल कुमार तृतीय रहे। 200 मीटर छात्रा वर्ग में बीना यादव प्रथम, गायत्री शाक्य द्वितीय व मुस्कान सोमवंशी तृतीय रही। 400 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में लकी सिंह प्रथम, अर्पित द्वितीय, रुद्रप्रताप तृतीय रहे। 400 मीटर छात्रा वर्ग में बीना यादव प्रथम, गायत्री शाक्य द्वितीय व दिव्या कुमारी तृतीय रही। 5 हजार मीटर छात्र वर्ग में बृजेश प्रथम, लकी सिंह द्वितीय व दिव्यांशु शाक्य तृतीय रहे। लम्बी कूद में गायत्री प्रथम, कुनाल सिंह राठौर प्रथम, शाटपुट में अंकुल कुमार प्रथम, आरती प्रथम, डिस्कस थ्रो में अंकुल कुमार प्रथम, डिस्कस थ्रो दिव्या कुमारी प्रथम, जैवलिंग थ्रो में प्रशांत प्रथम, जैवलिंग थ्रो में आरती प्रथम रही।

# नि:शुल्क दिव्यांग तीन दिवसीय सहायता शिविर 12 फरवरी से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसएन साध ट्रस्ट के तत्वाधान में समाजसेवी चिकित्सक डॉ0 रजनी के संयोजन में नि:शुल्क दिव्यांग जन सहायता शिविर का आयोजन 12, 13 व 14 फरवरी को सेवा केन्द्र एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने होगा। सधवाड़ा स्थित पत्रकार वार्ता में ट्रस्ट के प्रमुख राकेश साध ने बताया कि शीघ्र ही एक नि:शुल्क अस्पताल का संचालन शुरू किया जाएगा, जिसमें सभी चिकित्साएं मुफ्त होंगी। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी से लगने वाले शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सुबोध वर्मा एवं नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखर सक्सेना स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा जरूरतमंदों को कान की मशीन, कैलीपर, बैसाखी, अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जायेंगे। तीनों दिन सुबह नौ बजे से दो बजे तक पंजीकरण होंगे। दिव्यांग जन जरूरी कागजात सहित आकर रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अगला कैंप 6 माह बाद आयोजित होगा। मूकबधिरों के लिए आपरेशन की व्यवस्था भी की जाएगी। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बताया कि दिव्यांग शिविर का पात्र लोग लाभ उठाये। दिव्यांगों की सेवा के लिए संस्था निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में अगर किसी दिव्यांग को उपकरण मिलता है और वह चलने की स्थिति में आता है और सबसे बड़ा परोपकार है। ऐसे कामों में सभी का सहयोग ही मार्गदर्शन देता है। इस अवसर पर समाजसेवी दीपिका त्रिपाठी, अमर साध, उदय बाथम, रोहित गर्ग, सुजीत उर्फछोटू, डॉ. सुबोध वर्मा व अन्य मौजूद रहे।


जानकारी देती गुंजा जैन

## खबरें एक नजर में

### क्रिश्चियन इं.का. में तीन दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर संपन्न


शिविर में गतिविधियां सीखते स्काउट छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्रिश्चियन इंटर कालेज में स्काउट शिविर के द्वितीय सोपान का समापन हुआ। शिविर 9 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित किया गया। स्काउट्स छात्रों को विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग दी गई। शिविर में छात्रों को लीडर ट्रेनर चमन शुक्ला, जिला संगठन कमिश्नर गाइड के द्वारा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। किस प्रकार से टेंट लगाना, बिना बर्तन खाना पकाना, फर्स्ट ऐड, गांठे लगाना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। 26 स्काउट छात्रों ने ट्रेनिंग ली। विद्यालय के स्काउट मास्टर राहुल मैसी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा अनुशासन के साथ शिविर को पूर्ण करने में सहायता की। प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें पूर्व में कई उदाहरण दिए जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्रों ने स्काउटिंग में प्रदेश स्तर पर विभिन्न पुरस्कारों को प्राप्त किया। इस अवसर पर गौरव एविल भी उपस्थित रहे।

### बीवीडीसी में खेलकूद प्रतियोगिता आज से


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व विद्यालय स्टाफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बद्री विशाल महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 12 व 13 फरवरी को आयोजित होगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी की देखरेख में खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न होगी।

### सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों हेतु विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य एवं लघु नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। म्यूजिकल चेयर में बॉयज में पीयूष कुमार सक्सेना एवं गर्ल्स में श्रेया मुखर्जी विजेता रहे। विद्यार्थियों को मिस्टर सीपीआई, मिस सीपीआई, हरक्यूलिस (क्रीड़ा उत्कृष्टता), कॉन्शियस (100 प्रतिशत उपस्थिति), वॉइस ऑफसीपीआई, क्रिएटिव टैलेंट एवं डिसिप्लिन जैसी उपाधियों से अलंकृत किया गया। हवन-पूजन भी संपन्न कराया गया। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन एवं परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उपनिदेशक अंजू राजे ने लक्ष्यनिष्ठ एवं आत्मविश्वासी बनने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं एवं जीवन की नई यात्रा हेतु शुभकामनाएँ प्रदान कीं। विदाई समारोह का आयोजन कक्षा 11 के छात्रों द्वारा किया गया। इस मौके पर नवीन शाक्य, अतुल श्रीवास्तव, पूरन श्रीवास्तव, सीके कटियार, उत्तम कुमार, जय शंकर, देवानंद राजपूत, नरेश कुमार, शिवानी मिश्रा, शिवा सिंह, संजीव द्विवेदी, लक्ष्मी यादव, अतुल मिश्रा, ज्योति प्रधान, संगीता सारस्वत आदि मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा के तहत विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक


नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में सड़क सुरक्षा माह फरवरी के अंतर्गत महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ ग्रहण एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन प्रभारी सड़क सुरक्षा डॉ0 वीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में हुआ। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने तथा इन नियमों से अपने आसपास, परिवार, निकट संबंधियों को जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह ने की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रथम क्रांतिकारी तिलका माझी की मनायी गई जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के महामंत्री शिवाजी कटियार के आवास कादरीगेट पर बैठक सम्पन्न हुई। मोर्चा द्वारा प्रथम क्रांतिकारी तिलका माझी के चित्र पर पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। तिलका माझी का जन्म 11 फरवरी 1750 को बंगाल के प्रेसीडेंसी के भागलपुर के गांव सुल्तानगंज में हुआ था। 1770 में जब भीषण अकाल पड़ा तो तिलका माझी ने अंग्रेजों का खजाना लूटकर गरीबों में बांट दिया। यहीं से उनका क्रांतिकारी अंग्रेजों के खिलाफ संचालन हुआ। हुलयानी, आदिवासियों का अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह शुरु हुआ। 1761 से 1784 तक तिलका माझी ने अंग्रेजों के खिलाफ लगातार संघर्ष किया। अंग्रेजों को नुकसान पहुंचाया। समुदाय के लोगों की मजदूरी की बजह से आखिरकार तिलका माझी को अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर पाया और तिलका माझी को 1785 में बरगद के पेड़ पर लटकाकर ब्रिटिश अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें फांसी दे दी। प्रथम क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी के रुप में अखण्ड भारत ने माना है। ऐसे युवा क्रांतिकारी को युवा बलिदानी से प्रेरणा लेनी चाहिए। बैठक में संस्थापक/अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा, शिवाजी कटियार, राजेश मिश्रा, संजीव गुप्ता, नरेश कुमार शर्मा, यशपाल सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, ठा. मुन्ना सिंह, डॉ. मेहंदी हसन, पृथ्वीनारायन आदि लोग मौजूद रहे।


गोष्ठी में मौजूद लोग

# लाइसेन्स आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में बुधवार को एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव, एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं बीडीओ राजेपुर सुनील कुमार जायसवाल ने एआरटीओ कार्यालय में ड्राईविंग लाइसेन्स के टेस्ट देने हेतु आये हुये आवेदकों तथा विभागीय कार्य से आये हुये अन्य आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में 48 व्यक्तियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि माह दिसम्बर 2025 तक जनपद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं। जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि दिसम्बर 2024 तक जनपद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं, जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार वर्ष 2025 में दुर्घटनाओं की संख्या में 25.64 प्रतिशत तथा मृतकों की संख्या में 33.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एआरटीओ-प्रशासन कृष्ण कुमार यादव ने आवेदकों को जागरूक किया। बीडीओ राजेपुर सुनील कुमार जायसवाल द्वारा भी सभी को सुरक्षित यातायात के नियम बताये गये। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई तथा सड़क सुरक्षा साहित्य का वितरण किया गया।


आवेदको को शपथ दिलाते एआरटीओ

## वर्ल्ड वेटलैंड दिवस पर एनसीसी कैडेट्सों ने किया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज के एनसीसी कैडेट्स ने वर्ल्ड वेटलैंड दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम कुबेरपुर स्थित तालाब पर वृक्षारोपण किया। एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर डॉ. विपिन सिंह ने बताया कि ये प्राकृतिक जलाशय है, जो वर्षा का पानी संचित करते हैं। अतिक्रमण और शहरीकरण से वेटलैंड सिकुड़ रहे हैं। प्रदूषण और प्लास्टिक से इनकी गुणवत्ता घट रही है। जागरुकता की कमी से संरक्षण कार्य धीमा है। इस वर्ष वर्ल्ड वेटलैंड दिवस की थीम आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञान: सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, जो आर्द्रभूमि, लोगों और संस्कृति के बीच गहरे और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। दलदली भूमि स्पंज की तरह काम करती हैं। भारी वर्षा के समय अतिरिक्त पानी को सोख लेती हैं और सूखे के समय इसे धीरे-धीरे छोड़ती हैं। समुद्री घास के मैदान और मैंग्रोव की जड़ें समुद्री जल से अशुद्धियों और खारेपन को दूर करती हैं। इस अवसर पर डॉ. सत्यनारायण सिंह तथा डॉ. अरविंद कुमार भी मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर किया गया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कादरीगेट रोड स्थित एक सभागार में जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य वक्ता जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे व क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव गुप्ता रहे।

जिला प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संघर्ष और समर्पण ही भाजपा को आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने का आधार है। एकात्मक मानववाद के मंत्र को लेकर भाजपा सरकार की जनहित ऐसी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास का जो सपना देखा था, उस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने साकार करने का कार्य किया है। क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा भाजपा आज अपनी विचारधारा के कारण सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, भारत माता को आराध्या मानकर देश को अखंड बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है, सरकार के माध्यम से जनकल्याण के ऐतिहासिक फैसला हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भाजपा सरकार के विकास का असली पैमाना अंत्योदय है, यानी कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण जिसे वर्तमान केंद्र सरकार धरातल पर उतार रही है।

संचालन डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर कुलदीप गंगवार, डॉ. भूदेव सिंह राजपूत, प्रभात अवस्थी, हेमचंद्र राजपूत, वीरेंद्र सिंह राठौड़, अनिल राजपूत, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, ममता सक्सेना, रश्मि दुबे, अमरदीप दीक्षित, विकास पांडे, राजकुमार वर्मा, संतोष राजपूत, जय गंगवार, गुरु चरण आजाद, राहुल राजपूत, डॉ. धर्मेंद्र राजपूत, शिवांग रस्तोगी, डॉ. उदय प्रताप सिंह, मयंक सिंह बुंदेला, अंकित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।


गोष्ठी में मौजूद भाजपा नेता

# जनपद में जागरूकता ला रहा पॉलीटेक्निक चलो अभियान


प्रवेश की जानकारी लेती छात्रायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित पॉलीटेक्निक चलो अभियान जनपद में बड़े स्तर पर पर प्रचारित किया जा रहा है। पॉलीटेक्निक में प्रवेश लेने के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र 15 जनवरी से लेकर 30 अप्रैल तक भरे जाएंगे। यह आवेदन पत्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन माध्यम से भरे जाएंगे। जनपद के दो राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में अभ्यर्थी सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल डिजाइन प्रिंटिंग, पीजीडीसी इत्यादि पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे।

राजकीय पॉलीटेक्निक कायमगंज (पीपीपी) के शिक्षकों ने जनपद के विभिन्न इण्टर कॉलेजों एवं महाविद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को पॉलीटेक्निक में प्रवेश लेने के लिए जागरूकता अभियान के माध्यम से जागरूक किया। राजेपुर व शमसाबाद विकासखंड में अनुराग त्रिपाठी, नवाबगंज में शिखा सिंह, मोहम्मदाबाद व कायमगंज में कल्याणी सिंह, बढ़पुर व कमालगंज विकास खंड के संस्थानों में विशाल श्रीवास्तव ने अभियान चलाकर जागरूक किया। विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज में स्थापित जीकप हेल्प डेस्क के माध्यम से सभी छात्र छात्राएं आसानी से संयुक्त प्रवेश परीक्षा के फॉर्म भरवा सकते हैं।

# स्वयं सेवकों ने निकाली मद्य निषेध जागरुकता रैली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में द्वितीय दिवस पर दिन की शुरुआत योग अभ्यास, सरस्वती पूजन व एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ किया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकाल कर ग्रामीणों को मद्य निषेध के प्रति जागरूक किया। शिविर की मुख्य थीम मेरा भारत, मेरा वोट थी। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने मुख्य मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता पद रैली निकालकर विभिन्न नारों जैसे सब काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, आओ मिलकर अलख जगाए शत-प्रतिशत मतदान कराएं। द्वितीय बौद्धिक सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर अरविंद कुमार ने कहा कि स्वच्छता मानव सामाजिक जीवन का मूल आधार है। जो समाज स्वच्छता के प्रति जितना जागरूक और संवेदनायुक्त होता है, वह समाज उतना ही स्वस्थ और बेहतर होता है। स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिये हर एक को यह आदत बनानी चाहिये। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है।



रैली में भाग लेते स्वयं सेवक

## घोड़ा नखास में उर्स का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला घोड़ा नखास स्थित अजहर हुसैन के आवास पर हज़रत मौलाना फजले रहेमा और भोले मियां गंजमुरादाबादी रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक पूरे अकीदत और रूहानियत के साथ मनाया गया। हुज़ूर मोहम्मद मियां साहब क़बिला सज्जादा नशीन ख़ानकाहे आलिया हजरत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया लोको फतेहगढ़ ने सरपरस्ती में मनाया गया। बाद नमाजे जोहर कुरान खानी और नात ऐ पाक का हुआ। जिसमें बेहतरीन नात खान नाते पाक पेश की और बाद नमाजे असर शाह मोहम्मद वसीम उर्फमोहम्मद मियां साहब ने कुल शरीफकी नजर पेश की गई। फरहान खान व फरहान सबरी ने नात पेश की। अकीदतमंदों ने अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम दिया। लंगर का एत्माम किया गया। हर तबके के लोग एक साथ बैठे, यही बाबा फजले रहमां की असली तालीम पर जोर दिया। रफत हुसैन, अकबर हुसैन ने महमानों को लंगर तकसीम किया। इस मौके पर शोएब अत्तारी, हाजी अकरम, हाजी असद फरहत हुसैन, तनवीर खान, मोहम्मद इमरान, फैसल खान, सुलेमान रहमान मौजूद रहे।

# परीक्षा पे चर्चा: हिन्दी विषय में राइटिंग से अच्छे अंक मिलते है


अनुपम शर्मा, प्रवक्ता-हिन्दी


राधा देवी, स0 अध्यापिका-हिन्दी


नैन्सी कुशवाहा, छात्रा


गौतम शाक्य, छात्र


करण बाथम, छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा में अच्छे अच्छे अंक लाने के लिए लेखन कौशल, साफ सुथरा होना चाहिए। दयानंद इंटर कालेज अमृतपुर के हिन्दी प्रवक्ता अनुपम शर्मा ने बताया कि छात्र अपनी लेखनी के साथ-साथ हिन्दी साहित्य के प्रश्नों को अच्छे ढंग से याद करें। साथ ही व्याकरण के अन्तर्गत रस, छन्द, अलंकार, प्रत्यय, समक्ष सन्धि के टापिकों को अच्छे से अभ्यास करें, जिससे बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक आये।

सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका राधा देवी ने बताया कि विद्यार्थी परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए लिखित अभ्यास व एकाग्रचित्त होकर पढ़ने का प्रयास करें पुस्तकों में विस्तृत व्याख्या एवं संपूर्ण सार होता है जो की मॉडल या उत्तर कुंजी में नहीं होता, इसलिए परीक्षाओं में पुस्तकों से ही ज्यादा से ज्यादा पढ़ाई करें। मोबाइल या अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से पढ़ने का प्रयास न करें।

सिटी गर्ल्स इंटर कालेज कक्षा 12 की छात्रा नैन्सी कुशवाहा ने बताया कि विद्यालय में हिन्दी विषय में जो भी पढ़ाया गया, उसे मैं घर पर लिख-लिखकर रिवीजन करती हूं। हिन्दी में प्रमुख हेडिंग व लेखन होता है। जिससे अच्छे अंक प्राप्त होते है। जीवन परिचय लिखते समय सन् व पुरुस्कारों को जरुर लिखे। साथ ही निबंध, कहानी, खण्ड काव्य को प्रश्नों के उत्तर क्रमबद्ध लिखने से अच्छे अंक प्राप्त होते है।

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज कक्षा 10 के छात्र गौतम शाक्य ने बताया कि हिंदी शिक्षक का अध्यापन अत्यंत प्रभावी रोचक और विद्यार्थियों की समझ के अनुकूल है।

वे पाठ को केवल पढ़ाते ही नहीं, बल्कि उसके भाव, भाषा और संदर्भ को भी स्पष्ट करते हैं। व्याकरण तथा लेखन कौशल पर विशेष ध्यान देते हैं। कठिन अंशों को सरल उदाहरणों से समझाते हैं और छात्रों को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करते हैं।

मोहन लाल शुक्ला आदर्श वि0 इंटर कालेज कक्षा 12 के छात्र करण बाथम ने बताया कि हिंदी विषय में बहुत अच्छी तैयारी के साथ याद कर कर परीक्षा देना चाहिए, हिंदी लेखकों की जीवनी को कंठस्थ करना चाहिए, तथा बहुविकल्पी प्रश्नों पर भी पूरा ध्यान देना हमारे गुरुजनों ने बताया है। लेखन सदैव अच्छा लिखना चाहिए, क्योंकि राइटिंग के भी नंबर हिंदी विषय में जोड़ते हैं, हिंदी व्याकरण से संबंधित प्रश्न महत्वपूर्ण है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बरझाला वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांक:मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 11/02/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत बरझाला विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/02/2026 से दिनांक 18/02/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 18/02/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 12/02/2026 से दिनांक 18/02/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | हरिश्चन्द्र के घर से बादशाह के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 4,55,660 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (मुन्नीदेवी) ग्रा0पं0 बरझाला, वि0ख0 शमशाबाद सचिव (विवेक कुमार)

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक:-865/न0पं0-टेण्डर नोटिस/2025-26/शमसाबाद दिनांक 10 फरवरी, 2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)**

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों (नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों) में अवस्थित सांस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं का विकास हेतु **"वंदन योजना"** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 13/02/2026 से 09/03/2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध है जो कि वेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 09/03/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमां करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 13.02.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 09.03.2026 2:00 बजे | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

जोया शाह
अध्यक्ष
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद फर्रुखाबाद

## पतले मफलर से लटका मिला शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

# पेड़ की डाल से लटकता मिला युवक का शव, हत्या या आत्महत्या? जांच में जुटी पुलिस

- गिरे पेड़ की डाल से मफलर के सहारे लटका मिला 21 वर्षीय युवक का शव
- दोनों पैर जमीन से लगे होने पर हालात संदिग्ध नजर आए
- परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को दी तहरीर
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा



**समृद्धि न्यूज़, बेलरायां खीरी।** कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र की पुलिस चौकी बेलरायां अंतर्गत भूलनपुर गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ की डाल से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर मामले के खुलासे की मांग की है।

जानकारी के अनुसार भूलनपुर गांव निवासी प्रांजुल वर्मा (21) पुत्र लवकेश वर्मा उर्फ पप्पू का शव गुरुवार सुबह गांव के उत्तर दिशा में स्थित बाग में मिला। ग्रामीणों ने बताया कि बंगाली बाबू के घर के पीछे आम के एक गिरे हुए पेड़ की डाल से युवक का शव पतले मफलर के सहारे लटका हुआ था। पेड़ की डाल जमीन से काफी नीचे थी और युवक के दोनों पैर जमीन को छू रहे थे, जिससे घटना और अधिक संदिग्ध प्रतीत हो रही है। सुबह शौच व खेत की ओर गए ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाए जाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पाकर कोतवाली तिकुनिया पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना के बाद से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं, वहीं पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

## पीएम श्री विद्यालयों के 60 विद्यार्थियों का लखनऊ में शैक्षिक भ्रमण, मिला व्यवहारिक ज्ञान

### आंचलिक विज्ञान केंद्र में विज्ञान से रूबरू हुए निघासन के छात्र

**निघासन (खीरी)।** ब्लॉक निघासन के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय पचपेड़ी एवं बल्लीपुर के करीब 60 छात्र-छात्राओं ने बुधवार को लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडलों, प्रयोगों और सिद्धांतों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। विज्ञान केंद्र में छात्रों ने अंतरिक्ष विज्ञान, ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों, प्रकाश एवं ध्वनि के सिद्धांतों तथा आधुनिक तकनीकी उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी हासिल की। रोचक प्रयोगों और लाइव डेमोंस्ट्रेशन ने बच्चों में खासा उत्साह पैदा किया। कई विद्यार्थियों ने स्वयं प्रयोग कर उनके परिणामों को समझा, जिससे उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और वे किताबों तक सीमित न रहकर विषय को व्यवहारिक रूप में समझ पाते हैं। इससे उनकी जिज्ञासा बढ़ती है और सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है।



## खबरें एक नजर में

### गन्ना लेकर क्रेशर जा रही डबल ट्रॉली पलटी, चालक बाल-बाल बचा

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ (खीरी)।** थाना भीरा क्षेत्र के मलूकापुर मोड़ पर बुधवार शाम करीब छह बजे गन्ना लेकर दाऊदपुर क्रेशर जा रही डबल ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार भीरा निवासी किसान करतार सिंह गन्ना भरी डबल ट्रॉली ट्रैक्टर से जोड़कर दाऊदपुर क्रेशर जा रहे थे। मलूकापुर के तीव्र मोड़ पर अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ट्रैक्टर सहित दोनों ट्रॉलियां सड़क किनारे पलट गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि ट्रैक्टर व ट्रॉली को नुकसान पहुंचा है। कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति सामान्य कराई।

### बाइक सवार सफाईकर्मी गिरकर घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ददरी बांध के पास बुधवार की दोपहर बाइक सवार सफाईकर्मी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल सफाईकर्मी को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी 40 वर्षीय समरनाथ दुबे ग्राम पंचायत सहजी में सफाईकर्मी के पद पर तैनात है। बाइक से अपने रिश्तेदार के यंहा कार्यक्रम से वापस घर लौट रहे थे की जैसे ही ददरी बांध के पास पहुँचे की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल सफाईकर्मी को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रीना पटेल ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्ज़ापुर के लिए रेफर कर दिया है।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को दी जानकारी



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक के निर्देश पर चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु मिशन शक्ति टीम हलिया द्वारा सुदूर क्षेत्र बैधा व प्राथमिक विद्यालय व्यौगुना में बुधवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व सुनील कुमार महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में प्रभारी एसआइ रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, सुनील कुमार, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर रही। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए, शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

### अदलहाट गरौड़ी चौराहे पर फिर बरपा काल का कहर बाल-बाल बचा हिंडाल्को मैनेजर का परिवार

**अदलहाट (मिर्ज़ापुर)।** वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर स्थित गरौड़ी चौराहा अब राहगीरों के लिए ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। बुधवार को एक बार फिर यहाँ एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें हिंडाल्को के एक अधिकारी का परिवार मौत के मुंह से बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, हिंडाल्को (रेणूकूट) में मैनेजर के पद पर कार्यरत अजीत कुमार सिंह अपने परिवार के साथ मारुति कार से वाराणसी से सोनभद्र की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार अदलहाट थाना क्षेत्र के गरौड़ी चौराहे पर पहुंची, एक अनियंत्रित ट्रक ने बगल से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं और उन्हें केवल मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को राहत पहुंचाई गई। गरौड़ी चौराहा केवल राहगीरों के लिए ही नहीं, बल्कि स्कूली बच्चों के लिए भी फांस बना हुआ है। इस चौराहे के ठीक पासनवज्योति इंटर कॉलेज, मदरसा इंटर कॉलेजप्राथमिक विद्यालय जो गरौड़ी मे स्थित हैं। तथा रोजाना सैकड़ों बच्चे इसी व्यस्त सड़क को पार कर विद्या संसार पब्लिक स्कूल कौड़िया कला, इडेन इंग्लिश स्कूल गरौड़ी अदलहाट सनबीम स्कूल नारायणपुर तथा अन्य स्कूल जाते हैं। भारी वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार के बीच बच्चों का सड़क पार करना किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। गौर करने वाली बात यह है कि मात्र दो दिन पहले ही इसी चौराहे पर एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान जा चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से गति सीमा नियंत्रण या सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। यह चौराहा अब दुर्घटना बिंदु बन चुका है। यहाँ जो स्पीड ब्रेकर बना था खराब हो चुका है तत्काल स्पीड ब्रेकर को सही किया जाये तथा तथा दुर्घटना बाहुल्य जोन घोषित किया जाए और स्कूल के समय पुलिस पिकेट तैनात करने की जरूरत है, ताकि मासूम बच्चों और राहगीरों की जान बचाई जा सके।

### कलियुग में अमृत के समान है भागवत कथा : पं. अवधेश कुमार शुक्ल

#### कथा के समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के धसड़ाराजा में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा के समापन अवसर पर बुधवार को भंडारा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रयागराज से आए जाने-माने कथा वाचक पंडित अवधेश कुमार शुक्ल ने कहा कि कलियुग में भागवत कथा अमृत के समान है। भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के सारे पापों का नाश हो जाता है। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को हवन, पूजन किया गया था। इसके उपलक्ष्य में बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया।

## चतुर्थ श्री विष्णु, लक्ष्मी महायज्ञ व रासलीला का हुआ शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज़, ओयल खीरी।** ओयल कस्बे से सटे गांव पंयोरा में वीर बाबा स्थान नहर पुल के पास विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री विष्णु माँ लक्ष्मी महायज्ञ एवं रासलीला का आयोजन प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन सदर विधायक योगेश वर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा ,महंत अर्जुन सिंह (उदासीन आश्रम) द्वारा फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम के दौरान विधायक योगेश वर्मा,आयोजनकर्ता प्रधान उमेश वर्मा द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया गया। कार्यक्रम के सम्बंध में आयोजनकर्ता प्रधान प्रतिनिधि उमेश वर्मा ने बताया कि अबकी बार चतुर्थ श्री विष्णु,लक्ष्मी महायज्ञ एवं रासलीला का आयोजन दिनांक 10 फरवरी से कलश यात्रा वीर बाबा स्थान से गौरी शंकर बाबा मंदिर हरगांव से कलश भरकर प्रारम्भ हुई साथ ही यह कार्यक्रम 10 फरवरी प्रारम्भ से 16 फरवरी को पूर्णाहुति भंडारे के पश्चात सम्पन्न होगी। उपरोक्त दिवसों में रामलीला मंचन प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक एवं रासलीला प्रतिदिन रात्रि 08 बजे से 12 बजे तक आयोजित रहेगी।

## समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

### सहकारी बैंक सभागार में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके विचारों को बताया आज भी प्रासंगिक

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** जिला सहकारी बैंक सभागार में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें निष्काम कर्मयोगी, महान चिंतक और अंत्योदय के प्रणेता के रूप में याद किया। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री मणिन्द्र पांडे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का जो अंत्योदय सिद्धांत दिया, वह आज भी मार्गदर्शक है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन आमजन, गरीब, किसान और गांवों के विकास के लिए समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि राजनीति सेवा का माध्यम है, न कि धन अर्जित करने का साधन। वे गांवों को आत्मनिर्भर और नेतृत्व को संवेदनशील देखना चाहते थे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता समाजसेवी राजेश दीक्षित ने एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर



प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं होगा, तब तक समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उपाध्याय जी ने समग्र विकास की अवधारणा में 'धर्म मत' को भी जोड़ा, जो समाज और राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ने कहा कि दीनदयाल जी का जीवन त्याग, तपस्या और उच्च राजनीतिक आदर्शों का प्रतीक रहा। उन्होंने राजनीति में शुचिता और सिद्धांतों को सर्वोपरि रखा। भाजपा आज भी उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा का कार्य कर रही है। जिला संयोजक एवं महामंत्री आशू मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम का समापन करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा का विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनना पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की ही देन है। पार्टी उनके सिद्धांतों को लेकर समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी का संचालन सहसंयोजक उमेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सहसंयोजक अजय अवस्थी, विनय गुप्ता 'चीकू', महिला आयोग सदस्य सुजाता कुमारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, महामंत्री रामजी मौर्य, जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष देवदत्त चढ़ा, अंकित अवस्थी, नखहा मंडल अध्यक्ष बृजेश शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नकहा ब्लॉक में डीएम का औचक निरीक्षण, अभिलेखों से लेकर योजनाओं तक खंगाली व्यवस्था

- फाइलों की इंडेक्सिंग दुरुस्त कराने के निर्देश, लापरवाही पर सख्त रुख
- विकास धनराशि खर्च न करने वाली 10 ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी करने के आदेश

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



बुधवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास खंड नकहा का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों की स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन और कार्यालय व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रिकॉर्ड प्रबंधन और योजनाओं के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण की शुरुआत पीएम आवास, स्थापना एवं आवास पटल से की गई। डीएम ने स्वयं अलमारियाँ खुलवाकर अभिलेखों का अवलोकन किया और प्रत्येक फाइल की प्रॉपर इंडेक्सिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दस्तावेजों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर विशेष जोर दिया। इस दौरान नियमित, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका भी खंगाली गई। कार्यालय परिसर में शौचालय व्यवस्था और आधार सेवा काउंटर की कार्यप्रणाली भी परखी गई। गोढ़ी मजरा के नन्हें अर्नित (3) और विधि (5) का आधार नामांकन कराया जाता मिला। अभिभावकों से पूछताछ में पुष्टि हुई कि कोई शुल्क नहीं लिया गया। जिन सेवाओं पर निर्धारित शुल्क देय है, उसका डिस्प्ले भी मौके पर प्रदर्शित मिला, जिस पर डीएम ने संतोष जताया। एसआईआर फीडिंग काउंटर पर ऑपरेटर दिव्यांशु कार्य करते पाए गए। डीएम ने नोटिस और संबंधित अभिलेखों की बारीकी से जांच की तथा मौके पर की जा रही फीडिंग का मिलान भी कराया। इसके बाद उन्होंने एनआरएलएम कक्ष का निरीक्षण कर स्वयं सहायता समूहों, रिवॉल्विंग फंड, सीआईएफ और समूहों की सक्रियता की जानकारी ली। समूहों की संख्या, वित्तीय स्थिति और गतिविधियों की प्रगति पर भी नजर डाली। निरीक्षण के क्रम में ब्लॉक परिसर में संचालित विभिन्न पटलों, कार्यालयों और मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया गया।

बाद में बीडीओ कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित कर स्थापना, बजट, स्टोर, स्टाफ की उपलब्धता, पीएम एवं सीएम आवास योजनाओं की प्रगति तथा कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं की जांच की गई।

## दिव्यांगजन प्रमाण पत्र की सुविधा के लिए सप्ताह में दो दिन लगेगा कैंप : सीएमओ

**समृद्धि न्यूज़, ओयल-खीरी।** जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल खीरी में दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए विगत कई वर्षों से प्रत्येक माह सोमवार को विशेष कैंप का आयोजन किया जाता रहा है परंतु सप्ताह में केवल एक दिन कैंप लगने के कारण सोमवार को दिव्यांगजनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती थी, जिससे कई जरूरतमंद दिव्यांग भाई-बहनों को इंतजार करना पड़ता था और कई लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। दिव्यांगजनों की इस परेशानी को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने संवेदनशील निर्णय लिया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब दिव्यांगजन पहचानपत्र कैंप सप्ताह में दो दिन आयोजित किया जाएगा। यह कैंप प्रत्येक सोमवार के साथ-साथ अब हर ब्रहस्पतिवार को भी लगाया जाएगा। इससे भीड़ का दबाव कम होगा और दिव्यांगजनों को अधिक सहज, सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण में अपना पहचानपत्र बनवाने का अवसर मिलेगा। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिलना चाहिए। इसी उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी दिव्यांगजन को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए दिव्यांगजनों को स्वावलम्बी पोर्टल पर अपना पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) ऑनलाइन करना होगा। इसके बाद वे सोमवार या ब्रहस्पतिवार, दोनों में से किसी भी एक दिन दिव्यांग बोर्ड के समक्ष अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पहचानपत्र बनवा सकते हैं। इस नई व्यवस्था से दिव्यांगजनों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें समय पर पहचानपत्र उपलब्ध हो सकेगा।

## छोटकऊ कोल की हत्या का हो खुलासा

### खुलासा न होने पर सपा उतरेगी सड़क पर : देवी प्रसाद चौधरी



**समृद्धि न्यूज़, मिर्ज़ापुर।**

छोटकऊ कोल की हत्या का खुलासा की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर वस्तु स्थिति की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा देवहट गांव निवासी का शव शहजनवा जंगल में 27 जनवरी को पाया गया था। उसके शव को गड्ढे में दफनाया गया था। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लालगंज अमर बहादुर सिंह ने कहा कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा किया जायेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि खुलासा न होनेपर समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरने के लिये बाध्य होगी।

इस अवसर पर संतोष गोयल, रविन्द्र कोल, सियाराम जैसल, आदर्श यादव, झल्लू यादव, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, संदेश यादव, रामप्यारे गौड़, विरेन्द्र यादव, राममिलन यादव आदि मौजूद रहें।

## गोला नगर में खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान शोभा यात्रा, श्याम भक्तों का उमड़ा सैलाब

- जयकारों से गूंजा पूरा नगर, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।**

गोला नगर में श्री श्याम दीवाने सेवा समिति के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान शोभा यात्रा इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास, भक्ति और धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित श्याम भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण



में सराबोर हो गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ नीलकंठ मैदान से हुआ। यहां मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने विधि-विधान से बाबा खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार कर पूजन-अर्चन एवं आरती संपन्न कराई। इसके बाद बाबा की मनमोहक छवि से सुसज्जित रथ को श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच रवाना किया गया। रथ के आगे-पीछे सैकड़ों की संख्या में भक्त अपने-अपने निशान (ध्वज) लेकर चल रहे थे और भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते हुए बाबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहे थे। यात्रा जैसे-जैसे नगर के विभिन्न मार्गों से होकर आगे बढ़ी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंचता गया। 'हारे के सहारे ', 'लखदाता की जय हो' और 'खाटू श्याम बाबा की जय' के गगनभेदी नारों से पूरा गोला नगर गुंजायमान हो उठा। जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई। निशान यात्रा नगर के मिल डायवर्जन से विकास चौराहा होते हुए खुटार रोड सहित प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई कंजा बाबा देवस्थान स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन हुआ।

## छात्रा बनीं स्पेशल मानिटर, परखी बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता

- बच्चों से पूछे सवाल, बच्चों ने बेंच, अतिरिक्त कक्ष और खेल मैदान की किया मांग
- कागज पर विद्यालय चलने की शिकायत पर बीएसए को जांच का दिया निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्पेशल मानिटर डॉ पूनम मलकोंडिया ने बुधवार को क्षेत्र के महुगढ़ गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। बच्चों के बीच छात्रा बनी स्पेशल मानिटर ने विद्यालय में पढ़ रही छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता की परख की। कक्षा सात की छात्रा निशा से अंग्रेजी विषय की किताब पढ़ने के लिए कहा तो छात्रा ने किताब पढ़कर सुनाया। शब्दों का सही उच्चारण करने पर स्पेशल मानिटर ने छात्रा की पीठ थपथपाई। वहीं कक्षा की आठ की छात्राओं से कृषि आधारित चार उद्योगों का नाम पूछा तो छात्राएं सही जवाब नही दे सकी। जिसपर स्पेशल मानिटर शिक्षक की भूमिका में नजर आई और छात्राओं को सही जवाब बताया। स्पेशल मानिटर ने, कंप्यूटर कक्ष, रसोई कक्ष, व आवासीय परिसर का निरीक्षण किया और प्रधानाध्यापिका विभा सिंह को छात्राओं की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने और खेलकूद पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। स्पेशल मानिटर ने प्राथमिक विद्यालय छतरिहा का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया।

## वाहन के टक्कर से बाइक डिवाइडर से टकराई, बीटेक छात्र समेत दो की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बसही कला गांव में स्थित वाराणसी रीवा हाईवे पर बुधवार की सुबह नौ बजे के करीब अज्ञात वाहन के चपेट आने से युवक समेत दो लोगों की मौत हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जहां मौजूद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के परसिया गांव के निवासी 26 वर्षीय दिलीप कुमार मिश्र अपने रिश्तेदार 70 वर्षीय आनंद प्रसाद तिवारी कोरांव थाना के नथऊपुर गांव जिला प्रयागराज के निवासी के साथ लगभग सुबह नौ बजे मिर्जापुर के भुईली गांव में स्थित रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहे थे। थाना क्षेत्र के बसही कला गांव में किसी अज्ञात वाहन के टक्कर के बाद बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।परसिया गांव के चंद्रमणि मिश्रा के तीन पुत्रों में सबसे छोटा दिलीप कुमार अविवाहित था और लखनऊ से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के नथऊपुर गांव के आनंद तिवारी को एक पुत्र और पांच पुत्रियां सभी की शादी विवाह कर चुके हैं। मृतक आनंद तिवारी के जीजा नंदौली पटेहरा गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र ने बताया की दोनों लोग मीरजापुर के भुईली गांव में स्थित रिश्तेदारी में शादी मे शामिल होकर लौट रहे थे।

### अपहरण कर जान से मारने की धमकी देने वाले चार के विरुद्ध एसपी व सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुइया कला गाँव निवासी एक व्यक्ति ने बुधवार को सीएम पोर्टल पर चार नामजद लोगों के विरूद्ध मारपीट करने व अपहरण कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के सुइया कला गाँव निवासी अश्वनी कुमार ने बुधवार को सीएम पोर्टल पर शिकायत की है कि मिर्जापुर कचहरी गेट नंबर दो अधिवक्ता के चेम्बर के पास अपने मुकदमे की तारीख सोमवार को देखने गया था की एकाएक चार की संख्या में लोग पहुचे और मारपीट करने लगे हल्ला गुल्ला सुन कुछ वकीलों के पहुचने पर अपहरण कर दो घंटे में जान से मारने की धमकी दिया है।